रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 29 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-337 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मुर्मु की कोल्हापुर यात्रा भीषण बाढ़ के कारण रद्द



**कोल्हापुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले का एक दिवसीय दौरा बाढ़ की भीषण स्थिति के कारण स्थगित कर दिया गया। जिला प्रशासन के अनुसार, जिले में भारी बारिश के बाद आयी भीषण बाढ़ की स्थिति के कारण राष्ट्रपति का दौरा स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुर्मु को जिले की पन्हाला तहसील के वर्णनगर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होना था। गौरतलब है कि राष्ट्रपति कार्यालय का एक मेल जिला प्रशासन को प्राप्त हुआ है, जिसमें पुनर्निर्धारित यात्रा योजना प्रदान की गई है। राष्ट्रपति के अब सितंबर के पहले सप्ताह में कोल्हापुर का दौरा करने की संभावना है।

### जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की

**टोक्यो।** क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया) में शामिल देशों विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए जापान की राजधानी टोक्यों पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने कहा, टोक्यो में ब्लिंकन से मिलकर बहुत अच्छा लगा।हमारा द्विपक्षीय एजेंडा लगातार आगे बढ़ रहा है। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा हुई।

### धन उगाही करता मिला पुलिसकर्मी तो होगी कठोर कार्रवाई : डॉ शर्मा



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा ने कहा है कि पुलिस कर्मियों की संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाए। उन्होंने आगाह किया कि यदि कोई पुलिस कर्मी कहीं पर भी धन उगाही करता मिला, तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बलिया में बिहार की सीमा पर स्थित भरौली चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों के धन उगाही करने का मामला सामने आने के बाद पुलिस कर्मियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने की हिदायत दी गई है।

# 70 प्रतिशत बाघ भारत में, संख्या हर वर्ष बढ़ रही है : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व बाघ दिवस की पूर्व संध्या पर कहा है कि भारत में बाघों के संरक्षण के लिए इस समय अभूतपूर्व प्रयास चल रहे हैं और देश में प्रति वर्ष इस वन्य प्राणी की संख्या बढ़ रही है। मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो संबोधन- मन की बात में कहा कि विश्व में 70 प्रतिशत बाघ भारत में पाए जाते हैं और और यह प्राणी भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है और देश में वनों के आस पास के गावों में लोगों को पता रहता है कि बाघों के साथ ताल मेल बिठा कर कैसे रहना है। उन्होंने इस संदर्भ में रणथम्भौर (राजस्थान), महाराष्ट्र का तादोबा-अंधेरीबाघ अभयारण्य,आंध्र प्रदेश में नल्लामलाई की पहाड़ियों पर रहने वाली 'चेन्चू' जनजाति और पीलीभीत में चल रहे 'बाघ मित्र कार्यक्रम' का विशेष रूप से उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, कल दुनिया भर में बाघ दिवस मनाया जाएगा। भारत में तो 'बाघ', हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। हम सब बाघों से जुड़े किस्से-कहानियाँ सुनते हुए ही बड़े हुए हैं। जंगल के आसपास के गाँव में तो हर किसी को पता होता है कि बाघ के साथ तालमेल बिठाकर कैसे रहना है। हमारे देश में ऐसे कई गाँव है, जहां इंसान और बाघ के बीच कभी टकराव की स्थिति नहीं आती। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि जन-भागीदारी बाघों के संरक्षण में बहुत काम आ रही है। ऐसे प्रयासों की वजह से ही भारत में बाघों की आबादी हर साल बढ़ रही है। आपको ये जानकर खुशी और गर्व का अनुभव होगा कि दुनियाभर में जितने बाघ हैं ,उनमें से 70 प्रतिशत बाघ हमारे देश में हैं और देश के अलग-अलग हिस्सों में कई बाघ अभयारण्य हैं। मोदी ने कहा कि भारत में जहाँ भी बाघ और मानव में टकराव की स्थिति आती है, वहाँ बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस काम में जन भागीदारी प्रोत्साहित की जाती है और राजस्थान के रणथंभौर जिले में कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान इसका एक नमूना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रणथंभौर का कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान बहुत दिलचस्प है। स्थानीय समुदायों ने स्वयं इस बात की शपथ ली है कि जंगल में कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे और पेड़ नहीं काटेंगे। इस एक फैसले से यहाँ के जंगल, एक बार फिर से हरे-भरे हो रहे हैं, और बाघों के लिए बेहतर वातावरण तैयार हो रहा है। मोदी ने महाराष्ट्र के तादोबा-अंधेरीबाघ अभयारण्य के आस पास के समुदायों, विशेषकर गोंड और माना जनजाति के लोगों द्वारा ईको-टूरिज्म (नैसर्गिक पर्यटन) के कार्य की ओर तेजी से प्रगति का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि इससे वहां के समुदायों की जंगल पर अपनी निर्भरता को कम हुई है और बाघों को विचरण का अधिक मौका मिला है। उन्होंने इसी तरह आंध्र प्रदेश में नल्लामलाई की पहाड़ियों पर रहने वाली 'चेन्चू' जनजाति के प्रयास का भी उल्लेख किया जो 'टाइगर ट्रैकर' के तौर पर जंगल में वन्य जीवों की गतिविधियों की हर जानकारी जमा की है और वे क्षेत्र में, अवैध गतिविधियों की निगरानी भी करते रहे हैं।



### 'मां के नाम एक पेड़' के तहत इंदौर में एक दिन में दो लाख पौधे लगाये गयेः मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'मां के नाम एक पेड़' लगाने का उनका आह्वान एक अभियान बन गया है, जिसके तहत बड़ी संख्या में पेड़ लगाए जा रहे हैं और पूरे देश में यह कार्यक्रम अभियान के रूप में चल रहा है। मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि कि इस अभियान के तहत रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं और इंदौर में एक दिन में दो लाख पौधे लगाने का असाधारण काम हुआ है। इसी तरह से देश के विभिन्न हिस्सों में 'मां के नाम एक पेड़' लगाने का काम अभियान के तौर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, पिछले 'मन की बात' कार्यक्रम में आपसे 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम की चर्चा की थी। मुझे खुशी है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले स्वच्छता के लिए प्रसिद्ध इंदौर में, एक शानदार कार्यक्रम हुआ। यहाँ 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के दौरान एक ही दिन में दो लाख से ज्यादा पौधे लगाए गए। मोदी ने कहा, अपनी माँ के नाम पर पेड़ लगाने के इस अभियान से आप भी जरूर जुड़ें और सेल्फ़ी लेकर सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करें। इस अभियान से जुड़कर आपको, अपनी माँ और धरती माँ, दोनों के लिए, कुछ विशेष कर पाने का एहसास होगा।'

## छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल रामेन डेका, 31 को लेंगे शपथ

### रमेश बैस को दोबारा नहीं मिला मौका



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

देश में छत्तीसगढ़, झारखंड सहित नौ राज्यों और एक केंद्र शासित में राज्य में राज्यपालों और एक उपराज्यपाल की नियुक्ति की गई है। नियुक्त किये गए राज्यपालों में ज्यादातर लोग ऐसे हैं, जिनका नाम बतौर भावी राज्यपाल कहीं भी चर्चा में नहीं था। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की जगह असम से भाजपा के पूर्व सांसद रामेन डेका को नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। रामेन डेका असम से दो बार सांसद रहे हैं और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। रामेन डेका को छत्तीसगढ़, हरिभाऊ बागड़े को राजस्थान, जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना, ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम, संतोष गंगवार को झारखंड, सी पी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र, गुलाब चंद कटारिया को पंजाब, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम-मणिपुर, सी एच विजयशंकर को मेघालय राज्य का नए राज्यपाल नियुक्त किये गए हैं। छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल रामेन डेका बुधवार 31 तारीख को शपथ लेंगे। इससे परे निर्वतमान राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को सोमवार को विदाई दी जाएगी।

#### कौन हैं रामेन डेका

रामेन डेका का जन्म 1 मार्च 1954 को हुआ था। उनकी गिनती असम के वरिष्ठ भाजपा नेताओं में होती है। भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल डेका 1980 के आसपास राजनीति में प्रवेश किया। 70 वर्षीय रामेन डेका असम के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रहे और भाजपा में राष्ट्रीय स्तर पर कई जिम्मेदारियों को संभाला। वह पहली बार 2009 में असम की मंगलदोई सीट से सांसद चुने गए। उसके बाद 2014 में लगातार दो बार सांसद बने। रामेन डेका असम भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे हैं। भाजपा में कार्य करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी कई जिम्मेदारियां संभाली हैं। वर्तमान में वे भाजपा के राष्ट्रीय सचिव का दायित्व निभा रहे थे।

### सीएम साय ने सिक्किम के नव नियुक्त राज्यपाल माथुर को दी बधाई



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में सिक्किम के नवनियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर से उनके निवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने माथुर को राज्यपाल पद पर नियुक्ति की बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने बातचीत के दौरान माथुर के अनुभव और नेतृत्व की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी नियुक्ति से सिक्किम के विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

## मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

वार्ता < पेरिस
www.dailypioneer.com

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने रविवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में इतिहास रचते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लिया है। ओलिंपिक के इतिहास में निशानेबाजी में पदक दिलाने वाली मनु पहली भारतीय महिला हैं। उन्होंने फइनल में 221.7 अंक के साथ कांस्य जीता। फाइनल में मनु भाकर ने वियतनाम, तुर्की, कोरिया, चीन, और हंगरी के खिलाड़ियों से मुकाबला करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। कोरिया की जिन ने ओलंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए 243.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक। उनकी हमवतन किम येजी ने 241.3 अंक से साथ रजत मेडल जीता। जहां दिग्गज निशानेबाजों ने निराश किया। मनु भाकर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुएउ महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। वह 580 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भाकर ने पहली सीरीज में 97, दूसरी में 97, तीसरी में 98, चौथी में 96, 5वीं में 96 और छठी में 96 अंक हासिल किए थे।



#### मुख्यमंत्री साय ने मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी मनु भाकर को कांस्य पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में भारतीय शूटर मनु भाकर ने महिला वर्ग के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। निश्चित ही यह समूचे भारतवासियों के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। मनु भाकर को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

## कांग्रेस ने कोचिंग सेंटर की घटना को बताया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा ने राष्ट्रीय राजधानी के पटेल नगर में आईएएस बनने का सपना लेकर कोचिंग कर रही तीन छात्राओं की कोचिंग सेंटर में पानी भरने से मृत्यु को आपराधिक लापरवाही बताते हुए इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि इसकी जिम्मेदारी तय कर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए। खडगे ने कहा, राजधानी दिल्ली में सरकार व प्रशासन की आपराधिक लापरवाही के चलते आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन युवाओं की ज़िंदगी चले जाना बेहद दुःखद है। उनके परिवारजनों को हमारी गहरी संवेदनाएँ। इससे पहले पटेल नगर में जलभराव के कारण, करंट लग जाने से एक अन्य यूपीएससी अभ्यर्थी की जान चली गई। ख़बरों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में आठ लोग की जान करंट लगने से गयी है। उन्होंने कहा, दिल्ली को कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीश् स्तर का शहर बनाया था। आज भारत की राजधानी उदासीनता का दंश झेल रही है। आये दिन हादसे होते रहते हैं। देश की राजधानी में इस तरह का हादसा होना हम सभी के लिए अत्यंत चिंता की बात है। हमें हमारी राजधानी को बेहतर बनाना होगा ताकि हमारे नागरिक सुरक्षित रहें और यहाँ रहने व आनेवालों को ये भरोसा हो कि देश की राजधानी में उनकी उपेक्षा नहीं होगी। गांधी ने कहा, दिल्ली की एक बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी भर जाने के कारण प्रतियोगी छात्रों की मृत्यु बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ दिन पहले बारिश के दौरान बिजली का करंट लगने से एक छात्र की मृत्यु हुई थी।

## बहू ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी, सास पर लगा हत्या का कलंक 24 साल बाद धुला

### बहू ने जिद में जान दे दी, बुजुर्ग सास-ससुर को 24 साल मुकदमा झेलना पड़ा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राखी त्यौहार में पति ने मायके नहीं छोडा तो नाराज नव व्याहता ने 14 अगस्त 2001 को ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी थी, उसने पत्र में लिखा कि मेरी सास और ससुर मेरे को रोज गाली देते है और कहते है कि तुम्हारे मा बाप की गलती का सजा अब तुम भुगतोगे। मैं जब से इस घर में आई हूं तब से आज तक मुझे इन लोगों ने गाली ही दी है। मेरे बाबा ने हाथ पैर छूकर माफी मांगी तो भी से इन लोगों का गुस्सा नहीं उतरा। इस लिए मैं यह कदम उठाने पर मजबूर हूं। अगर आप लोगों में से किसी को मेरी लाश मिल जाए तो कृपा करके मेरे घर वालों को दे दी जाय। पत्र के आधार पर पुलिस ने बुजुर्ग सास-ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर अदालत में मुकदमा पेश कर दिया। विचारण न्यायालय ने अप्रैल 2002 में दोनों को धारा 304 बी दहेज हत्या के आरोप में 10 वर्ष व दहेज प्रताड़ना के आरोप में सजा सुनाई। इसके खिलाफ पति पत्नी ने हाई कोर्ट में अपील पेश की। 24 वर्ष बाद हाई कोर्ट से अपील पर निर्णय आया। हाई कोर्ट ने गवाह दस्तावेज व मृतका के माता पिता के बयान में यह पाया कि अपीलकर्ता ने कभी भी दहेज की मांग नहीं की है। मृतका जिद्दी स्वभाव अपनी मनमर्जी करने वाली थी। हाई कोर्ट ने बुजुर्ग सास को सभी आरोप से दोषमुक्त किया है। दहेज की मांग कर बहू की हत्या का माथे पर लगा कलंक 24 वर्ष बाद धुल गया है। वहीं मुकदमा लंबित रहने के दौरान ससुर की 2021 में मौत हो गई। हाई कोर्ट ने उनका नाम अपील से डिलीट किया है।

#### मामला यह था

रायपुर निवासी अपीलकर्ता शोभा व सुधाकर राव के पुत्र सतीश की 16 जनवरी 2001 को मृतका कामिनी के साथ दोनों पक्षों की उपस्थिति में शादी हुई थी। शादी के 6 माह बाद 14 अगस्त 2001 को टाटानगर-नागपुर पैसेंजर के सामने कूद कर जान दे दी।

### रामर्मूर्ति और उनके उत्तराधिकारी ना तो कानूनी प्रतिनिधि है और ना ट्रस्टी है

## दाऊ कल्याण सिंह के निसंतान होने के कारण उनकी सम्पत्ति शासन मे निहित

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



अंग्रेजों के जमाने के सबसे बडे मालगुजार रहे स्वर्गीय राय बहादुर दाऊ कल्याण सिंह जिनका निधन 13-2-1959 को हो गया। वही दाऊ कल्याण सिंह के दो धर्म पत्नियां थी जिनमे पहली पत्नी का नाम जनक नंदिनी व दूसरे पत्नि का नाम सरजावती था। परन्तु दुर्भाग्य यह रहा की उनका एक भी संतान नही था निसंतान होने के कारण उनकी जमीने हाईकोर्ट के आदेशानुसार शासन मे निहित हो गई। गौरतलब है कि दाऊ कल्याण सिंह के मुख्तियार के पुत्रों ने राजस्व अधिकारियों से साठगांठ कर जमीने बेची थी साथ ही शासन के अपील के आधार पर हाईकोर्ट ने निर्णय देकर शासन के पक्ष मे फैसला दिया जिससे दाऊ कल्याण सिंह के जमीन का स्वामित्व अधिकार अब शासन का होगा। गौरतलब है कि दाऊ कल्याण सिंह की पहली पत्नि का निधन 1964 व दूसरे पत्नि का 02.03.1977 को हुआ। वहीं कोई भी असल वारिस नहीं होने के मुद्दे के आधार पर अपील कर्ता नितिन अहूजा व 3 अन्य ने बर्खास्तगी सम्बंधी याचिका दाखिल किया था अपील के दायर तथ्य के आधार पर प्रकरण रेवेन्यू बोर्ड मे पहुंचा तब भाजपा नेता महाबल ने आवेदन देकर मुझे आवेदक बनाये जाये ताकि तथ्य साक्ष्य प्रस्तुत कर सके तब वादियों की सूची मे रेवेन्यू बोर्ड द्वारा शामिल किया गया इन्ही याचिकाओं के आधार पर हाईकोर्ट ने दाऊ कल्याण सिंह के जमीन का वास्तविक वरिस नही होने के आधार साक्ष्य पर उक्त जमीनें राज्य शासन के आधीन कर सरकारी जमीन घोषित किया है गौरतलब है की दाऊ कल्याण सिंह के जमीन सम्पत्ति के मलिकाना हक को लेकर लम्बे समय से प्रक्रिया विचाराधीन होकर चल रही थी जो की कई कानूनी प्रक्रियाओं के बाद तहसीलदार भाटापारा द्वारा परित आदेश दिनांक 28-2-1995 के कानून के विपरीत है क्योंकि स्व.राममूर्ति अग्रवाल के पक्ष मे निष्पादित कथित वसीयत किसी भी अदालत के समक्ष सबित नही हुई है कोर्ट से प्राप्त दस्तावेज के आधार पर दाऊ कल्याण सिंह की धर्म पत्नी सरजावती बाई के वारिसाना रिशतेदार नहीं थी इसलिये स्वमित्व का आधार राममूर्ति अग्रवाल के पक्ष मे नही किया जा सका जिसके बाद राममूर्ति अग्रवाल के कानूनी उत्तराधिकारी ने एमसीसी दायर किया न्यायालय के डिविजन बैच ने उक्त एमसीसी को खरिज कर दिया। पाईंट 27 के उल्लेख के अनुसार दाऊ कल्याण सिंह के वारिसाना हक के मामले को लेकर कोई मजबूत मुद्दा नही था राममूर्ति अग्रवाल का स्व. जनक नंदिनी व स्व सरजावती बाई व स्व. दाऊ कल्याण सिंह से कोई खून का रिश्ता नही था उक्त कारण से विद्वान राजस्व बोर्ड द्वारा अस्वीकार कर दिया गया कोर्ट के फैसले के अनुसार दाऊ कल्याण सिंह निसंतान मर गये अतः किसी वैध वसीयतनामे के अभाव मे भूमि शासन निहित योग्य मानी गई जो की निजी सम्पत्ति हक का मजबूत आधार नही है यह फैसला सुनाया गया की राममूर्ति और उनके उत्तराधिकारी ना तो कानूनी प्रतिनिधि है और ना ट्रस्टी है और आज के तारीख मे पूरी सम्पत्ति शासन मे निहित हो गई है व राममूर्ति अग्रवाल के पुत्रों ने जो जमीन बिक्री कि है वह अवैध एवं शून्य है इस प्रकरण मे विचाराधीन प्रश्न यह है की जिन्होंने इनसे जमीने खरीदी व टुकड़ों मे दूसरों को बेची उन खरीदारों का अब क्या होगा व शासन अपने इस भूमि को कैसे लोगों को बेदखल कर कब्जा लेगा वैसे इस संदर्भ मे एक प्रकरण मे बताया जा रहा है कि ऐसे ही एक व्यक्ति ने ऐसे ही भूमि खरीदकर अम्बुजा वालों को बेची जिसमें मामला चला था तो सुप्रीम कोर्ट ने भी सहायक प्रबंधक को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था बाद मे भूमि स्वामी व अम्बुजा मे समझोता कर राजीनामा कर प्रकरण वापस लिया था उक्त जनहित याचिका मे पैरवी वकील राघवेंद्र प्रधान ने की थी।

### शहीदों ने देश को बचाया, अब आपको देश बनाना है : बिरला

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हम सुरक्षित हैं क्योंकि हमारे सैनिक हमारी रक्षा कर रहे हैं। करगिल में हजारों सैनिक शहीद हो गए। उन्होंने इस देश को बचाया। अब आपको यह देश बनाना है। आप इस देश का भविष्य हैं। कल के डॉक्टर और इंजीनियर हैं। सैनिकों की तरह देश के लिए जीने और इसे आगे ले जाने का संकल्प लें। बिरला ने वीडियो संदेश के माध्यम से यह बात रविवार को नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में करगिल विजय की रजत जयंती के तहत आयोजित 'एलन शौर्य वंदन' कार्यक्रम में कही। इस समारोह में मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी करने वाले 15 हजार से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संस्कारों के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा के साथ संस्कार मिलते हैं तो जीवन में पूर्णता आती है।

### मुख्यमंत्री साय की पहल से सरगुजा संभाग को मिली 15 विशेषज्ञ चिकित्सकों की सौगात

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से सरगुजा संभाग में पंद्रह विशेषज्ञ चिकित्सकों की पोस्टिंग का आदेश जारी हो गया है। इन चिकित्सकों के मिल जाने से संभाग में त्वरित एवं बेहतर उपचार की बड़ी सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी किये गए आदेश में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार पटेल को जिला अस्पताल जिला जशपुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्राडिना छाया नायक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी जिला जशपुर, एम.डी. मेडिसीन डॉ. पियुष देवांगन को जिला अस्पताल, जिला जशपुर, शल्यक्रिया विशेषज्ञ डॉ. शरद मनीष गरेवाल को जिला अस्पताल, जिला जशपुर, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. मनीष कुमार ध्रुव को जिला अस्पताल, जिला जशपुर पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहनीश खत्री को जिला अस्पताल, जिला जशपुर, रेशपेरेटरी मेडिसीन डॉ. कमल नारायण गुप्ता को जिला अस्पताल, जिला जशपुर, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. कलिन्दर सिंह पैको को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल मोकासदर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-मनेन्द्रगढ़, जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा प्रजापति को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-मनेन्द्रगढ़, जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, एम.डी. मेडिसीन डॉ. शीतल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र -चिरमिरी, जिला- मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. केदारनाथ देवांगन को जिला अस्पताल, जिला-कोरिया, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. दीपांकर साहू को जिला अस्पताल, जिला-कोरिया, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. बेबी प्रज्ञा श्री ओझा को जिला अस्पताल, जिला-कोरिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना अय्यर को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध जिला चिकित्सालय, जिला-सरगुजा छत्तीसगढ़ में पदस्थ किया गया है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नियुक्त किए गए राज्यपालों को यादव ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नियुक्त किए गए राज्यपालों को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बधायी एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा हरिभाऊ बागड़े को राजस्थान, जिष्णु देव वर्मा को तेलंगाना, ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम, संतोष गंगवार को झारखंड, सी पी राधाकृष्णन को महाराष्ट्र, गुलाब चंद कटारिया को पंजाब, लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम- मणिपुर, सी एच विजयशंकर को मेघालय और रामेन डेका को छत्तीसगढ़ राज्य का राज्यपाल नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर दी बधाई

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर



प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ यादव ने कहा है कि वन्य प्राणियों की सुरक्षा का कार्य अत्यंत मेहनत और परिश्रम का है। समुदाय के सहयोग के बिना वन्य प्राणियों की सुरक्षा संभव नहीं है। वन विभाग और वन्य प्राणियों की सुरक्षा में लगे सभी लोग बधाई के पात्र हैं, जिनके कारण मध्यप्रदेश एक बार फिर टाइगर स्टेट बन गया है। देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में हैं। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर जंगलों में बाघों के भविष्य को सुरक्षित करने और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेने का आव्हान किया है।

## यादव ने मनु भाकर को पेरिस ओलम्पिक में पदक जीतने पर दी बधायी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मनु भाकर को पेरिस ओलम्पिक 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ यादव ने कहा कि भारत की बेटी मनु भाकर ने पेरिस ओलम्पिक में 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतिस्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि मनु भाकर की विजय भारत की असंख्य बेटियों को प्रेरणा प्रदान करेगी। हरियाणा की मनु भाकर ने पेरिस ओलम्पिक में भारत को पहला पदक दिलाने का श्रेय प्राप्त किया है।

## भगवंत मान ने 58 हाईटेक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

पायनियर संवाददाता ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com




पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के लोगों की सुविधा के लिए 58 नयी हाईटेक एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सिंह जिनके साथ स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह भी मौजूद थे, ने राज्य के लोगों को एंबुलेंस समर्पित करते हुए कहा, ये एंबुलेंस कठिन समय में लोगों की सेवा में हमेशा उपलब्ध रहेंगी। अब कुल 325 एंबुलेंसें जनता की सेवा में उपलब्ध रहेंगी ताकि उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इन अत्याधुनिक एंबुलेंसों के लिए जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचने के लिए शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 मिनट की समय-सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि एंबुलेंस सड़क सुरक्षा बल के समन्वय से काम करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि आपातकालीन स्थिति में लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करके जान बचाई जा सकें। उन्होंने कहा, चौदह करोड़ रुपए की लागत से खरीदी गईं इन 58 हाईटेक एंबुलेंसों में स्वास्थ्य देखभाल के लिए आवश्यक दवाएं और अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध होंगे। इस वर्ष अबतक एंबुलेंसों के माध्यम से एक लाख से अधिक मरीजों को सुरक्षित तरीके से अस्पतालों में पहुंचाया गया है, जिनमें 10,737 दिल के मरीज, 28,540 गर्भवती महिलाएं और अन्य मरीज शामिल हैं। इसके अलावा इन एंबुलेंसों में 80 बच्चों का सुरक्षित जन्म भी हुआ हैं। इसके साथ ही सड़क हादसों के पीड़ितों की जान बचाने के लिए सड़क सुरक्षा बल पीड़ितों के लिए एंबुलेंस सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 108 हेल्पलाइन के साथ लगातार समन्वय से काम कर रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह के आठ सदस्य ड्रग्स, हथियार के साथ गिरफ्तार

**जालंधर।** अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह को बड़ा झटका देते हुए पंजाब के जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने विभिन्न स्थानों से आठ लोगों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से भारी मात्रा में ड्रग्स, हथियार और गोलाबारूद जब्त किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने रविवार को बताया कि कमिश्नरेट पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर जगरूप सिंह पुत्र तरलोक सिंह निवासी गांव जामा राय, जिला तरनतारन और भवजोत सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी गांव ढोगरी, जिला जालंधर को अवैध हथियार बेचने के धंधे में लिप्त कार के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि उनके पास से 100 ग्राम हेरोइन भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान जगरूप सिंह ने कबूल किया कि आरोपी रविंदर सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी करतार नगर छेहरटा जिला अमृतसर और अनिल गुप्ता उर्फ काली पुत्र स्वर्गीय धर्मवीर गुप्ता निवासी गंगसर बाजार करतारपुर जालंधर भी इस रैकेट में शामिल थे, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान रविंदर सिंह ने बिक्रमजीत सिंह पुत्र मस्सा सिंह निवासी गांव गुमानपुर अमृतसर के साथ अपने संबंधों का खुलासा किया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इसके बाद छापेमारी की गई और बिक्रम को गिरफ्तार कर लिया गया।

## राजस्थान में भाजपा कार्यकर्ताओं की एकजुटता के दम पर भाजपा जीतेगी दौसा उपचुनाव: दिया कुमारी

एजेंसी ◀ दौसा
www.dailypioneer.com



राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दावा करते हुए कहा है कि प्रदेश में दौसा विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता के दम पर जीतेगी। दिया कुमारी भाजपा जिला बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है और अब प्रदेश में भी हमारी सरकार है जो कि सुशासन, विकास एवं प्रगति को हमेशा प्राथमिकता देती है। कार्यकर्ताओं का सम्मान पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता रहती है। ऐसे में अब हमें मिलकर कमल के फूल को खिलाना है और दौसा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा को जिताना है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि घर घर जाकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आमजन के लिए बजट में की गई घोषणाओं की जानकारी उपलब्ध कराए ताकि आमजन को भी भाजपा एवं कांग्रेस की कार्यशैली में अंतर समझ आ सके। हमको मिलकर एक दूसरे के साथ रहकर उपचुनाव में दौसा को विजयी बनाना है। इस अवसर पर दौसा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं प्रत्याशी शंकर लाल शर्मा द्वारा विधानसभा क्षेत्र दौसा से जुड़ी मांगें रखी जिन पर दिया कुमारी ने तत्काल सहमति देते हुए आगामी समय मे प्राथमिकता से कराने की बात कही। इस मौके भाजपा प्रदेश मंत्री (दौसा) भूपेंद्र सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रभु दयाल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष टीकम सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक एवं विधानसभा प्रत्याशी शंकर लाल शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला, दौसा विधानसभा संयोजक महेंद्र तिवारी आदि मौजूद थे।

# राठौड़ को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल

वार्ता ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com






राजस्थान में राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आतिशबाजी करके जश्न मनाया गया।
भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री मिथिलेश गौतम, अनन्तराम विश्नोई, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।
इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने कहा कि सांसद मदन राठौड़ के नेतृत्व में राज्य में संगठन को और मजबूती मिलेगी और आने वाले उप चुनावों में भाजपा निश्चित तौर पर जीत दर्ज करेगी। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के तौर पर मदन राठौड़ सभी वर्ग, समुदायों को साथ में लेकर चलने वाले राजनेता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रदेशाध्यक्ष पद पर विशेष रूप से ओबीसी समाज से आने वाले मदन राठौड़ के मनोनयन करने पर समाज के साथ सभी वर्गों के लोगों में भी खुशी का माहौल है। ओबीसी समाज भाजपा का कट्टर समर्थक है और सदैव भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ा हुआ है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में मिलकर संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह पंवार, सुनील यादव, मोर्चा उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, सीताराम पोसवाल, प्रदेश मंत्री सुनील गहलोत, कार्यालय मंत्री रामेश्वर प्रसाद गुर्जर, भवानी सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के संयोजक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इटावा में कंटेनर ओर डंफर में टक्कर, एक मरा, चार घायल

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के जसवंतनगर इलाके में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास आगरा रोड पर कंटेनर और डंफर के बीच हुई टक्कर में डंफर में सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके परिवार समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालात नाजुक बनी हुई है,पीड़ितों के शरीर अंग भंग हो गए है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शुक्रवार को यहां बताया कि रात करीब 11 बजे के आसपास कंटेनर और डंपर के बीच हुई भिड़ंत में अपने परिवार के साथ कंटेनर में बैठ कर राजस्थान के भिवाड़ी जा रहे युवक राजेश कुशवाह की मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी दो बेटो समेत चार लोग घायल हो गए, सभी को उपचार के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कर दिया गया है जहां सभी की हालात नाजुक बनी हुई है,पीड़ितों के शरीर अंग भंग हो गए है।




## दूध टैंकर के पलटने से चालक की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान में डीग के कुम्हेर थाना क्षेत्र में कल आधी रात के बाद दूध से भरे एक टैंकर के पलटने से चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त टैंकर में 82 सौ क्विंटल दूध लेकर बयाना निवासी ड्राइवर प्रहलाद लेकर बयाना शुक्रवार रात करीब 12 बजे हरियाणा के पुन्हाना के लिये रवाना हुआ था, लेकिन देर रात बाबुला गांव के पास होम्स कैनाल की पुलिया से टकरा कर वह कैनाल में पलट गया। घटना के बारे में राहगीरों की सूचना पर पुलिस को जानकारी मिली। मृतक ड्राइवर के शव को फिलहाल कुम्हेर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## केन्द्र, राज्य सरकार का बजट विकसित भारत का विस्तृत रोड मैप है : चौधरी

वार्ता ◀ अजमेर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का वर्ष 2024-25 का बजट विकसित भारत का विस्तृत रोड मैप है। इस बजट में विकसित भारत के लिये 2047 के लक्ष्य को भी सामने रखा गया है। चौधरी ने शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत मे राज्य सरकार के बजट पर प्रकाश डालते हुये कहा कि इस बजट में सभी वर्गों के लिये प्रावधान किया गया है। यह समावेशी तथा सबके लिये हितकारी बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में देश के अन्नदाताओं का विशेष ध्यान रखा गया है । यह देश के अन्नदाताओं को समर्पित बजट है। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट को गरीब, महिला, युवा तथा किसानों पर आधारित बजट बताया और कहा कि यह विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि मोदी ने तीसरे कार्यकाल पर पद सम्भालते ही देश के साढ़े नौ हजार से ज्यादा किसानों को 20 हजार करोड़ से ज्यादा की किसान सम्मान निधि' जारी की। साथ ही एम.एस.पी. बढ़ाने का काम किया। बजट में किसानों के साथ फसलों के लिये भी अनेक प्रावधान किये गये हैं। गरीब को गणेश मानते हुये प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच सालों के लिये मान्यता दी गयी है। चौधरी ने युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाले पांच साल में चार करोड़ से ज्यादा युवाओं को रोजगार देने का काम किया जायेगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये उन्हें लाभकारी योजनाओं से जोड़ा गया है। उन्होंने राजस्थान के बजट की भी प्रशंसा की और कहा कि भजनलाल सरकार का बजट भी ऐतिहासिक रहा है, जिसमें सभी को साथ लेकर चलने का काम किया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि डबल इंजन की सरकार आने वाले 4-5 साल में प्रदेश की कायापलट कर देगी। इस अवसर पर राजस्थान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, विधायक अनीता भदेल, शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, महापौर बृजलता हाडा, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी अरविंद यादव, अजमेर संभाग मीडिया सहप्रभारी अनीश मोयल आदि उपस्थित रहे।

## नगरीय विकास एवं आवासन विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित

एजेंसी ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विधानसभा में कहा कि पट्टा जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आवेदक को 30 दिन में पट्टा देना सुनिश्चित एवं सफाईकर्मी भर्ती को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा और राज्य के प्रमुख शहरों में इसी वर्ष से 500 ई-बसें संचालित की जायेगी। खर्रा शुक्रवार को विधानसभा में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग (मांग संख्या-39) एवं स्वायत्त शासन विभाग (मांग संख्या-40) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने नगरीय विकास एवं आवासन विभाग की 89 करोड़ 7 लाख 12 हजार रूपये एवं स्वायत्त शासन विभाग की एक खरब 23 अरब 66 करोड़ 97 लाख 92 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी। इससे पहले उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' को मूल मंत्र मानकर राजस्थान के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का कार्य कर रही है। कठिन परिश्रम से हम यह मुकाम हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के सुझावों को शामिल करते हुए पट्टा जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर पूर्ण पारदर्शी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पट्टे के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ की जाएगी, जिसमें संबंधित निकाय आवेदन के 30 दिन के भीतर आवेदक को पट्टा जारी करेगा या निरस्त करेगा। उन्होंने कहा कि आवेदन में कोई कमी-खामी होने पर नगरीय निकाय एक सप्ताह की अवधि में उसकी जानकारी आवेदक को देगा। पट्टा निरस्त होने की स्थिति में आवेदक प्रशासनिक अधिकारियों की समिति के समक्ष पुनः आवेदन कर सकेगा। अगर गलत तरीके से पट्टा निरस्त करना पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खर्रा ने कहा कि जमीन मुआवजे के संबंध में गत 12 जुलाई को आदेश जारी कर पूर्व के आदेशों की खामियों को दूर किया गया है। उन्होंने कहा कि एक ही जोन में डीएलसी दर अलग-अलग हो सकती है, लेकिन आरक्षित दर एक ही होती है। नए आदेश में समतुल्यता लाते हुए मुआवजे का आधार डीएलसी दर को रखा गया है, जिससे अब कोई भी मुआवजे का नाजायज फायदा नहीं उठा सकेगा। उन्होंने सफाईकर्मी भर्ती में वाल्मिकी समाज को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि पूर्व में सफाईकर्मी भर्ती में नगरीय निकायों में दो वर्ष कार्य अनुभव का प्रावधान था, जिसे बाद में एक वर्ष कर दिया गया। तत्पश्चात् निजी संस्थाओं के अनुभव को भी इसमें शामिल कर लिया गया, जिससे यह प्रक्रिया दूषित हो गई। अब सभी के सकारात्मक सुझावों को शामिल कर सफाईकर्मी भर्ती को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि विभाग से सम्बन्धित नियम-कानूनों में कोई खामी है तो उन्हें संशोधन कर दुरूस्त किया जाएगा। नगरीय निकायों की टाउनशिप पॉलिसीज को बदलकर इन्हें और बेहतर बनाया जाएगा।

## हरियाणा में पत्नी की हत्या के बाद आरोपी का आत्मसमर्पण




**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा जिला के रामपुरा बिश्नोईया गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला रेतकर हत्या करने के बाद पुलिस थाना में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस को बताया आरोपी रणजीत उर्फ बबलू ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने नया वाहन खरीदा था। वाहन की किस्त भरने में उसे परेशानी आ रही थी। इसी बात को लेकर पत्नी के साथ झगड़ा रहता था। शनिवार रात को भी इसी बात पर दोनों का झगड़ा हुआ और गुस्से में पत्नी की हत्या कर दी। रविवार सुबह पुलिस, फोरेंसिक व क्राइम टीमें घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचीं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी हिरासत में ले लिया है।

# पीएमटी परीक्षा में गैरहाजिर उम्मीदवारों को एक और मौका: सिंह

वार्ता ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा कि आयोग ने निर्णय लिया है कि किन्हीं कारणों के कारण जो पीएमटी (शारीरिक-मापदंड) उम्मीदवार परीक्षा नहीं दे पाए हैं, उन्हें एक और मौका दिया जाएगा।

सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस में पांच हजार पुरुष सिपाही सामान्य ड्यूटी तथा एक हजार महिला सिपाहियों की प्रथम व द्वितीय चरण की पीएमटी (शारीरिक-मापदंड) परीक्षा रविवार को पंचकूला के ताऊ देवी लाल खेल परिसर में समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई से पीएमटी परीक्षा का आयोजन किया गया था, प्रारंभिक समय में दो हजार उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। पिछले तीन दिन तक चली महिला सिपाहियों की पीएमटी का आज अंतिम दिन था। उन्होंने बताया कि पंचकूला के ताऊ देवी लाल खेल परिसर में पीएमटी परीक्षा देने के लिए प्रदेश के भारी संख्या में महिला व पुरुष आए, जिससे पता चलता है कि हरियाणा पुलिस में सेवा देने के लिए वे उत्साहित नजर आए। सिंह ने बताया कि पीएमटी की परीक्षा में गैरहाजिर उम्मीदवारों को परीक्षा देने का एक और अवसर दिया जाएगा, जिसके आयोजन के सूचना शीघ्र ही वेबसाइट पर डाल दी जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोग का उद्देश्य है कि हर उम्मीदवार को परीक्षा के लिए सुविधा उपलब्ध करना कराना है, जिसमें आयोग सफल भी हुआ है।

## सुक्खू के सत्ता में आने के बाद से पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि

एजेंसी ◀ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के सत्ता में आने के बाद से प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2022 की पहली छमाही में राज्य ने 86.42 लाख पर्यटकों का स्वागत किया, जबकि जून 2024 के अंत तक यह संख्या बढ़कर 1,00,87,440 हो गई। प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर नवोन्मेषी प्रयास कर रही है। सरकार के प्रयासों से राज्य में पर्यटन को पंख लगे हैं। पर्यटकों की संख्या में हुई उल्लेखनीय वृद्धि का श्रेय क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई सफल पहलों और प्रयासों को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में पर्यटन उद्योग के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने के साथ कई कदम उठाए हैं। सड़क नेटवर्क और हवाई सम्पर्क सुविधा को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तारीकरण जारी है, जबकि बेहतर हवाई संपर्क सुनिश्चित करने के लिए राज्य के हर जिला मुख्यालय में हेलीपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। पांच हेलीपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। शिमला से बेहतर हवाई संपर्क सुनिश्चित करने के लिए संजौली हेलीपोर्ट को जल्द ही कार्यशील किया जाएगा। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2018 की पहली छमाही में 89 लाख पर्यटक, 2019 में 99.57 लाख, 2020 में 22.04 लाख, 2021 में 19.75 लाख और 2022 में 86.42 लाख पर्यटकों ने प्रदेश का भ्रमण किया। दिसंबर 2022 में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए पर्यटन विकास को प्राथमिकता दी है। लाहौल-स्पीति के चंद्रताल, काजा और तांदी व किन्नौर के रकछम, नाको, चांगो और खाब में नए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा कुफरी के समीप हसन वैली में स्काई वॉक ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का वार्षिक 5 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य है, इसके लिए सरकार साहसिक पर्यटन को प्रोत्साहित कर रही है, वहीं धार्मिक और ग्रामीण पर्यटन सैलानियों के अनुभव को चिरस्मरणीय बना रहा है। वर्ष 2024-25 के बजट में मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को अगले 10 वर्षों में समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया है, जिसमें प्रदेश को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह दृष्टिकोण एक खुशहाल, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, स्वस्थ, सक्षम, सुदृढ़ और आत्मनिर्भर हिमाचल प्रदेश के लक्ष्य को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिले को राज्य की पर्यटन राजधानी घोषित किया गया है। पर्यटकों के अनुभव को अविस्मरणीय बनाने के लिए यहां अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है। बिलासपुर के गोबिंद सागर और ऊना के अंदरौली में जलक्रीड़ा पर्यटन गतिविधियां शुरू की जा रही हैं।

# पेंशन के लिए पूर्व सेवा गणना जरूरी

## एसोसिएशन के जिलास्तरीय बैठक में बनाई गई

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी चन्द्रकान्त ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे पूर्व के नियुक्त साथी बिना पेंशन के सेवानिवृत्त हो रहे है, अत्यन्त दुखद है कि उन्हें न तो पुरानी पेंशन मिल रही है और न ही नया पेंशन मिला है, हमे एकजुट होकर सभी शिक्षकों के पुरानी पेंशन हेतु संघर्ष के लिए तैयार रहना है, पूर्व की सेवा का गणना करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि को पेंशन हेतु मान्य किये जाने सतत सक्रिय रहने का प्रांतीय बैठक में निर्णय लिया गया।

पूर्व सेवा की गणना करते हुए कुल 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन देने एवं 12% से अधिक राशि की स्वैछिक कटौती किये जाने, प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक मिडिल, प्रायमरी, शिक्षक के रिक्त सभी पदों पर पदोन्नत्विक लिए एसोसिएशन मुखर होकर कार्य करेंगे। पूर्व सेवा गणना को मुख्य रखते हुए क्रमोन्नति वेतनमान के लाभ, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने हेतु प्रयास किया जाएगा। देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता, कैशलेश ईलाज, युक्तियुक्तकरण, स्थानांतरण, ऑनलाइन अवकाश, एक पाली के शाला का समय 10.30 से 4.30 तक करने, पदोन्नत शिक्षकों का वेतन सहित अन्य विषय पर चर्चा कर रणनीति बनाया गया।

जिला स्तरीय बैठक में कई विषय पर रणनीति बनाने व मांग करने का निर्णय लिया गया । सभी ब्लॉक में 3अगस्त 2024 को बैठक रखा जाएगा। एसोसिएशन की सदस्यता 15 जुलाई से 18 अगस्त तक पूर्ण किया जाएगा। सदस्यता की भागीदारी व शुल्क पूर्व निदेर्शानुसार होगा। प्रमुख मांग के अलावा सामयिक मांग पत्र तैयार किया जाएगा। प्रान्त, जिला, ब्लॉक व संकुल में सक्रिय पदाधिकारियों की नियुक्ति किया जाएगा। मांगो का ज्ञापन प्रान्त में पुनः 20 से 22 अगस्त के बीच, संभाग में ज्ञापन 29 से 30 अगस्त को, जिला में ज्ञापन 9 से 10 सितम्बर को, ब्लॉक में ज्ञापन 19 से 20 सितम्बर को एवं माननीय सांसद व विधायक को मांगो पर चर्चा कर 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ज्ञापन दिया जाएगा । एसोसिएशन में निरन्तर सक्रियता बनाये रखने हेतु संकुल, ब्लॉक, जिला, संभाग, प्रान्त स्तर की इकाई क्रमशः नजर रखेंगे व आवश्यक निर्देश देंगे। शिक्षकों की मांग का व्यापक प्रचार - प्रसार किया जाएगा। आज जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया।

बैठक में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, प्रांतीय पदाधिकारी चंद्रकांत ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव जिला सचिव संजय कुमार राठौर, जिला संयोजक यादवेन्द्र सिंह यादव, जगमोहन वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम कोण्डागांव, सुकुराम नेताम फरसगांव, राम सिंह मरापी केशकाल, जिला पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, अशोक साहू, इरसाद अंसारी, गुरुदेव छाबड़ा, अवनेश दादोरिया, बिसाहू वैद्य, अनील साहू, मालती ध्रुव, दंतेश्वरी नायडू, लीना तिवारी, मनोज फिलिप, अनुप विश्वास, अमलेश बारले, लखीराम बघेल, अवध किशोर मिश्रा, चन्द्रेश चतुवेदी, मोहन बोंगा, मायाराम उसरे, लोकेश कुंवर, एस के ठाकुर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शाला कमेला में हुआ एक पेड़ मां के नाम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com







राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूरे होने पर शिक्षण सप्ताह का आयोजन दिनांक 22 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आयोजित है। जिसमें निर्धारित तिथियां को अलग-अलग कार्यक्रम किया जाता है। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षण सप्ताह के छठवां दिवस पर पोषण वाटिका, पौधारोपण, जल संरक्षण, पानी की उपयोगिता, बिजली की बचत मलेरिया डेंगू के लक्षण, बचाव व उपाय पर चर्चा किया गया तथा एक पेड़ मां के नाम के तहत आज शाला परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार, फलदार, फूल वाले पौधों, इमारती पौधों का रोपण शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष साधना पांडे संकुल प्राचार्य होरीलाल चंद्रवंशी संकुल समन्वयक गौतम राम पांडे की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुआ।आज की सभा में संकुल समन्वयक गौतम राम पांडे, निहाल मरकाम सहायक शिक्षक, साधना पांडे के द्वारा छात्र को पौधारोपण, पोषण वाटिका मलेरिया डेंगू से बचाव,जल संरक्षण पर बताया तथा एक पेड़ मां के नाम पर प्रति छात्र पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया गया तथा सभी छात्र छात्राओं पालक स्टॉफ की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु शपथ ग्रहण हुआ। पौधों की देखभाल हेतु छात्र-छात्राओं को ग्रुप में विभाजित किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कु.चेतना बघेल सहायक शिक्षक, मिलन बैध रितेश सेठिया, कांति लाल पांडे प्रधान अध्यापक मदन लाल कोर्राम और सभी छात्र छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

# समाज सेवक हरिशंकर मुखर्जी ने 40 बाढ़ पीड़ितों को दिया दस-दस हजार रुपए

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



लौह नगरी किरंदुल में अतिवृष्टि होने के कारण एनएमडीसी 11सी माइनिंग का पानी विकराल रूप लेते हुए खदान की तट बंध को तोड़ते हुए किरंदुल शहर में घुसकर लोगों की जन जीवन को तबाह कर दिया। जिसके बाद कई पीड़ित को बंगाली कैम्प मंगल भवन और एनएमडीसी मंगल भवन में ठहराया गया हैं। इसी बीच मानवता का परिचय देते हुए समाज सेवक व ठेकेदार हरिशंकर मुखर्जी रविवार को अपनी जन्मदिन के अवसर पर 40 अति प्रभावित पीड़ित परिवार को दस दस हजार रूपये बंगाली कैंप दुर्गा मंडप में वितरण किया। सहयोग राशि प्रदान करने पर सबसे पहले लोगों ने हरिशंकर को जन्मदिन की बधाई दी और ऐसे विषम परिस्थिति में आर्थिक सहयोग करने पर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ठेकेदार अतुल सिंह, बिप्लव मल्लिक, संजय सोनी, बिपुल राय, वरुण कुमार सोनी, संजीव दास मौजूद थे।

# बाढ़ पीड़ितों के घर-घर जाकर स्वास्थ्य अमला ने किया स्वास्थ्य जांच

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल में आई आपदा के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्रों के घर घर जाकर पीड़ितों का स्वास्थ्य जांच किया जा रहा हैं साथ ही दवाई भी वितरण किया जा रहा हैं।जिसके तहत आज वार्ड क्रमांक 01,02 व 03 के प्रत्येक घरों में जाकर डेंगू, मलेरिया एवम अन्य मौसमी बीमारी की जांच किया गया।बता दें बीएमओ डॉ देशदीपक के निर्देश पर किरंदुल नगरपालिका क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य विभाग की 11 टीम बनाई गई हैं।टीम द्वारा डोर टू डोर जाकर मलेरिया डेंगू एवम डायरिया का स्क्रीनिंग किया जा रहा हैं।साथ ही बदन दर्द,सिर दर्द एवम अन्य मौसमी बीमारियों के लिए दवा का किट बनाकर वितरण किया जा रहा हैं। इसके अलावा 2-3 दिन के भीतर फॉलोअप हेतु पुनः उक्त घरों का दौरा किया जाएगा।मौके पर डॉ प्रेमलता साहू,सुपरवाइजर राजेश बेहेरा,शमीम रज़ा,ममता ठाकुर उपस्थित थे।

# एनएमडीसी किरंदुल ने भारी बारिश में भी दिखाई राहत और बचाव कार्य में तत्परता



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल में शनिवार सुबह से ही भारी बारिश का कहर जारी रहा।बंगाली केम्प, मलप्पा कैम्प,तालाब पारा बस्तीयों घरों में बारिश का पानी घुस जाने से जन जीवन प्रभावित हुआ। मौके पर एनएमडीसी किरंदुल कॉम्प्लेक्स के अधिकारियों तुरंत पहुंच कर राहत और बचाव कार्य पूर्ण तत्परता से शुरू किया।परियोजना के करीब 200 मजदूर गाद मिट्टी की सफाई कर रहे हैं। अधिकारी राहत और बचाव कार्य मे लगातार लगकर 200-250 लोगो को सुरक्षित स्थान यानि मंगल भवन, किरंदुल कॉम्प्लेक्स पर ले जाकर उनके खाने और रहने की उत्तम व्यवस्था की। एसडीआरएफ की टीम भी राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। इस बीच रविवार सुबह एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही ने सुभाष नगर, बंगाली कैम्प, मलप्पा कैम्प एवम अन्य प्रभावित क्षेत्रों में दौरा कर पीड़ितों से मिले व स्थिति का जायज़ा लेकर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# विधानसभा सत्र के बाद दंतेवाड़ा लौटते ही विधायक अटामी किरंदुल बाढ़ पीड़ितों से मिलने पहुंचे

पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



विधायक चैतराम अटामी विधानसभा सत्र के बाद वापस दंतेवाड़ा लौटते ही शनिवार एवं रविवार को किरंदुल पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों से मिले,लगातार मूसलाधार बारिश के बीच विधायक चैतराम अटामी बाढ़ से प्रभावित वार्ड क्रमांक 01, वार्ड क्रमांक 03 और वार्ड क्रमांक 06 पहुंचे और पीड़ित लोगो से घर घर जा कर जायजा लिया।विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि विधानसभा सत्र ख़त्म होते ही मैं सीधे किरन्दुल पहुंचा और अलग अलग प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। निश्चित रूप से इस आपदा के कारण कई लोगों के घर गिर गए सामान क्षतिग्रस्त हो गया अभी भी मलबा जमा हुआ इस भयंकर बाढ़ ने सब कुछ बर्बाद कर दिया हैं। मुख्यमंत्री प्रभारी मंत्री को इस विषय को लेकर मैंने अवगत कराया हैं एवम प्रभारी मंत्री केदार कश्यप भी आकर स्थिति का जायज़ा लिया हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिनका घर पूरा गिर गया हैं उनको मकान बनाकर दिया जायेगा एवम सभी पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाने एनएमडीसी प्रबंधन से चर्चा किया गया हैं।

# पीएम प्राथमिक शाला डिपोपारा में संचालन को लेकर हुई बैठक





पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पीएम प्राथमिक शाला डिपोपारा जामपदर कोंडागांव में शिक्षण सप्ताह के सातवें दिन सामुदायिक सहभागिता एवं पद्यलक एवं एमसी के सदस्यों के साथ मिलकर एक बैठक का आयोजन किया गया एवं स्कूल की समस्याओं एवं स्कूल को किस तरह से और अच्छे से समुदाय के सहयोग से हम संचालित कर सकते हैं तथा समय-समय पर पद्यलकों का बैठक आयोजन कर हम स्कूल में छोटी-छोटी गतिविधि करवा सकते हैं पद्यलकों ने कहा कि संस्था में जब भी कोई कार्यक्रम हो उसमें सभी पद्यलक उपस्थित रहे जिससे बच्चों के मन में भी उत्साह रहे पद्यलकों ने स्कूल की साज एवं व्यवस्था को देखकर संस्था की तारीफ की एवं बच्चों से भी निवेदन किया की वह अपने स्कूल की साफ सफाई एवं हर गतिविधि में सहभागी बने कार्यक्रम को सफल बनाने में एमसी के अध्यक्ष महेश एवं पालक संस्था के सभी स्टाफ तथा बच्चे उपस्थित थे तथा सभी को स्वल्पाहार दिया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक हीना कश्यप का विशेष योगदान था।

# बजट से सभी वर्ग का सर्वांगीण विकास होगा : शंकर सरकार

पायनियर संवाददाता ‹ पखांजूर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा के अंतागढ़ विधानसभा पखांजुर मंडल के युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर सरकार ने केंद्र सरकार के आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखा गया है। विकसित भारत की कल्पना को साकार करते इस बजट में इंकम टैक्स में छूट के साथ युवा, महिला एवं किसानों की जरूरतों को शामिल किया गया है जो एक नया आयाम स्थापित करेगा। शंकर सरकार ने आगे कहा कि जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की शुरूआत का संकल्प केंद्र सरकार की आदिवासियों के उत्थान की प्रतिबध्दता को व्यक्त करता है। जिससे देश भर के 63 हजार गांव के 5 करोड़ आदिवासी लाभान्वित होंगे। लघु और मध्यम उद्योगों के लिए किए गए प्रावधानों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे आत्मनिर्भर और विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। 3 करोड़ नए पीएम आवास और मजदूरों के लिए नई हाऊसिंग स्कीम की घोषणाओं के साथ ही केंद्र सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, मुफ्त बिजली, बाढ़ व जलभराव की समस्या को भी बजट में शामिल कर गांव से लेकर शहर तक की चिंता की है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने युवाओं के रोजगार और कौशल उन्नयन के लिए एक लाख करोड़ रूपए का प्रावधान किया है और नए रोजगार पर 2 लाख करोड़ रूपए के प्रावधान के साथ केंद्र सरकार ने युवा प्रतिभाओं का पूरा ख्याल रखा है। ग्रामीण विकास परियोजनाओं के लिए 2166 लाख करोड़ रूपए कृषि क्षेत्र में उन्नति के लिए लक्ष्य और सिंचाई के लिए 11,500 करोड़ रूपए का प्रावधान करते हुए 109 फसलों पर फोकस किया है जिसके लिए सरकार धन्यवाद का पात्र है। उन्होंने कहा कि बजट में अधोसंरचना के विकास के साथ जनकल्याण का समावेश एवं नारी शक्ति को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट से सभी वर्ग का सर्वांगीण विकास होगा। बजट में कैंसर की दवाईयों के दाम घटाकर मरीजों को राहत दी गई है। मोबाईल और चार्जर समेत अन्य उपकरणों पर से सीमा शुल्क 15 प्रतिशत घटा दिया गया जिससे आम लोगों को कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था को समर्पित यह बजट भारत को शिखर पर पहुंचाने वाला बजट है।

# माधव सेवा समिति द्वारा किरंदुल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में किया श्रमदान



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में शुक्रवार को हुई भारी बारिश के कहर के बीच आई इस भीषण आपदा से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था इस त्रासदी की घड़ी में जन सामान्य के बीच सहयोग करने के लिए माधव सेवा समिति श्रम दान करते हुए सामने आई जिसमे 120 स्वयंसेवक दंतेवाड़ा जिले से किरंदुल नगर में एकत्र होकर मलप्पा कैंप, बंगाली कैंप, सुभाष नगर, तालाब पारा के विभिन्न स्थानों एवं घरों से मलबा एवं जल भराव को खाली किए एवं जन सामान्य की दुख पीढ़ा को समझा साथ हम सभी को प्रेरणा दिया है कि हम भी अपनी घरों से बाहर आकर अपने नगर के समस्या के निराकरण में सहयोग प्रदान करें।

# राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर छात्राएं कर रहीं हैं लगातार रक्तदान






पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर के स्वयंसेवक वनिता नेताम बीएससी तृतीय वर्ष के छात्रा ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस आर कुंजाम, जिला संगठक बी डी चांडक एवम् कार्यक्रम अधिकारी विकास चंद्रवशी विशाल के मार्गदर्शन में प्रथम बार ए पॉजिटिव रक्तदान जिला अस्पताल नारायणपुर में किया। इससे पहले भी बहुत से छात्रा स्वयंसेवक रक्तदान कर चुके हैं और लगातार यह रक्तदान का सिलसिला जारी है। रासेयो जिला संगठक नारायणपुर भगवान दास चांडक ने बताया की राष्ट्रीय सेवा योजना एक राष्ट्रीय स्तर का योजना है जिससे जुड़कर स्वयंसेवक शासन प्रशासन के योजनाओं को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने में अपना अहम भूमिका निभाते हैं। इसी योजना से जुड़कर रासेयो इकाई के स्वयंसेवक लगातार जरूरतमंदों को रक्तदान कर रहे हैं, जो की बहुत ही सराहनीय है। वनिता नेताम ने भी रक्तदान करके बहुत अच्छा महसूस किया और अन्य लोगों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक किया।

# चमत्कारिक उपचार के नाम पर संतान देने का दावा करने वाले बाबा पर हो कार्रवाई : डॉ. दिनेश मिश्र



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्राम बूटीपाली में निसंतान दंपतियों को चमत्कारिक उपचार से संतान देने का दावा करने वाले बाबा पीतांबर जगत के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### भ्रामक दावे और अंधविश्वास का प्रसार

डॉ. मिश्र ने कहा कि पीतांबर जगत नामक व्यक्ति, जो मात्र पांचवी पास है, कुछ दिनों से अपना दरबार लगाकर निसंतान दंपतियों को संतान देने, बीमारियों को ठीक करने और अन्य चमत्कारिक दावे कर रहा है। उन्होंने बताया कि यह सभी दावे चिकित्सा विज्ञान के दृष्टिकोण से पूरी तरह अप्रमाणिक और झूठे हैं। प्रसाद नींबू से गर्भधारणः बाबा का दावा है कि उनके द्वारा खिलाए गए प्रसाद नींबू से 15 मिनट में निसंतान दंपतियों में गर्भधारण हो जाता है। अल्ट्रासाउंड में गर्भ का न दिखनाः बाबा का दावा है कि गर्भधारण के बाद भी सोनोग्राफी में गर्भ नहीं दिखाई देगा, जो चिकित्सा विज्ञान के विपरीत है। बाबा का दावा है कि उनके इलाज से चार से पांच महीने में भी स्वस्थ बच्चा पैदा हो सकता है। बाबा का दावा है कि 50 वर्ष से ऊपर की महिलाएं भी गर्भवती हो सकती हैं, भले ही उनका मासिक धर्म बंद हो चुका हो। बाबा का दावा है कि गर्भधारण के बावजूद महिलाओं का मासिक धर्म चलता रहेगा। बाबा का दावा है कि चार महीने या उससे भी छोटे बच्चों को भी चलाया जा सकता है। बाबा का दावा है कि प्रारंभिक अवस्था में ही भ्रूण में मूवमेंट होता है। वह लड़के या लड़की पैदा होने के लिए अलग-अलग दवा दे सकते हैं और बिना जांच के जुड़वा बच्चों का दावा कर सकते हैं।

### प्रशासनिक कार्रवाई की मांग

डॉ. मिश्र ने कहा कि बाबा पीतांबर जगत के इन भ्रामक दावों से ग्रामीण जनता भ्रमित हो रही है और संतान की आस में उनके पास आ रही है, जिससे अंधविश्वास फैल रहा है। उन्होंने इंडियन ड्रग एंड मेडिक रेमेडी एक्ट 1954 के तहत इस प्रकार के चमत्कारिक उपचार के दावों को अवैज्ञानिक और गलत बताया। डॉ. मिश्र ने जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है ताकि ग्रामीण जनता को अंधविश्वास और धोखाधड़ी से बचाया जा सके। हाल ही में अन्य स्थानों पर ऐसे ही चमत्कारिक दावों के चलते भगदड़ और दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनसे जानमाल की हानि हुई है। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन की त्वरित कार्रवाई आवश्यक है।

# फसल बीमा के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

किसान खरीफमौसम में फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। राज्य शासन द्वारा किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का अधिसूचना जारी किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित धान एवं अन्य फसल मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी का बीमा करा सकते हैं। योजनांतर्गत भू-धारक व बटाईदार किसान सम्मिलित हो सकते है। जिन किसान का अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत हुआ है, उन किसानों का फसल बीमा संबंधित संस्थान द्वारा किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान योजना में शामिल हो सकते है। खरीफ मौसम के लिए बीमा राशि निर्धारित किया गया है। कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत किसानों द्वारा प्रीमियम के रूप में देना होगा। धान सिंचित हेतु 480 रू. प्रति एकड़, धान असिंचित के लिए 360 रु. प्रति एकड़, मक्का हेतु 336 रू. प्रति एकड़, कोदो के लिए 64 रू. प्रति एकड़, कुटकी के लिए 68 रु. प्रति एकड़, रागी के लिए 60 रू. प्रति एकड़, अरहर के लिए 304 रू. प्रति एकड़, उड़द एवं मूंग के लिए 184 रू. प्रति एकड़, तथा मूंगफली के लिए 336 रू. प्रति एकड़, निर्धारित किया गया है। अऋणी किसान आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बी-1, पी-2 तथा फसल बुवाई प्रमाण पत्र के साथ अपने नजदीकी सीएससी सेंटर अथवा संबंधित बैंक में फसल बीमा करा सकते है ।

# पुलिस ने बल्कर वाहन को चोरी कर, बेचने के लिए ले जाने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## आरोपी सीमेंट भरने की बात कर, वाहन को बिलासपुर ले जा रहे थे बिक्री करने के लिए

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आरोपियों द्वारा दुर्गा जिप्सम वेंचर्स प्रा.लि.कंपनी बलौदाबाजार के बल्कर वाहन में सीमेंट भरने रिसदा जा रहे हैं, कहकर लेकर चले गए और रिसदा ना पहुंचकर चोरी कि नियत से वाहन को दोनो आरोपियों द्वारा मालिक के बिना जानकारी के चोरी कर बेचने के लिए बिलासपुर ले जाया जा रहा था। कि प्रार्थी मिथुन मैनेजर द्वारा वाहन अब तक लोड क्यों नही हुआ, कहकर पता किया गया, तो वाहन के संबंध में कुछ भी पता नहीं चला। इसके बाद न्यु विस्टा लि. सीमेंट कंम्पनी रिसदा मे पता करने पर वहां पर भी वाहन लोड होने, संयंत्र नहीं आना बताया गया। कि प्रार्थी की लिखित शिकायत कर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र 493/2024 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान थाना सिटी कोतवाली से प्रआर संतराम बंजारे एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपीयों को चोरी के वाहन सहित भाटापारा शहर के नाका न.02 के पास पकडा गया। जिनके कब्जे से चोरी का वाहन बल्कर क्र. सीजी 22 वाय 9239 को किमती 30 लाख को जप्त किया गया है। दोनों आरोपीयों के विरूद्ध जांच विवेचना, गवाहों के कथन एवं संकलित साक्ष्य के आधार पर अपराध सबुत पाये जाने से दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वटगन एवं रोहांसी चौक का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वटगन एवं रोहांसी में सडक मार्ग स्थित मुख्य चौंक का निरीक्षण किया गया। यह दोनों ग्राम व्यापारिक, भीड़भाड़ एवं अन्य दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण ग्राम है तथा इन ग्रामों में स्थित दोनों चौक में विगत कुछ दिनों में सड़क दुर्घटना होने कि सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इन दोनों मार्गो में अक्सर लोगों का भीडभाड रहता है तथा ग्राम सरपंच एवं आमजनों के अनुसार चौक से गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार की काफी तेज रहती है। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अमृत कुजुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात एवं थाना प्रभारी पलारी निरीक्षक शशांक सिंह को दोंनो स्थानों में आवश्यक संख्या में स्टॉपर लगाने, वाहनों की रफ्तार को कम करने के लिए ड्रम, टायर आदि एवं संकेतक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना पलारी की पेट्रोलिंग पार्टी के माध्यम से नियमित अंतराल में दोनों ग्राम के सडक मार्ग मुख्य चौक में पेट्रोलिंग करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# प्राथमिक शाला स्टेशन पारा बेलसोंडा में मनाया गया शिक्षा सप्ताह

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



थमिक शाला स्टेशन पारा बेलसोंडा में शासन के निर्देशानुसार 22-07-2024 से 28-07-2024 तक शिक्षा सप्ताह मनाया गया। शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस में टी एल एम दिवस,दूसरे दिवस एफ एल एन दिवस,तीसरे दिवस, खेल दिवस, चौथे दिवस सांस्कृतिक दिवस, पांचवे दिवस कौशल एवं डिजिटल पहल दिवस, छठवे दिवस मिशन लाइफ/ इको क्लब दिवस, सातवा एवं अंतिम दिवस सामुदायिक भागीदारी न्योता भोज का रहा। शिक्षा सप्ताह का मूल उद्देश्य समुदाय में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं समुदाय को शैक्षिक गतिविधियों में शामिल करना है। इस आयोजन में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, पालको एवम समुदाय का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में शाला की प्रधान अध्यापिका ममता चन्द्राकर, शिक्षिका जयश्री साहू, योगिता सिन्हा, शिक्षक अनिल कुमार चन्द्राकर, रसोइया बिमला चन्द्राकर, ममता निषाद सफाई कर्मी नीता देवदास, पालक समुदाय से प्रमिला निषाद, मालती निषाद पायल, रमशीला का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षा सप्ताह के छठवें दिन शाला परिसर मे किया वृक्षा रोपण तथा बाल सभा का गठन



पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

शासकीय बालक / कन्या प्राथमिक शाला नर्रा मे शिक्षा सप्ताह के छठवें दिन शाला परिसर मे छायादार व फलदार पौधे का रोपण किया गया, साथ ही साथ विद्यालय के संचालन हेतु बाल सभा का गठन किया गया। जिसमे बालिका वर्ग कु पोमेश्वरी प्रधानमंत्री बनी वही बालक वर्ग से गौतम प्रधानमंत्री मनोनीत किए गए। दोनो वर्ग से शिक्षामंत्री कु कुंती मुकेश बने स्वस्थ्यमंत्री कु रेशमा और पारेख खेलमंत्री कु हिमानी व वेदराम संस्कृतिक मंत्री कु भूमिका तामेश सुरक्षामंत्री कु पूजा और आहिल बागवानी पूनम खोमन स्वस्थता व जल विभाग कोनिका व प्रेमशंकर अनुशासन मे ज्योति त्रमेश खोया पाया विभाग मे मुस्कान व सत्यम इत्यादि को मनोनीत कर बनाया गया है। इस प्रकार कक्षा के संचालन के लिए कक्षाओं मे कक्षा नायक व उप कक्षा नायक का मनोयन कर दायित्व बोध करा कार शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान प्रधान पाठक बालक श्रवण कुमार ठाकुर प्रधान पाठक कन्या डीगम साहू कुंती दीवान शिक्षिका मनीष कुमार यादव सहायक शिक्षक एवं छात्र छात्राओं व शाला परिवार का सहयोग रहा है।

# मजबूत हो रहा है स्प्रेयर बाजार, कई विकल्प के बीच हैंड स्प्रेयर अभी भी शीर्ष पर



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

दबाव खरपतवार का। अनिवार्य है खरपतवार नाशक का छिड़काव। इसलिए स्प्रेयर की खरीदी जोर पकड़ती नजर आ रही है। बड़ी राहत यह है कि हर क्रय शक्ति वाले किसान का ध्यान रखा है स्प्रेयर बनाने वाली यूनिटों ने। स्थिर कीमत के बीच हाथ, पैर और बैटरी से चलाए जाने वाले स्प्रेयर उपलब्ध हैं। करीब एक माह पहले ही शुरू हो चुका स्प्रेयर बाजार इस वर्ष 25 से 30त्न ग्रोथ की आस लेकर चल रहा है क्योंकि मांग चारों तरफसे है स्प्रेयर में। जरूरत खरपतवार प्रबंधन के लिए पड़ रही है। यह दौर आगे भी बने रहने की संभावना है, जो कीटनाशकों के छिड़काव के रूप में देखा जाएगा। इधर सब्जी बाड़ियों से भी मांग निकलने की संभावना बन रही है।

### दबाव खरपतवार का

खरीफ फसलों के लिए मानसून का शुरुआती दौर ठीक नहीं रहा। बोनी के बाद बारिश की मात्रा कमजोर होने से सांवा, बदौरी, चुहरी, चौड़ी और सकरी पत्तियाँ जैसे घातक खरपतवार को बढ़वार के लिए पूरा समय मिला। मुख्य फसल को बचाने के लिए प्रबंधन आवश्यक था। लिहाजा किसानों को खरपतवार नाशक के साथ स्प्रेयर की भी खरीदी करनी पड़ रही है।

### सब्जी बाड़ियां भी

मौसम का रुख सब्जी फसलों के लिए ठीक नहीं माना जा रहा है। सब्जी बाड़ियों को खरपतवार के साथ कीटनाशक की भी जरूरत पड़ रही है। यह स्थिति भी स्प्रेयर की मांग बढ़ा रही है लेकिन यह क्षेत्र स्प्रेयर की खरीदी में बैटरी चलित स्प्रेयर को प्राथमिकता दे रहा है। राहत की बात यह है कि इस प्रकार के स्प्रेयर की कीमत स्थिर बताई जा रही है।

### मजबूत हैंड स्प्रेयर

भिन्न सुविधा वाले स्प्रेयर की उपलब्धता के बावजूद हाथ से चलाए जाने वाले स्प्रेयर पर किसानों का भरोसा अभी भी बना हुआ है। इसमें 700 से 1500 रुपए तक की रेंज यूनिटों ने उपलब्ध करवाई है। पैरों से चलाया जाने वाला स्प्रेयर अपेक्षाकृत कम ही मांग में रहता है। इसके बावजूद 1800 से 2500 जैसी कीमत के साथ उपस्थित है। मांग बैटरी चलित स्प्रेयर में भी बनी हुई है। इसमें कीमत 1900 से 4000 रुपए तक की रेंज उपलब्ध है।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में सैकड़ों हितग्राही हुए लाभांवित

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देश पर एवं कलेक्टर की दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में आज जिले के सभी समस्त नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डो में ÷जनसमस्या निवारण पखवाड़ा' का वार्डवार शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने सभी नगरीय निकायों में अधिकारियों से नागरिकों की समस्याएं निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दौरान वार्डवार आयोजित शिविरों में स्थानीय नागरिकों की समस्याएं, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, नल कलेक्शन, राष्ट्रीय परिवार सहायता, नल कनेक्शन, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने तथा नामांतरण व स्वरोजगार तथा कचरे की सफाई, स्ट्रीट लाईट, मरकरी, बल्ब, ट्यूब लाईट का बंद रहना सहित अन्य समस्या का त्वरित निराकरण के लिए आवेदकों से आवेदन शिविर में आवेदन लिए गए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाईयां वितरित की गई। राजस्व विभाग द्वारा शिविर लगाया गया था। शिविर स्थल पर छूटे हुए लोगों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लोगों मे लाभांवित किया गया। साथ ही आयुष्मान कार्ड, प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशन कार्ड वितरित किया गया। नगर पंचायत फिंगेश्वर में 4 हितग्राहियों त्वरित राशन कार्ड वितरित किया गया। इनमें 74 वर्षीय कीमती धानबाई ध्रुव, 54 वर्षीय जानकी, सब 44 वर्षीय कुमारी बाई सोनवानी, 23 वर्षीय रिंकू ध्रुव एवं कुमारी लीना ध्रुव का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रदत शिविर स्थल पर प्रदाय किया गया। इस दौरान स्थानीय नगर निकाय के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण तथा नगरीय निकायों के अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित थे।जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन वार्डवार होने पर हितग्राहियों ने कहा कि शासन की मंशानुरूप वार्ड पर ही हितग्राहियों को लाभांवित करना यह शासन की अच्छी पहल है। कई शिविर स्थल ही लोगों को कई योजनाओं के बारे में जानकारी मिल पाई है। इसके लिए उन्होंने शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बताया कि जिले के सभी नगरीय निकायों में आज से शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान नगरीय निकायों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इन शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# शिक्षु आईएएस ने ग्राम पंचायत भूमिया एवं सांकर का निरीक्षण किया



पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

जिला रायपुर की प्रशिक्षु आई .ए . एस सुश्री अनुपमा आनंद ने बिते दिन जनपद पंचायत तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भूमिया और सांकरा का दौरा किया गया । इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भूमिया के जन प्रतिनिधियों से संवाद कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली । साथ ही उन्होने स्वच्छाग्राही दीदियों से उनके काम के बारे में चर्चा किया । माध्यमिक शाला पहुँचकर उन्होंने शिक्षको से बात कर छात्र छात्राओं की पढ़ाई की जानकारी ली तथा बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया और खाने की गुणवत्ता जाँची सुश्री आनंद . ने भूमिया स्थित उचित मूल्य की दुकान तथा आंगन बाड़ी केन्द्र का भी निरिक्षण किया । सांकरा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर उन्होंने वहाँ पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर दवाई इत्यादि की उपलब्धता की जानकारी ली । इस दौरान तिल्दा जनपद पंचायत के सी . ई .ओ . विवेक गोस्वामी भी उपस्थित थे ।

# पुलिस एवं एसडीआरएफ की संयुक्त टीम द्वारा बाढ़ से प्रभावित ग्राम गणेशपुर में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया




पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सिमगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गणेशपुर में दरचुरा बांध के टूट जाने से आसपास के 03 गांव में जलभराव से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई हैं और कुछ ग्रामीण बाढ़ में फंसे हुए हैं। कि सूचना के तत्काल बाद थाना सिमगा से पुलिस बल एवं निर्देशानुसार एसडीआरएफ रायपुर की 12 सदस्यीय टीम घटना स्थल ग्राम गणेशपुर पहुंचा। टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर रात के अंधेरे में सर्च लाईट व पेलिकन लाइट के साथ मोटर बोट लेकर बाढ़ में फंसे 03 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन उपरांत बाहर निकाला गया, जिसमें मसीह दयाल 70 वर्ष, खिस्था कुमारी 62 वर्ष एवं मंजू मसीह 50 वर्ष शामिल हैं। इस दौरान ग्राम गणेशपुर में ही रात्रि बाढ़ में फंसे एक बालक को थाना सिमगा में पदस्थ आरक्षक संजय ध्रुव द्वारा अपने कंधे पर बैठाकर सकुशल सुरक्षित स्थान में लाया गया। इस दौरान सुरक्षा एवं बचाव कार्य हेतु पुलिस बल एवं एसडीआरएफ की टीम अभी भी तैनात है।

# राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भाटापारा के छात्र विनय ध्रुव और कुणाल शर्मा करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल खमरिया भाटापारा के दो छात्र का चयन राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में ये छात्र जिला बलौदा बाज़ार का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्पर्धा में चयनित छात्र विनय ध्रुव और कुणाल शर्मा प्रतियोगिता के लिए काफी दिनों से अभ्यासरत हैं। तैराकी के क्षेत्र में विशिष्ट अनुभव रखने वाले अनुभवी प्रशिक्षक गणेशु पाल ने इन छात्रों को अपने कुशल मार्गदर्शन में प्रशिक्षित करके तैराकी की कला में पारंगत बनाया है। यह जोड़ी भिलाई (डीपीएस रिसाली) में 26 जुलाई से 28 जुलाई 2024 तक होने वाली राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी। ये छात्र अपने कौशल, प्रशिक्षण को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। इस तैराकी स्पर्धा के लिए लगातार कई दिनों से अभ्यासरत विद्यार्थी अपने अथक परिश्रम, निष्ठा और लगन से किए गए अभ्यास को लेकर प्रतियोगिता के लिए बिल्कुल निश्चिंत, निर्भीक तथा सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध हैं। चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में कई कौशल छिपे रहते हैं, बस उसे उजाकर करने के लिए पूरी निष्ठा और दृढ़ता के साथ भिड़ना होता है, जिसमें संबंधित शिक्षक और विद्यार्थियों की अहम भूमिका होती है। आगे उन्होंने इस तैराकी स्पर्धा के लिए चयनित विद्यार्थियों को आशीर्वचनों में कहा कि आप लोग अवश्य ही इस प्रतियोगिता में बढ़िया प्रदर्शन करके अपना स्थान बनाने में सफल होंगे। अंत में प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों के अंदर विद्यमान अलौकिक प्रतिभाओं को बाहर निकालने के लिए हम प्रयत्नरत हैं और इसकी बेहतरी के लिए सदैव प्रयास करते रहेंगे।

# विधानसभा में गूंजा सोलर प्लांट जमीन आबंटन और नवीन तालाब निर्माण में भ्रष्टाचार का मुद्दा

## विधायक चातुरी नंद ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सदन का कराया ध्यान आकृष्ट

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केना में निर्माणाधीन सोलर प्लांट को गलत तरीके से जमीन आवंटन और नवीन तालाब निर्माण में किए गए भ्रष्टाचार की ओर विधायक चातुरी नंद ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक चातुरी नंद ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम केना में स्थापित होने वाले मेसर्स क्लीन मैक्स सोलर एनर्जी पावर लिमिटेड को ग्राम केना, इच्छापुर, माधोपाली, देवलभांठा, टेंगनापाली समेत कई गांवों में राजस्व अधिकारियों के मिलीभगत से शासकीय जमीन को नियम विरुद्ध देने का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। इसकी शिकायत जिला प्रशासन से भी की थी परंतु कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में विधानसभा के मानसून सत्र में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट कराया है। विधायक नंद ने यह भी बताया कि कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र के ग्राम बंदलीमाल में 60 लाख रूपये की लागत से और ग्राम खोखेपुर में 40 लाख रूपये की लागत से नवीन तालाब निर्माण कराया गया जिसमें जमकर भ्रष्टचार किया गया है। तालाब निर्माण ऐसे जगह में कराया गया है जिससे ना तो ग्रामीणों को फायदा होगा, ना किसानों को और ना ही जल संरक्षण हो सकेगा। भ्रष्टाचार के नियम से तालाब का निर्माण कर करोड़ों रुपयों का बंदरबांट किया गया हैं। विधायक नंद ने राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए ऐसे मुद्दों को प्रमुखता से विधानसभा में उठाने की बात कही है।

### विधायक चातुरी नंद ने क्षेत्र के कई मुद्दों को लेकर विधानसभा में आवाज की बुलंद

विधानसभा क्षेत्र की विधायक चातुरी नंद ने विधानसभा में शून्यकाल के माध्यम से सिंघोड़ा स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस को जशपुर भेजे जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने स्थगन में भी इस मुद्दे को उठाया और स्वास्थ्य मंत्री को स्वास्थ्य सुविधा में कटौती ना करके बढ़ोतरी करने का आग्रह किया। विधायक नंद ने इसी तरह सागरपाली, बिछिया, रोहिना समेत क्षेत्र के कई गांवों के किसानों को ओलावृष्टि का मुआवजा और फसल बीमा राशि का अब तक भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने 10 वीं बोर्ड में पूरे प्रदेश में 9वें स्थान हासिल करने वाली ग्राम मुंडपहार के रिया साहू को श्रम विभाग द्वारा मेधावी छात्रा छात्रवृति से वंचित होने का मुद्दा भी शून्यकाल के माध्यम से उठाया। विधायक नंद ने बताया कि क्षेत्र के कई समस्याओं को शून्यकाल के माध्यम से उठाकर उनके यथाशीघ्र निराकरण की मांग की गई हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 10 सड़कों की स्वीकृति बजट में की गई है परंतु इसकी प्रशासकीय स्वीकृति आज तक नहीं दी गई है। बता दें कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद क्षेत्र के साथ ही विधानसभा में भी बेहद ही सक्रिय रहती है। विधायक नंद की कार्यकुशलता की तारीफ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह भी कर चुके है।

# खाद्य मंत्री बघेल ने कुएं में जहरीली गैस से मृतकों के परिजनों से मुलाकात की

## परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए मौके पर 25-25 हजार की मदद

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य मंत्री दयालदास बघेल बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कुंआ पहुंचकर जहरीली गैस के कारण दम घुटने से मृत तीन ग्रामीणों आत्माराम साहू, रामकुमार ध्रुव एवं राकेश साहू के अंतिम संस्कार में शामिल होकर शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर तीनों मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रूपए अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक मदद प्रदान की। मंत्री दयालदास बघेल ने शोक संतप्त परिवारजनों को ढांढस बंधाते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने परिवारजनों से कहा कि राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत तीनों परिवारों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। विदित हो कि बीते शनिवार को बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कुंआ में केसिंग पाईप की मरम्मत करने के लिए कुएं में उतरे 55 वर्षीय आत्माराम साहू, 45 वर्षीय राम कुमार ध्रुव एवं 25 वर्षीय राकेश साहू की जहरीली गैस के रिसाव से मृत्यु हो गई थी।

# सी.आई.एस.एफ. के जवानों ने किया रक्तदान



पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

सी.आई.एस.एफ. सेक्टर-3 भिलाई द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में सी.आई.एस.एफ से प्रतीभा अग्रवाल डीआईजी, डॉ. ईकबाल, बीजू आर तथा सी.आई.एस.एफ के जवानों ने रक्तदान किया। इस प्रकार जिला चिकित्सालय दुर्ग को 22 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। शिविर में ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, नर्सिंग आफिसर तरुणा रावत, काउंसलर टी. एस. एंथोनी, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन महेंद्र चंद्राकर, तीरथ यादव, कौशल साहू, हिमांशु चंद्राकर, अशोक मानिकपुरी प्रशिक्षणार्थी यशवंत, डेमन, नम्रता, मानसी उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा और सभी ने रक्तदाताओं को साधुवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शास.आदर्श कन्या शाला दुर्ग में मना सहभागिता दिवस



पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

शास.आदर्श कन्या शाला दुर्ग में शिक्षा सप्ताह। के सातवें दिन सामुदायिक सहभागिता दिवस मनाया गया इस अवसर पर छात्राओं के पालकों को आमंत्रित किया गया शाला की प्राचार्या डॉ. कृष्णा अग्रवाल ने इस अवसर पर शाला में चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। विदुद्यांजली योजना के तहत जन समुदाय से विद्यादान करने हेतु भी निवेदन किया गया तथा छात्राओं के साथ साथ पालकों को भी साक्षर बनाने की मुहिम चल रही है पालकों को बताया गया कि उल्लास नवभारत सर्वे के द्वारा निरक्षर जन को साक्षर बनाया जाना सुनिश्चित करने हेतु छात्राओं की सहभागिता आवश्यक है, अभी तक लगभग 335 जन को शिक्षकों व छात्राओं द्वारा इस पोर्टल में रजिस्टर किया जा चुका हैं, विधालय के परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया ताकि पत्रविरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाय, छात्राओं को माता के साथ पौधा लगाने का उद्देश्य उन्हें पौधे से भावनात्मक लगाव उत्पन्ने करना है जिससे वे पौधे से जुड़ाव महसूस कर सकें पूर्णजल संचय को बढ़ावा देने हेतु पालकों को जागरूक किया गया इस अवसर पर पालकों के साथ घर के बड़े बुजुर्गो को भी आमंत्रित कर स्थानीय परिवेश से जुड़ना तथा जानकारी देना सुनिश्चित किया गया।

# कुशाभाऊ ठाकरे भवन में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर आज

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत में 29 जुलाई से 08 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया है। वार्ड वार सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक चयनित स्थान पर जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। शिविर को सुचारू रूप से संपादित कराने कार्यपालन अभियंता दिनेश कुमार नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।29 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर में होगा। इसमें वार्ड 14 से वार्ड 22 तक एवं वार्ड 57 लेकर वार्ड 60 तक के निवासियों द्वारा समस्या निवारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किये जा सकेंगे।इसी प्रकार अन्य वार्डों में भी जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया जा रहा है. 31 जुलाई अंगार मोती सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 33 में वार्ड 01 से वार्ड 06 तक 33 से 35 तक एवं वार्ड 56 तक. 01 अगस्त को बुद्ध विहार शंकर नगर वार्ड 07 से वार्ड 13 तक,05 अगस्त को जोन कार्यालय बोरसी में 50 से वार्ड 55 तक. इसके अलावा 07 अगस्त को विवेकानद भवन सभागार में वार्ड 36 से लेकर वार्ड 49 तक एवं 8 अगस्त को सिंधु भवन वार्ड 24 में शिविर वार्ड 23 से वार्ड 32 तक के वार्डवासियों के लिए शिविर होगा। वार्ड वार नागरिको की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वार्ड के नागरिको से आवेदन लिया जाएगा।छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश और आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन ने नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में नागरिक अपना आवेदन कर सकते है।जैसे कि नल कनेक्शन,राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृध्दावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, नल लीकेज / नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, नालियों/गलियों की सफाई, नलों में पानी न आना, कचरे की सफाई व परिवहन से टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़को के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट की मर्करी/बल्ब / ट्यूब का बंद होना इत्यादि दिन-प्रतिदिन की समस्याओं/शिकायतों का निराकरण को दृष्टिगत रखते हुए 29 जुलाई से 08 अगस्त के मध्य 'जन समस्या निवारण पखवाड़ा' के रूप में निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्डवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।बता दे कि शिविर में कर दाताओं को करो का भुगतान शिविर में ही करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। शिविर से संबंधित शिकायत / मांग के आवेदन प्राप्त कर यथोचित निराकरण किया जावेगा।

# दो अलग-अलग जगहों पर सट्टा खेला रहे दो सटोरिया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा खेलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी नगरी द्वारा दो अलग अलग जगहों पर दो सटोरियों को सट्टा पट्टी सहित सट्टा लिखते नगरी पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है।आरोपी राहुल बंजारे पिता बल्लू बंजारे उम्र 21 वर्ष वार्ड क्रमांक 13 बाजार पारा नगरी थाना नगरी जिला धमतरी द्वारा नगरी के बस स्टैण्ड चौराहा के पास में आम जगह पर लोगों को सट्टा पट्टी नामक जुआ अंकों में लिखकर रुपए पैसे की हार जीत की दांव लगाकर जुआ खिलाते हुए मौके पर पकड़े गए। जिनके पास से 870 रू नगदी, एक नग विभिन्न अंकों के आगे पैसा लिखा हुआ 03 नग सट्टा पट्टी, 1 नग डाट पेन जप्त किया गया। आरोपी योगेश देवांगन पिता भोमराज देवांगन उम्र 40 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 11 चुरियारापारा नगरी थाना नगरी जिला धमतरी द्वारा राजाबाडा नगरी में आम जगह पर लोगों को सट्टा पट्टी नामक जुआ अंकों में लिखकर रुपए पैसे की हार जीत की दांव लगाकर जुआ खिलाते हुए मौके पर पकड़े गए। जिनके पास से 2350 रूपये नगदी, एक नग विभिन्न अंकों के आगे पैसा लिखा हुआ, 01 नग डाट पेन जप्त किया गया। दोनों सटोरिये के खिलाफ थाना नगरी में अप क्र 48, 49/24 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 धारा 06 (क) जुआ एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है एवं दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# छ.ग. शालेय शिक्षक संघ की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



छ. ग. शालेय शिक्षक संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल ने शिक्षकों की मांगो और समस्याओ को लेकर आगे की रणनीति से सभी पदाधिकारीयो को अवगत कराया गया। जिसमे प्रमुख रूप से स्थानांतरण से वरिष्ठता प्रभावित शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता की गणना को लेकर जिले से प्रान्त तक ज्ञापन देने की बात प्रमुखता से हुई तथा 31ता को कलेक्टर मुंगेली के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री को ज्ञापन तत्पश्चात प्रांतीय निर्देशानुसार राज्य मे भी ज्ञापन दिया जायेगा। ततपश्चात् हमारे पूर्व के नियुक्त साथी बिना पेंशन के सेवानिवृत हो रहे है इसके बाद भी उनको ना तो पुरानी पेंशन मिल रही है और ना ही नया पेंशन इसी कारण पूर्व की सेवा की गणना करते हुये प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन हेतु मान्य किये जाने हेतु सभी शिक्षक साथियो को सक्रिय रहने की बात कही गई साथ ही साथ सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगती के मुद्दे पर इसे दूर करने के लिए प्रांतीय नेतृत्व के साथ प्रयास किया जायेगा, देय तिथि से महंगाई भत्ता, केशलेस चिकित्सा, युक्तिकरण, सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूची जारी करने सहित अन्य विषय पर भी चर्चा की गई द्यआज की बैठक मे प्रमुख रूप से दीपक वेंताल जिलाध्यक्ष, नेमीचंद भास्कर जिला सचिव, दुर्गेश देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष, अमिताभ शर्मा, नरेंद्र तिवारी, पीला लाल दिवाकर, सुशील जांगड़े, रविकांत पुरी गोस्वामी, विवेक गोविन्द, घनश्याम देवांगन, महादेव प्रसाद साहू, जितेन्द्र शर्मा, रविकांत मिरि, रितेश पांडेय, अवनीश तिवारी, राजेंद्र कुमार साहू, प्रेमदास वैष्णव, खिरेंद्र कुमार साहू, दिनेश साहू उपस्थित रहे।

# किसान 31 जुलाई तक करा सकते हैं अपने फसलों का बीमा

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

उद्यानिकी फसल अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक आदि के उत्पादन से जुड़े किसान अपने फसलों का 31 जुलाई तक बीमा करा सकते हैं। साग-सब्जी एवं फलों की खेती करने वाले उद्यानिकी कृषकों को प्रतिकूल मौसम से होने वाले क्षति से बचाने के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उद्यान विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि इच्छुक ऋणी-अऋणी किसान अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कम्पनी, भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इच्छुक कृषकों को अधिसूचित फसलों की बीमित राशि का 05 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर देना होगा। इस हेतु बीमा कम्पनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि विशाल गुलाटी मोबाईल नम्बर 7224991180 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि ताराचंद मोबाईल नम्बर 9617739731 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अधिसूचित फसलों में टमाटर के लिए देय प्रीमियम 06 हजार रूपए, बैगन के लिए बीमित राशि प्रति हेक्टेयर देय प्रीमियम 03 हजार 850 रूपए, अमरूद के लिए 02 हजार 250 रूपए, केला के लिए 08 हजार 250 रूपए, पपीता के लिए 06 हजार 250 रूपए, मिर्च के लिए 04 हजार 500 रूपए और अदरक के लिए 07 हजार 500 रूपए किसानों को देना होगा। इस योजना में अऋणी कृषक को शामिल होने के लिए घोषणा पत्र के साथ फसल बोआई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र सहित संबंधित अन्य अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। इसी तरह ऋणी कृषक, जो योजना में शामिल होना नहीं चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन प्रपत्र अनुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र अनुसार बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 07 दिवस के पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

# मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष की अधिशासी समिति की बैठक

## मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में निर्माण और उन्नयन कार्यों के लिए 24 करोड़ 14 लाख रुपये की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष की अधिशासी समिति की बैठक में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न निर्माण और उन्नयन कार्यों के लिए कुल 24 करोड़ 14 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों में 1 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत से मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य, 84 लाख रुपये की लागत से खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रतनपुर में 2 एफटाइप स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य , खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 62 लाख रूपए की लागत से 2 जी टाइप स्टाफ क्वार्टर का निर्माण कार्य, खड़गवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिरमिरी में 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य, भरतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनकपुर में 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, केल्हारी में 24 लाख 54 हजार रूपए की लागत से बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रतनपुर में 41 लाख 34 हजार रुपये की लागत से बाउंड्रीवाल, रोड पेवर ब्लॉक और ए.सी.पी. का कार्य, जनकपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 8 लाख 93 हजार रूपए की लागत से रोड पेवर ब्लॉक का कार्य, मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 40 लाख रूपए की लागत से अतिरिक्त 30 बिस्तरों का महिला और पुरुष वार्ड का निर्माण कार्य, जिला अस्पताल चिरमिरी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरमिरी) में 50 लाख रुपये की लागत से फिजियोथेरपी यूनिट की स्थापना (निर्माण और उपकरण) , जिला अस्पताल, चिरमिरी (चिरमिरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) में 8 करोड़ रूपए की लागत से 64 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन की खरीदी, मनेन्द्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र / प्रस्तावित 220 बिस्तरीय अस्पताल में 8 करोड़ रूपए की लागत से 64 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन की खरीदी, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर और खड़गवां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्येक केन्द्र के लिए कुल लागत 24 लाख रूपए से 2 डेड बॉडी फ्रीजर (कुल 8) का खरीदी कार्य शामिल है।

# जुआ एक्ट में अब एसीबी एवं ईओडब्ल्यू को मिला जांच और कार्रवाई का अधिकार

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार राज्य में जुआ-सट्टा विशेषकर ऑनलाइन गैम्बलिंग पर कड़ाई से रोक और इस मामले में संलिप्त लोगों पर तेजी से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने विधिवत् अधिसूचना का प्रकाशन कर छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की समस्त धाराओं के अंतर्गत अब एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) एवं राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण (ईओडब्ल्यू) को जांच और कार्रवाई का अधिकार दे दिया है। एसीबी और ईओडब्ल्यू को यह अधिकार मिलने से ऑनलाइन जुआ के मामलों में भी तेजी से जांच एवं प्रभावी कार्रवाई हो सकेगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि एसीबी और ईओडब्ल्यू अब तक केवल भ्रष्टाचार और आर्थिक अनियमितता से जुड़े मामलों में जांच करती रही है। इस अधिसूचना के प्रकाशन से एसीबी और ईओडब्ल्यू की जांच और कार्रवाई का दायरा और बढ़ गया है। गौरतलब है कि एसीबी और ईओडब्ल्यू को जुआ एक्ट के तहत जांच और कार्रवाई का अधिकार मिलने से इन मामलों की जांच एक ही विंग में होगी। जिससे जांच में आसानी और कार्रवाई में तेजी आएगी। राज्य में जुआ-सट्टा पर प्रभावी तरीके से शिकंजा कसा जा सकेगा। छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम में ऑनलाइन जुए को शामिल किया गया है और इस मामले में दोषी पाए जाने पर 7 साल की सजा का प्रावधान तथा गैर जमानती धाराओं को शामिल किया गया था। अधिनियम में कार्रवाई के लिए कड़े प्रावधान करते हुए जुआ घर का स्वामी होना, जुआ खिलाना, ऑनलाइन जुआ खिलाना, विज्ञापन प्रतिषेध का उल्लंघन और कंपनी द्वारा अपराध को संज्ञेय तथा गैरजमानती अपराध बनाया गया है। छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 में जुआ घर की परिभाषा में ऑनलाइन जुआ प्लेटफार्म शब्द जोड़ा गया है। उपकरण की परिभाषा में इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख, डिवाइस, मोबाइल एप, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसफर ऑफ फंड्स शब्द जोड़े गये हैं। पुराने अधिनियम में ऑनलाइन जुआ के लिए दण्ड का कोई प्रावधान नहीं था। अब पृथक से दण्ड का प्रावधान किया गया है।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दूसरे दिन मिले 638 आवेदन

## आवेदन 194 का मौके पर ही निराकरण

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के नगरीय निकायों में शनिवार से प्रारंभ हुए जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दूसरे दिन लोगों के 638 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 194 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों और संभागीय क्षेत्रीय कार्यालयों के संयुक्त संचालकों को जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविरों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ शहरवासियों के आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा है।प्रदेश के सभी 184 नगरीय निकायों में 27 जुलाई से शुरू जनसमस्या निवारण पखवाड़ा 10 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। इन शिविरों में स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निदान किया जाएगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने पशुपालको से की अपील, सड़कों पर न छोड़े मवेशी

## सड़कों से मवेशियों को हटाने अधिकारी कर रहे हैं

पायनियर संवाददाता कोरिया
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन लगातार पशुपालको से अपील कर रहे हैं कि मवेशियों को सड़कों पर न छोड़ें क्योंकि इससे दुर्घटना की आशंका बनी होती है। जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जनपद पंचायत, पशुपालन विभाग, नगरीय- निकाय के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग सहित बाजार, चौक-चौराहे भीड़-भाड़ जगहों में आवारा, घुमन्तू मवेशी का जमावड़ा न हो, इसकी लगातार निगरानी करते हुए देर रात तक मवेशियों को हटाने का अभियान चलाते रहें। कलेक्टर के निर्देश के तहत देर रात तक बैकुंठपुर, सोनहत, शिवपुर-चरचा, पटना, खरवत, चेरवापारा, घुघरा, राष्ट्रीय राजमार्ग-43 के सड़कों पर बैठे मवेशियों को कर्मचारियों द्वारा लगातार देर रात तक हटाने की कार्यवाही की भी जा रही है। कलेक्टर लंगेह ने पशुपालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़कों पर मवेशियों को न छोड़े, घर, बाड़ी या गौठान में बांधकर रखें क्योंकि सड़को पर झुंड में बैठे-खड़े मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी होती है। आम लोगों से भी अपील करते हुए कलेक्टर लंगेह ने कहा चौक-चौराहे व सड़को पर बैठे मवेशियों को हटाने में सहयोग करें। लंगेह ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर बैठे घुमन्तू मवेशी मालिकों, पशुपालकों का चिन्हांकन कर आर्थिक दण्ड स्वरूप वसूली करें साथ ही बार-बार सड़को पर मवेशी छोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की बैठक संपन्न

**बेमेतरा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला- बेमेतरा के स्काउटर गाइडर की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे कक्ष में आहुत हुई । उद्धव साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में सत्र 2024-25 में स्काउट गाइड गतिविधि को आगे बढ़ाने की दिशा में किए जाने वाले शिविरों, कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मुख्य रूप से अंशदान पंजीयन शत प्रतिशत किए जाने विकास खंड स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। माह अगस्त में कब बुलबुल, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर की तृतीय सोपान/निपुण जांच शिविर, बेसिक प्रशिक्षण स्काउटर गाइडर हेतु, रोवर रेंजर हेतु यूथ फोरम आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया।



# कंटेंट के प्रति अधिक सजग हो गए हैं अक्षय

अक्षय कुमार बॉलीवुड के सुपरस्टार कलाकार हैं। उन्होंने बीते कई वर्षो से लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इस दौरान उन्होंने अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया है। वह फिल्मों में एक्शन से लेकर कॉमेडी तक हर जॉनर में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया है। लंबे वक्त तक वह हिट फिल्मों की गारंटी माने जाते रहे। उन्होंने इस दौरान लगातार हिट फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा बनाए भी रखा था। हालांकि, इन दिनों वह अपने करियर के सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। अक्षय की पिछली कई फिल्में अच्छा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। इस साल की शुरुआत में उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज हुई थी, जो असफल साबित हुई। इसके बाद उन्हें अपनी हालिया रिलीज फिल्म सरफिरा से उम्मीदें थीं, लेकिन यह फिल्म भी उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। यह तमिल की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरु की रीमेक है, जिसमें साउथ के सुपरस्टार अभिनेता सूर्या नजर आए थे। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला था। हालांकि, अक्षय वो जादू हिंदी में दोहरा नहीं सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का बजट 100 करोड़ है, लेकिन फिल्म रिलीज के लगभग दो सफ्ताह के बाद भी इसका पांचवा हिस्सा ही कमा सकी है। हालांकि, फिल्म के अभिनेता अक्षय इसे लेकर आशावादी बने हुए हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी हालिया फ्लॉप फिल्मों और असफलता से मिले सबक को लेकर बात की है। अभिनेता ने कहा, हर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून, पसीना और जुनून लगा होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना दिल तोड़ने वाला अहसास होता है, लेकिन आपको उम्मीद की किरण ढूंढना सीखना होगा। हर असफलता आपको सफलता का मूल्य सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्होंने अपने करियर में पहले ही असफलता से निपटना सीख लिया था। उन्होंने कहा, बेशक, यह आपको दुख पहुंचाता है और प्रभावित करता है, लेकिन इससे फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी। यह अभिनेता के नियंत्रण में नहीं है, आपके नियंत्रण में है कड़ी मेहनत करना, सुधार करना और अपनी अगली फिल्म पर ध्यान देना उसमें अपना सबकुछ झोंकना। मैं इस तरह से ही अपनी ऊर्जा को संचालित करता हूं और अगली फिल्म पर बढ़ने की कोशिश करता हूं। अपनी ऊर्जा को वहां केंद्रित करता हूं, जहां यह सबसे ज्यादा मायने रखता है।



# कम उम्र के रोल नहीं करना चाहतीं सोनम कपूर

**सिनेमा की दुनिया में पहली फैशन आइकन बनने वाली सोनम कपूर पिछले कुछ समय से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन अब शायद वापस आने का इंतजार कर रही हैं। अब हाल ही में, डर्टी मैगजीन के लिए कवर इंटरव्यू में सोनम कपूर ने इस बारे में बात की कि उन्हें किस तरह की भूमिकाएं मिल रही हैं और साथ ही उन्होंने अपने बेटे वायु के मीडिया के सामने आने के बारे में भी बात की। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।**

### सोनम को ऑफर हुए हैं ऐसे रोल

सोनम ने कहा, मैं फिर से अभिनय शुरू करने जा रही हूं, चाहे लोग चाहें या न चाहें। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें 20 की उम्र की भूमिकाएं ऑफर किए जाने पर अजीब लगता है। अभिनेत्री ने आगे याद किया कि उन्हें एक ऐसी लड़की की भूमिका का ऑफर किया गया था, जिसके माता-पिता चाहते हैं कि वह शादी कर ले। और यह तब था जब उन्होंने पूछा, क्या आप सच में मुझे यह फिल्म ऑफर करना चाहते हैं? इसका कोई मतलब नहीं है।

### कम उम्र के किरदार नहीं निभाना चाहती हैं अभिनेत्री

सोनम कपूर ने आगे बताया कि उन्हें एक स्कूली छात्रा की भूमिका निभाने का ऑफर दिया गया था, जो बाद में एक खिलाड़ी बन गई। सोनम ने सोचा कि वह बड़ी उम्र का किरदार निभाएंगी और कोई दूसरी अभिनेत्री युवा किरदार निभाएगी, लेकिन निर्माता चाहते थे कि वह दोनों किरदार निभाएं। अभिनेत्री ने कहा, मैंने सोचा, नहीं, मैं ऐसा नहीं कर सकती! आप जानते हैं, क्योंकि अब वे आपकी उम्र कम कर सकते हैं। मैं कम उम्र की नहीं होना चाहती। क्या आप मेरी उम्र कम होने की कल्पना कर सकते हैं?

### फैंस का जताया आभार

जब उनसे पूछा गया कि क्या युवा भूमिकाएं मिलना उनके लिए खुशी की बात नहीं है, तो सोनम ने कहा, मेरा मतलब है, जाहिर है कि मैं जान्हवी या खुशी जितनी युवा नहीं दिखती, लेकिन मैं इस बात के लिए काफी आभारी हूं कि लोग मुझे एक ऐसे व्यक्ति के रूप में देखते हैं, जिसकी उम्र ज्यादा नहीं है।

# पहली बार एक साथ दिखेंगे नयनतारा और कविन



साउथ अभिनेत्री नयनतारा और स्टार अभिनेता कविन ने अपनी आगामी फिल्म की घोषणा शूटिंग स्थल से एक रोमांटिक तस्वीर के साथ साझा की है। फिल्म के शीर्षक और फर्स्ट-लुक पोस्टर का जल्द ही खुलासा किया जाएगा। इस रोमांटिक फिल्म का निर्देशन विष्णु एडवन करेंगे, जिन्होंने निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ मिलकर काम किया है। अभिनेत्री नयनतारा और अभिनेता कविन के द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अभिनेत्री नयनतारा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रोमांटिक तस्वीर कविन के साथ साझा की। इस तस्वीर पर उन्होंने एक साधारण सा कैप्शन 'हाय' लिख कर दिया। इसके पहले लुक को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। आपको बता दें कि यह फिल्म कविन और नयनतारा की एक साथ पहली फिल्म होगी।

इस परियोजना के निर्देशक विष्णु एडवन ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, नंदरी अरोहरा। मेरी नयनतारा मैम और मेरे कविन अन्ना के लिए। आज से यात्रा शुरू होती है। रोम्बा रोम्बा नंदरी ललित सर।

कविन ने निर्देशक के लिए जताई खुशी

अभिनेता कविन ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर निर्देशक के प्रति खुशी जाहिर करते हुए लिखा, 'सबसे पहले मुझे खुशी है कि विष्णु एडवन निर्देशक बन रहे हैं और उनकी पहली फिल्म का हिस्सा बनकर मैं और भी खुश हूं। तीसरी बार जेन मार्टिन के साथ काम करना वाकई खुशी की बात है और मुझे विश्वास है कि यह एल्बम सभी को पसंद आएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए हम सभी को एक साथ लाने के लिए ललित सर का शुक्रिया।'

### शूटिंग हुई शुरू

बता दें कि इस अनाम फिल्म की शूटिंग 22 जुलाई को चेन्नई में शुरू हुई। सेवन स्क्रीन स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत जेन मार्टिन ने दिया है, सिनेमैटोग्राफी लियोन ब्रिटो ने की है और डांस कोरियोग्राफी बृंदा गोपाल ने की है।



# अपनी कास्टिंग रणनीति पर रोहित ने की चर्चा



बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर जैसे कई बड़े सितारे नजर आएंगे। रोहित शेट्टी ने अपने करियर में अजय देवगन, करीना कपूर खान, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, काजोल समेत बॉलीवुड के कई बड़े सितारों के साथ काम किया है। उन्होंने हाल ही में अपनी कास्टिंग रणनीति पर चर्चा करते हुए बॉलीवुड के कुछ बेहतरीन कलाकारों के साथ काम करने के बारे में अपने अनुभन को साझा किया है।

### किरदारों पर ज्यादा ध्यान देते हैं रोहित

रोहित शेट्टी से हाल ही में एक बातचीत में फिल्मों के लिए कलाकारों के पीछे की रणनीति के बारे में पूछा गया। उन्होंने इस दौरान अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जब जिस अभिनेता के लिए भूमिका लिखी गई, वह उनके साथ काम करने के लिए सहमत हुए। उन्होंने कहा कि उनके लिए किसी बड़े स्टार को कास्ट करना महत्वपूर्ण नहीं है।

रोहित ने कहा, मैं हमेशा इस बात से खुश और संतुष्ट रहता हूं। बजाय इसके कि देखो, मैंने अपनी फिल्म में यह स्टार ले लिया। इससे भी बढ़कर यह ऐसा है जैसे हमने इस किरदार को निभाने के लिए इस अभिनेता को लिखा और सोचा और वे इसे निभा रहे हैं। यही वह संतुष्टि है जो आपको मिलती है।

इन दिनों सभी की निगाहें रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन पर हैं। फिल्म निर्माता ने हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी की और अपनी फ्रैंचाइजी का जश्न मनाते हुए एक दिल को छू लेने वाला नोट साझा किया।



# छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अभिनय का जादू दिखा चुकी हैं शिवालिका

मुंबई में जन्मी शिवालिका ओबरॉय अपना 29वां जन्मदिन मना रही हैं। शिवालिका बड़े पर्दे पर अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुकी हैं। उससे पहले पर्दे के पीछे भी अपनी काबिलियत जता चुकी हैं। शिवालिका का नाता फिल्मी परिवार से रहा है। उनके पापा महावीर ओबरॉय ने 1967 में शीबा और हरक्यूलिस प्रॉड्यूस की थी। शिवालिका ने अनुपम खेर के एक्टर प्रिपेयर्स एक्टिंग इंस्टिट्यूट से तीन महीने का डिप्लोमा भी किया शिवालिका ने साल 2019 में फिल्म ये साली आशिकी से बॉलीवुड डेब्यू किया था, जिसमें वे अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी थे। इसके बाद शिवालिका ने विद्युत जामवाल की फिल्म खुदा हाफिज के दोनों पार्ट्स में अपनी अदाकारी का जादू दिखाया।



# धनुष ने बताया खुद को आउटसाइडर, रायन की रिलीज से पहले आलोचनाओं में घिरे

धनुष अपनी अगली फिल्म रयान की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म जो 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसी बीच तमिल स्टार फिल्म का जोरदार प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में धनुष अपने एक भाषण के कारण आलोचनाओं के घेरे में आ गए। सुपरस्टार ने कहा था कि वह एक बाहरी व्यक्ति हैं और उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष किया है। उन्होंने बोला कि पोएस गार्डन में घर खरीदने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। यह वही इलाका है जहां रजनीकांत और तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जयललिता के घर हैं। अभिनेता के इस बयान पर बवाल मच चुका है। इंटरनेट यूजर्स ने उन्हें याद दिलाया कि वह एक फिल्मी परिवार से हैं। धनुष ने कार्यक्रम में दावा किया कि पोएस गार्डन में उनके घर खरीदने की बहुत चर्चा हुई थी, जो रजनीकांत और दिवंगत जयललिता के आवास के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, अगर मुझे पता होता कि पोएस गार्डन में घर खरीदना बातचीत का इतना बड़ा विषय बन जाएगा, तो मुझे बस एक छोटा सा अपार्टमेंट मिल गया होता। क्या मुझे पोएस गार्डन में घर नहीं खरीदना चाहिए? अगर मैं सड़क पर रहता हूं तो क्या मुझे वहीं रहना चाहिए?

### रजनीकांत के बड़े फैन हैं धनुष

पॉश इलाके में घर खरीदने के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा, पोएस गार्डन में घर खरीदने के बारे में एक छोटी सी कहानी है। मैं 16 साल का था जब मैं और मेरा दोस्त कैथेड्रल रोड (चेन्नई में) से गुजर रहे थे। आप जानते हैं कि मैं (रजनीकांत की ओर इशारा करते हुए) किसका प्रशंसक हूं। इसलिए यात्रा के दौरान मेरी इच्छा थलाइवर का घर देखने की हुई। मैंने किसी से पूछा कि उनका घर कहां है? हमने दिए गए निर्देशों का पालन किया। हमने इलाके में पुलिस अधिकारियों के एक समूह को देखा और उनसे हमें रजनीकांत के घर तक ले जाने के लिए कहा। उन्होंने हमें निर्देशित किया लेकिन घर देखने के बाद तुरंत वहां से चले जाने को कहा।

### आलोचनाओं में घिरे धनुष

एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, रजनीकांत और जयललिता सच्चे स्व-निर्मित अभिनेता हैं, जबकि धनुष भाई-भतीजावाद का एक उत्पाद हैं। उनकी उनसे खुद की तुलना करने की हिम्मत कैसे हुई? एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा, वह सोचते हैं कि वह रजनी के समान स्तर पर हैं, लेकिन धनुष अब इसे अति कर रहे हैं, एक निश्चित छवि पेश करने के लिए बहुत अधिक प्रयास कर रहे हैं। इस तरह अभिनेता अपने बयान के कारण आलोचनाओं में घिर गए हैं।

# इन बड़ी फिल्मों में काम करने से इनकार कर चुकी हैं प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा अपने करियर में कई हिट फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुकी हैं, इनमें से एक तो रजनीकांत और ऐश्वर्या राय की हिट फिल्म रोबोट ही है। आइए जानते हैं बाकी फिल्मों के बारे में अभिषेक वर्मन द्वारा निर्देशित 2 स्टेट्स में आलिया भट्ट और अर्जुन कपूर ने अभिनय किया था, इस फिल्म के लिए पहले प्रियंका चोपड़ा से बात की गई थी। करीना कपूर स्टारर हीरोइन भी प्रियंका चोपड़ा को ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने मधुर भंडारकर की इस फिल्म में काम नहीं किया। आमिर खान और असिन की हिट फिल्म गजनी में प्रियंका को लीड रोल करने का मौका मिला था, लेकिन उन्होंने इसमें काम नहीं किया, यह 100 करोड़ रुपये कमाने वाली पहली हिंदी फिल्म थी। साल 2012 में रिलीज हुई कॉकटेल का ऑफर भी प्रियंका चोपड़ा ने ठुकरा दिया था, इसमें दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने काम किया था। प्रियंका को वेरोनिका का किरदार ऑफर किया गया था सलमान खान की फिल्म सुल्तान, किक और भारत में भी प्रियंका चोपड़ा ने काम करने से मना कर दिया था।



# कांवड़ियों की सेवा और सत्कार का पुण्य अवसर हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है : भावना बोहरा

## विधायक भावना बोहरा ने कबीरधाम जिले से अमरकंटक पधारे कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं की सेवा की

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरकंटक, जिला अनुपपुर (म.प्र.) में 22 जुलाई से 18 अगस्त तक तक नवनिर्मित पालिका परिषद् में उनके ठहरने एवं भोजन हेतु पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा निशुल्क व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कबीरधाम जिले से कांवड़ यात्रियों का आगमन हो रहा है जहाँ भावना बोहरा के संस्थान के सदस्यों द्वारा उनकी सेवा की जा रही है। 27 जुलाई को विधायक भावना बोहरा भी अमरकंटक पहुंची और भगवान शिव एवं नर्मदा मैय्या के दर्शन पूजन कर समस्त छत्तीसगढ़ की खुशहाली व समृद्धि की कमाना की। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने कबीरधाम जिले से आए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं से भेंट कर उनकी सेवा की। उन्होंने अपने हाथो से उन्हें भोजन परोसा और संध्या में महाआरती की। प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण यहां आयोजित होने वाले महारती में शामिल होते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस दौरान आयोजित भजन संध्या में भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए जहाँ भक्तिमय गीतों में झूमते दिखे। कबीरधाम जिले की भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने भी इस दौरान उपस्थित थीं। इस अवसर पर




भावना बोहरा ने कहा कि आज महादेव और माँ नर्मदा के दर्शन एवं पूजा करने के साथ-साथ कबीरधाम जिले से पधारे कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा करने का भी सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ। उनके चेहरों पर आई खुशी और कठिन यात्रा के बाद हमारे प्रयास से उन्हें सुविधा मिली उसे देखकर बहुत ही प्रसन्नता हुई है। मैं कबीरधाम जिले से पधारे समस्त कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करती हूँ और आभार भी व्यक्त करती हूँ की हमें इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया। हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में आप सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा इसके साथ ही सनातन धर्म, संस्कृति उसकी गौरवशाली महिमा को भी पोषित तथा संरक्षित करने का कार्य करेगा। भावना बोहरा ने आगे कहा कि कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक आस्था और भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था एवं विश्वास का प्रतीक है। श्रावण मास के शुभ अवसर पर कांवड़ यात्रियों की सेवा करने का हमें पुण्य अवसर मिल रहा है जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। भजन संध्या में भी हजारों की संख्या में आप सभी की उपस्थिति हमें अपने इन प्रयासों को निरंतर जारी रखने के लिए बल प्रदान करती है। हमारी धार्मिक परंपरा व संस्कृति को जिवंत रखने और हमारी आने वाली पीढ़ियों को इससे अवगत कराने के लिए इतनी कठिन यात्रा करके पधारे कांवड़ियों की सुविधा, सात्विक भोजन एवं विश्राम हेतु यहां हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है। संस्थान के सदस्यों द्वारा भी उनकी सुविधा में कोई कमी न हो उसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सभी के साथ भोजन करने का भी अवसर हमें मिला। इस दौरान उन सभी कांवड़ यात्रियों से बातचीत भी की और उन्होंने इस यात्रा को लेकर अपने जो विचार मुझसे साझा किये वह मेरे लिए भी एक प्रेरणा है। उन्होंने जिस उत्साह के साथ बताया कि यह यात्रा उनके लिए कठिन नहीं बल्कि बहुत ही आनंदित करने वाली है और भोलेनाथ का आशीर्वाद उनके साथ है। उनकी यह बात सुनकर मुझे भी प्रेरणा मिली की जब आप अपने लक्ष्यों को निर्धारित करते हैं तो उसे पूरा करने के लिए अपना पूरा प्रयास करें और फिर जब सफलता आपको मिलती है तो उससे बड़ा कोई आनंद नहीं है।

# भारत स्काउट्स-गाइड्स की बैठक में स्काउट-गाइड गतिविधि को आगे बढ़ाने की दिशा में चर्चा



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवम गाइड्स जिला बेमेतरा के स्काउटर गाइडर की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे कक्ष में आहुत हुई। साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में सत्र 2024-25 में स्काउट गाइड गतिविधि को आगे बढ़ाने की दिशा में किए जाने वाले शिविरों, कार्यक्रमों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में मुख्य रूप से अंशदान पंजीयन शत प्रतिशत किए जाने विकास खंड स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। माह अगस्त में कब बुलबुल, स्काउट गाइड, रोवर रेंजर की तृतीय सोपान/निपुण जांच शिविर, बेसिक प्रशिक्षण स्काउटर गाइडर हेतु, रोवर रेंजर हेतु यूथ फेरम आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश साहू ने जिला प्रशिक्षण केंद्र हेतु अंधियारखोर में बनाने हेतु प्रस्ताव दिया जिसे जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सहमति दिया गया। बैठक का संचालन सत्यनारायण साहू जिला सचिव ने किया।

# कुम्हारी में वार्डों का परिसीमन भेदभाव और द्वेषपूर्ण राजनीति का हिस्सा : राजेश्वर सोनकर



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

वार्ड परिसीमन पर उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए रोक के आदेश को आमजन की जीत बताते हुए कुम्हारी पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर प्रसन्नता व्यक्त की है। उनके अनुसार परिसीमन अत्यंत ही भेदभाव और द्वेषपूर्ण राजनैतिक कारणों से किया गया था जिससे जन भावनाओं के विपरीत वार्डों की सीमा तय की गई है। लेकिन इससे आम जन को होने वाली परेशानियों पर तनिक भी विचार ना करते हुए विपक्ष द्वारा स्वयं के हितों को साधने का प्रयास किया गया था, जिसे अब उच्च न्यायालय ने रोक लगाकर इस बात की पुष्टि कर दी है। इस बाबत 12 पार्षदों ने कलेक्टर, नायब तहसीलदार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को कारण बताने के लिए इसकी सूचना एवं शिकायत की गई थी लेकिन किसी प्रकार का जवाब हमे नही मिला ना ही परिसीमन संबंधित कोई सूचना दी गई। अंततः विवश होकर हमे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। न्यायालय ने इस पर रोक लगाते हुए इसका कारण 2019 में हुए परिसीमन में 2011 के जनगणना को आधार बनाया गया था। किन्तु 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक जनगणना भी नही हुई है। जबकि जन गणना के पश्चात ही परिसीमन होना चाहिए। सोचनीय विषय है कि वर्तमान परिसीमन में भी वर्ष 2011 की जनगणना को ही आधार माना जा रहा है जो कि बिल्कुल गलत है उच्च न्यायालय के इस फैसले से नगर के लोगों ने चैन की सांस ली है और प्रसन्नता व्यक्त की है।

# असंगठित कर्मकार हितग्राही स्वयं श्रमेव जयते एप्प से ले सकते हैं योजनाओं का लाभ

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

श्रम विभाग द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। जिसमें हितग्राही योजाओं का लाभ लेने हेतु स्वयं श्रमेव जयते एप्प या च्वाईस सेंटर में पंजीयन न्यूनतम शुल्क में करा सकते हैं। श्रम पदाधिकारी ने बताया गया कि पंजीयन एवं योजनाओं से संबंधित समस्त आवेदन हितग्राही द्वारा स्वयं श्रमेव जयते एप्प एवं निकटस्थ च्वाईस सेंटर(कम्प्यूटर सेंटर) के माध्यम से किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा विभिन्न जनपदों में श्रम संसाधन केन्द्र स्थापित किया गया है जिसमें श्रमिकों के द्वारा पंजीयन एवं योजनाओं के आवेदन निःशुल्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि च्वाईस सेंटर में पंजीयन हेतु 30 रूपये एवं योजना आवेदन हेतु 20 रूपये शुल्क शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। उन्होंने श्रमिकों से अपील की है कि वे किसी बाहरी व्यक्ति या एजेन्ट के झांसे में न आये एवं निर्धारित राशि से अधिक वसूल किये जाने की स्थिति में मुख्य कार्यापालन अधिकारी जनपद पंचायत , संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, श्रम संसाधन केन्द्रों, समस्त जनपदों एवं कार्यालय श्रम पदाधिकारी बालोद को शिकायत प्रस्तुत किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि श्रम विभाग अंतर्गत प्रसूति सहायता योजना हेतु मिनीमाता महतारी जतन योजना संचालित की जाती है जिसके अंतर्गत 20 हजार रूपये, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत् निर्माण श्रमिक के प्रथम दो संतान को कक्षा 01 से उच्चतर अध्यापन तक छात्रवृत्ति, नोनी सशक्तिकरण योजना अंतर्गत श्रमिको के प्रथम दो पुत्रियों को 20 हजार रूपये, मृत्यु सहायता योजना अंतर्गत श्रमिक के उत्तराधिकारी को 01 लाख रूपये से लाभान्वित किया जाता है। श्रम अधिकारी ने बताया कि उक्त योजनाओं के अतिरिक्त अन्य योजनाएं भी श्रम विभाग द्वारा संचालित की जाती है। श्रमिक के रूप में पंजीयन के पश्चात् ही योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है।

# जनसमस्या निवारण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग महानदी भवन नया रायपुर के निर्देशानुसार 27 जुलाई से 10 अगस्त के मध्य जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 27 जुलाई से आने वाले 12 दिनों तक नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी वार्ड वार्ड दस्तक देंगे । 27 जुलाई को वार्ड क्रमांक 1 एवं 2 में नगर पालिका दल्ली राजहरा के अधिकारी, कर्मचारी जन समस्या निवारण शिविर वार्ड क्रमांक 1 दुर्गा मंच मे वार्ड क्षेत्र के नागरिकों की जन समस्या से अवगत हुए। शिविर में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए,जिसमें मांग 28 एवं शिकायत 07 प्राप्त हुए ।जिसमें 03 आवेदन निराकृत किए गए । जन समस्या निवारण पखवाड़ा ÷में स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा -नल कनेक्शन,राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म -मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तिया, अनापत्ति प्रमाण पत्र,नामांतरण, रोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है साथ ही नल लीकेज, नलों में पानी का ना आना नालियों/ गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म में पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी/ बल्ब / ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जाएगा । शिविर में करदाता को अपने कर भुगतान करने की सुविधा रहेगी।

### वार्डों में इन स्थानों पर लगाए जाएंगे शिविर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर के साहू ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 और 2 के लिए 27 जुलाई को शिविर, वार्ड मांक 1 दुर्गा मंच , वार्ड क्रमांक 3, 4,5 के लिए 29 जुलाई शिविर, वार्ड क्रमांक 3 पुराना स्टेट बैंक के पीछे मंच, वार्ड क्रमांक 6,7 के लिए 30 जुलाई शिविर स्थल वार्ड क्रमांक 6 नारायण होटल के पीछे मंच, वार्ड क्रमांक 8, 9 के लिए 31 जुलाई शिविर स्थल वार्ड क्रमांक 9 दुर्गा मंच के पास, वार्ड क्रमांक 10,11, 12 के लिए 1 अगस्त शिविर स्थल वार्ड क्रमांक 11 साहू किराना के पीछे मंच, वार्ड क्रमांक 14 15 के लिए 2 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 14 शहीद चौक दुर्गा मंच, वार्ड क्रमांक 16,17 के लिए 3 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 17 शीतला मंदिर के पास मंच, वार्ड क्रमांक 18, 19 के लिए 5 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 18 राजाबाड़ा मंच, वार्ड 13, 20, 21 के लिए 6 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक दुर्गा मंच, वार्ड क्रमांक 22, 23 के लिए 7 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 23 सर्कस ग्राउंड मंच, वार्ड क्रमांक 24,25 के लिए 8 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 24 राधा कृष्ण मंदिर मंच, एवं वार्ड क्रमांक 26, 27 के लिए 10 अगस्त शिविर स्थान वार्ड क्रमांक 27 सतनाम मंच मे जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। जन समस्या निवारण पखवाड़ा संबंधी कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए निकाय के रामगोपाल चंद्राकर स्वास्थ्य अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं शिवजी प्रसाद लेखपाल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है साथ ही नगर पालिका के सभी अधिकारी कर्मचारी अपने शाखा से संबंधित समस्त जानकारी दस्तावेज आवेदन प्रारूप के साथ सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। 27 जुलाई को जनसमस्या निवारण शिविर मे नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर. के.साहू, पार्षद शिवांगी ध्रुव, पार्षद ममता नेताम, भाजपा दल्ली राजहरा मंडल महामंत्री रामेश्वर साहू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुस्ताक अहमद एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे ।

# खुशहाली की मुरादों के साथ भेजी चादर नागपुर में 102 वें उर्स की तैयारियां पूरी

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैह नागपुर का 102 वां उर्स पाक 29 जुलाई से मनाया जाएगा और शाही संदल 2 अगस्त को निकलेगा। वहीं 5 अगस्त बड़ा कुल शरीफहोगा जिसकी तैयारियां ताज बाग नागपुर में पूरी कर ली गई है। इसी सिलसिले में साक्षरता चौक कैम्प-1 के सामने स्थित ताज दरबार नानी अम्मा-भिलाई में हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की जानिब से अकीदतमंदों की मुरादों के साथ चादर पेश की जा रही है। जिसके लिए रविवार 28 जुलाई को भिलाई के ताज दरबार में अकीदतमंद इकट्ठा हुए और बाबा ताज की परचम कुशाई की गई। इस दौरान भिलाई वासियों की खुशहाली के लिए सभी की मुरादों को साथ लेकर हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैह के नागपुर स्थित आस्ताने पर पेश की जाने वाली चादर को खूब सजाया गया और ताज बाग नागपुर जाने की तैयारियां पूरी की गई। इस मौके पर बाबा ताज के भिलाई आस्ताने पर चादर पोशी भी की गई और बाबा को लोबान पेश की गई। इसके बाद फातिहा दिलाई गई और शरीक हुए लोगों के लिए खुशहाली की दुआएं की गई। आखिर में बाबा को सलाम पेश किया गया। इसके बाद हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की जानिब से रखे गए लंगर में जायरीन शामिल हुए। भिलाई से ताजबाग नागपुर भेजी जा रही मुरादों की चादर के बारे में हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई की अध्यक्षा ताज अंजुम ताजी व ताज दरबार नानी अम्मा की अध्यक्षा हज्जन बदरुन निसां ताजी और गद्दी नशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बताया। वहीं बाबा ताज के मुरीदों ने हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति का आभार जताया कि जो जायरीन ताज बाग नागपुर नहीं जा पाते हैं उन सभी की मुरादें इस चादर के जरिये से बाबा ताज तक पहुंच पाएगी। इस मौके पर बाबा ताज नानी अम्मा को चाहने वाले लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे।

# मिशन लाइफ के लिए इको क्लब पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रकृति दर्शन का आयोजन




**स्कूलों के बच्चों को प्रोत्साहित किया, अपने आस-पास के पेड़-पौधों को जानें और उनके संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनें, एकपेड़ माँ के नाम**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

बी-आर जे. शासकीय आदर्श कन्या शाला दुर्ग में 07 जुलाई को शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत 'मिशन फॉर लाइफ इको क्लब दिवस का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया। इस आयोजन में समुदाय की सहभागिता निर्धारित करने के उद्देश्य से बालिकाओं के माता पिता को भी आमंत्रित किया गया. एक पेड़ माँ के नाम' जो प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है, में माताओं के द्वारा विद्यालय परिसर में हरसिंगार के पौधों की आरोपण किया गया। पालकों के द्वारा अति उत्साह से शिक्षकों व छात्राओं के साथ वृक्षारोपण किया गया. साथ ही समाज के बुजुर्गो के द्वारा छात्राओं को विभिन्न प्रकार के वृक्षों के बारे में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। यूथ एवं इको क्लब के सदस्यों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली गई तथा प्रकृति को हरा भरा रखने की जिम्मेदारी लेने एवं प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए स्वयं के साथ साथ समाज को भी जागरुक करने का बीड़ा उठाने की शपथ ली गई। छात्राओं को स्वच्छ रहने, समय पर शाला आने, बाल, नाखून आदि को स्वच्छ रखने, वस्त्रों को साफसुथरा रखने विद्यालय परिसर एवं कक्षा को साफ सुथरा रखने की समझाइश भी बैठक में प्राचार्य डॉ कृष्णा अग्रवाल द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण तभी सम्भव है जब भावी पीढ़ी इसके महत्व को समझे। विद्यालय में पोषण वाटिका का निर्माण भी यूथ इकों के कारा किया जा रहा है कार्यक्रम में स्वाति महापात्र प्रभारी इको क्लब, एस चन्दुवंशी, एस राजौरिया, एस अग्रवाल मौजूद थे। पालकों में जागृति देवांगन, विजय- लक्ष्मी बन्धार, भूपेन्द्र महीर, अश्विनी देवांगन आदि पालकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में उल्लास शपथ को भी स्वयंसेवी एवं शिक्षार्थियों द्वारा दिलवाया गया जिसमें उन्होने अपने आस पास के तबके को साक्षर बनाने की शपथ ली।

# भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल कार्य समिति की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कुम्हारी वार्ड क्रमांक 6 स्थित हाईस्कूल के सामने सामुदायिक भवन में भारतीय जनता पार्टी मंडल कुम्हारी की कार्य समिति बैठक आयोजित की गई थी उक्त बैठक में विशेष रूप से मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष महेश वर्मा के साथ जिले के दोनों महामंत्री प्रेमलाल साहू बिजेंद्र सिंह जिले के उपाध्यक्ष राम उपकार तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा पार्टी के पुरोधाओं के तेलचित्र का वंदन एवं पुष्पगुच्छ और दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रगीत के साथ किया गया। इसके पश्चात पूर्व में जितने भी भाजपा परिवार में शोक का विषय रहा उनके आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पण मौन धारण के साथ किया गया। उसके पश्चात नगर के वरिष्ठ नेता राकेश पांडेय द्वारा स्वागत भाषण किया गया। मंडल के कार्यों का लेखा जोखा रखते हुए मंडल अध्यक्ष राजू निषाद द्वारा संगठन की गतिविधियों और उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विगत वर्षो के चुनाव एवं वर्तमान में विधानसभा, लोकसभा चुनाव परिणाम में कुम्हारी की भूमिका को रखा जिसका समर्थन इमरान रिजवी ने किया। मंच



संचालन कर रहे मंडल महामंत्री एवम् नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए जिले के महामंत्री बिजेंद्र सिंह को मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के विषय में अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए बड़े बड़े निर्णयों को विस्तार से बताया क्रमशः जिले के दूसरे महामंत्री प्रेमलाल साहू को लोकसभा चुनाव विश्लेषण के बारे में अपनी बात रखना था जिसमें उन्होंने दुर्ग लोकसभा चुनाव के परिणामों पर कुम्हारी मंडल का भी उल्लेख किया एवं कार्यकर्ताओं को बधाई दिया। तत्पश्चात जिले के अध्यक्ष महेश वर्मा ने नगरीय निकाय चुनावों के संबंध में अपनी बात रखी और आगामी निकाय चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अभी से जुटने को कहा इसके पश्चात सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान मैडल पहनाकर किया गया जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान, बूथ अध्यक्षों का सम्मान के साथ समस्त कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यकर्ताओं के लिए भोजन का भी उत्तम प्रबंध मंडल द्वारा रखा गया था। कार्यक्रम का संचालन नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू ने किया। कार्यकर्ताओं ने उत्साह और अनुशासित ढंग से कार्यक्रम में भाग ले कर अपने समर्पण भाव को प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक दीवान, योगेश साहू, आयुषी पाण्डेय, पी.एन. दुबे, माखनलाल कोसरिया, निश्चय वाजपेयी, हरिदास वैष्णव, मनोज वर्मा, रामाधार शर्मा, अवधेश शुक्ला, राजकुमार सिंह, ओंकार मारकंडे, विनोद बंजारे, अरुण साहू, छब्बी कुमार यादव, पन्नालाल साहू, सुनीता कुर्रे, दीपक चतुर्वेदी, आलोक दुबे, मनहरण साहू, राधा ठाकरे, स्मिता रघाटाटे, मुकेश पठारी, आकाश देशमुख, अमरजीत सिंह गिल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष डिकेश पटेल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष इंदिरा कोसरिया, दिनेश साहू, झग्गर साहू, सुमित यादव, रेशम बंजारे, भावना बंजारे, तृप्ति चंद्राकर, योगिता वर्मा, नीतू पॉल, कविता चंद्राकर, मंजूलता तिवारी, हेमलता शर्मा, मंजू कसेर, सुरेखा वर्मा, नारायण सोनकर, शोभा शेराम, विकास सोनकर, उमाकांत साहू, गीता निर्मलकर, फिंगेश्वर साहू, राम प्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, आर प्रवीण राव, केदार कोसरिया, नरेश मारकंडे, दिलेश्वर मारकंडे, होमेंद्र साहू, पुणेन्द्र पंथ, सुजीत यादव, आशीष शुक्ला, प्रणव श्रीवास्तव, सौरभ पाण्डेय, अश्वनी देशलहरे, गिरीश सोनी, बरातु साहू जूली सिंह, मोहन सिंह महिलांग, उमेश ध्रुव, नेम बती साहू, कविता रात्रे, द्वारिका प्रसाद साहू, राम सिंह साहू, भूपेंद्र दास मानिकपुरी, शुभम पाण्डेय, गोविंदा बघेल, अखिलेश सिंह भुनेश्वर साहू, सोनू यादव, नारायण यादव, हीरा सिन्हा, मोहित साहू, योगेश वैष्णव, उर्वशी नायक, रमा साहू, नेहा साहू, आरती कुर्रे, पूजा साहू, योगेश्वरी ध्रुव, रघुनाथ देशमुख, चंदन देवांगन, संतोष साहू, उमेंद्र साहू, चोवाराम साहू, प्रभा बंजारे, राजू धनकर, रत्ना दास, हरीश सोनी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# चांपा रेलवे ओवर ब्रिज पर स्ट्रीट लाइट खराब, शो पीस बनी लाईटें

पायनियर संवाददाता ॅ चांपा
www.dailypioneer.com




चांपा के व्हाय सेप में बने ओवरब्रिज काफी समय पहले चालू हो गया पर ब्रिज के ऊपर लगी स्ट्रीट लाइटों के बंद होने के कारण रात के समय अंधेरा छाया रहता है। ओवर ब्रिज होने पर अंधेरा रहने से सड़क दुर्घटना होने का भय बना रहता है। स्टेशन के आसपास निवास करने वाले लोगों ने बताया कि करोड़ो की लागत का बना रेलवे ओवर ब्रिज पर लगे दो चार लाइट को छोड़कर बाकी लाइटे लंबे समय से बंद है। कायदे से तो इस ओवरब्रिज शुरुआत के दिन ही से स्ट्रीट लाइट जलनी थी लेकिन ऐसा नहीं है कुछ दिन के लिए यहाँ की लाइट अच्छे से जली फिर सालो से बंद पड़ी हुई है। इसका सुध लेने वाला कोई नही है। न ही इसका मेंटेनेंस कार्य हो पाया। कहने को तो स्ट्रीट लाइट लगी है लेकिन जलती नही है।इन दिनों अंधेरे में वाहनों का नियंत्रण मुश्किल हो जाता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से सडक़ पर अंधेरा छाया रहता है। शो पीस बनी इन लाइटों की वजह से शाम के बाद यहां से गुजरने वाले हजारों वाहन चालक और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दो साल से अब तक कई हादसे हो चुके हैं इसके बाद भी यहां स्ट्रीट लाइट चालू नहीं हो सकी। बता दें स्ट्रीट लाइट तो लगी है, पर यह कभी जलती नहीं है। गौरतलब है कि तेजी से विकसित होते इस चांपा क्षेत्र से रोजाना लगभग हजारो से ज्यादा वाहनों की आवाजाही होती है। इसी ब्रिज से ट्रक, सहित अन्य भारी वाहनों के साथ हजारों की संख्या में निजी वाहन गुजरते हैं। अंधेरे की वजह से यहां कई सडक़ दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। अंधेरे से असामाजिक तत्वों की वजह से अप्रिय स्थिति बनती है। इसे लेकर रहवासियों से कई बार शिकायत की गई, पर अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इससे लोगों को रात के अंधेरे में ही आवाजाही करनी पड़ती है। खैर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए ताकि इस समस्या से निजात मिल सके। स्ट्रीट लाइट न जलने से सबसे ज्यादा परेशानी पैदल जा रहे लोगों को होती है। अंधेरे का फायदा उठाकर कई बार बदमाश अपराध को आजम देते हैं। इसी वजह से आसपास की फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूर एक साथ निकलते हैं ताकि ऐसे लोगो से बचा जा सके। ब्रिज के ऊपर और नीचे हर समय यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इससे महिलाएं भी असुरक्षित महसूस करती हैं।

ब्रिज में लगे स्ट्रीट लाइटें यदि बंद है उसकी मरम्मत कराई जाएगी। ताकि किसी को परेशानी न हो।

**रमेश कुमार वर्मा**
**एसडीओ सेतु विभाग**

ब्रिज में लगे स्ट्रीट लाइट नगर पालिका के अंतर्गत में नहीं आती सेतु निर्माण विभाग के अधिकारियों ने अब तक इसको हैंडओवर ही नहीं किया है, स्थानीय लोगों को भी इसकी जानकारी है।

**भोला सिंह ठाकुर**
**सीएमओं**
**नगर पालिका परिषद चांपा**

# जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, जैजैपुर में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

पायनियर संवाददाता ॅ जैजैपुर
www.dailypioneer.com




शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान एवं विद्यार्थीयों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल, जैजैपुर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। विद्यालय के संचालक गुलाब सिंह चन्द्रा एवं जी.एस.सी. मॉडल कान्वेंट स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार यादव ने शहीद जवानों के लिए द्वीप प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही साथ विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के संचालक गुलाब सिंह चन्द्रा ने बताया की यह कारगिल विजय दिवस का 25वां वर्ष है, जितना खुशी हमें जीत की है उससे कहीं ज्यादा दुःखी भी है। इस युद्ध में हमारे देश के वीर योद्धाओ ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा की। उनका यह योगदान सम्पूर्ण राष्ट्र कभी नहीं भूल सकता। अतुल शौर्य, साहस और पराक्रम के परिचय देने वाले सभी सेना के जवानों को शत-शत नमन।

कार्यक्रम के अगली कड़ी में कक्षा 1ली से 5वीं तक के सेना, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्री बाई फुले, भारत माता, मदर टेरेसा, पंडित जवाहरलाल नेहरू आदि विविध परिधान में आएं छात्र/ छात्राओं के द्वारा परिचय सराहनीय रहा। विद्यालय के बच्चों ने शहीद जवानों के याद में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिसने सब की आंखें नम कर दी। इस सम्पूर्ण आयोजन में विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम प्राचार्य निशा चन्द्रा, हिन्दी माध्यम प्राचार्य विजय कुमार यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रीमा रानी पलांगे, परीक्षा प्रभारी गायत्री यादव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुदाम बेहेरा, राजकुमारी चन्द्रा, कल्पना चन्द्रा, तारिणी कुशल, शकुंतला मानिकपुरी, लव चन्द्रा, हर्षिता चन्द्रा, भावना टंडन, गुरुदेव सुना, अमन यादव, ज्योति साहू, उदित मुग्री, राजेश दास एवं विद्यालय के नॉन टीचिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका में कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# 2 बच्चे कुएं में गिरे, आसपास गुर्राते रही मादा भालू

## कई घंटे बाद जान बचा कर बच्चों को मां से मिलाया गया

पायनियर संवाददाता ॅ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में बीती रात भालू के दो बच्चे कुएं में गिर गए जिन्हें काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर जंगलों में छोड़ा गया। मामला धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज के बोजिया परिसर के गड़ाईनबहरी बस्ती में बीती देर रात करीब 12 बजे के आसपास एक मादा भालू अपने दो शावक के साथ पहुंच गए। इस बीच दो भालू के बच्चे गांव के कुएं में गिर गए जिससे मादा भालू कुएं के ही आसपास मंडराते हुए गुर्राने लगी। भालू की आवाज सुनकर गांव के ग्रामीण जब मादा भालू को कुएं से दूर भगा कर कुएं में देखा तो उन्हें दिखा की भालू के दो बच्चे पानी में तैर रहे थे। जिसके बाद गांव में के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के अलावा हाथी मित्र दल के सदस्यों को दी गई।

### 2 घंटे की मशकक्त के बाद निकाले गए दोनों बच्चे

मामले की जानकारी मिलते ही बिना कोई समय गंवाये वन विभाग और हाथी मित्र दल की टीम मौके पर पहुची और 2 घंटे की कड़ी मशकक्त के बाद दोनों भालू के बच्चो को सुरक्षित बाहर निकला गया। जिसके बाद भालू के बच्चों को जंगल मे सुरक्षित छोड़ दिया गया है।

### भालू बच्चों को मां से मिलाया गया

वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि दोनों भालू के बच्चों को सुरक्षित निकालने उपरांत उन्हें उसकी मां भालू से मिलाया गया। रेस्क्यू उपरांत तीनों भालू को सफतापूर्वक कक्ष क्रमांक 505 पीएफ जंगल तरफ सुरक्षित भेजा गया। नजदीकी ग्रामीणों को सूचित किया गया है कि सुबह के समय जंगल की ओर नहीं जाए।

### इनकी रही अहम भूमिका

कुएं में गिरे भालू के बच्चो को निकालने में किये गैर रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान प.स.छाल चंद्रविजय सिंह सिदार, प.र.मुकेश बरवा, प.र.लोटान जय प्रकाश एक्का, हाथी मित्र दल छाल टीम से प्रकाश चंद्र भगत, प्रेम सिंह राठिया, जयलाल राठिया, मान सिंह राठिया, हाथी ट्रैकटर दिलीप बेहरा, दिलीप भगत आदि उपस्थित रहे. पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन में ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।

# रायगढ़ में लगातार हो रही बारिश को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

पायनियर संवाददाता ॅ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए बाढ़, अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हुए हैं। रायगढ़ जिले में बीते दो दिनों से हो रही बारिश और बढ़ते नदी जल स्तर को देखते हुए कलेक्टर गोयल के निर्देश पर एडीएम संतन देवी जांगड़े एवं डिप्टी कलेक्टर एवं बाढ़ आपदा की नोडल अधिकारी रेखा चन्द्रा ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की और एहेतियाती दिशा निर्देश दिए। एडीएम संतन देवी जांगड़े ने नदी के जलस्तर पर नजर रखने और जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी करवाने के निर्देश दिया। जल स्तर वृद्धि को देखते हुए नदी तट के करीब स्थित गांवों की सतत निगरानी के लिए कहा गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसीन, जीवन रक्षक दवाईयां इत्यादि नियमानुसार संग्रहित करने और उपलब्ध कराने कहा है। बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर जिला स्तरीय कंट्रोल रूम और संबंधित अधिकारियों को तत्काल इसकी सूचना देने और प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की पूरी तैयारी रखने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जलाशयों में जल स्तर की नियमित निगरानी और जल छोडने पर विशेष ध्यान रखने कहा है। उन्होंने जलाशयों से जल निकासी से पूर्व निचले गांवों को सूचित करने के निर्देश दिए। बाढ़ के कारण राहत शिविर लगाए जाने की स्थिति में नियमित चिकित्सा जांच उपलब्ध कराने हेतु कहा है। जिससे बुखार, उल्टी-दस्त, मलेरिया व अन्य बीमारी के लक्षणों वाले मरीजों को अलग कर उपचार किया जा सके और बीमारी के प्रसार में भी रोक लगे। आश्रयों व राहत शिविरों में नियमित कीटाणु शोधन (सेनेटाइजेशन) और स्वच्छता के लिए अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा गया है।

**नदियों-बांधों में जल स्तर की लगातार हो रही निगरानी**

लगातार हो रही बारिश से नदियों एवं बांधों में जल स्तर बढ़ा है। आज की स्थिति में केलो डेम में 201.60 मीटर, मांड में जलस्तर 226.10, महानदी चंद्रपुर ब्रिज में 197.80 मीटर, महानदी कलमा बैराज में 197.20 मीटर जल स्तर है। वहीं हीराकुंड डेम का जल स्तर 186.73 है। सभी नदियां और बांध अभी खतरे के निशान के करीब हैं। जिला प्रशासन द्वारा इसकी लगातार निगरानी की जा रही है।

**बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित, कंट्रोल रूम 07762-223750 पर दे सकते है सूचना**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 42 में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा राहत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

# खेत देखने गए बुजुर्ग पर भालू ने किया हमला



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में खेत देखने गए बुजुर्ग पर झाड़ियों में छिपे एक भालू ने हमला कर दिया। घायल ग्रामीण को परिजनों ने डायल 112 टीम की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवगांव मांझीपारा में रहने वाला रामजीत यादव रोजाना की भांति शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे अपने खेतों को देखने के लिये गया हुआ था। जहां झाडियों में छुपे एक भालू ने उस पर अचानक उसके पैर में हमला कर दिया। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि भालू के हमने वृद्ध के पैर में गंभीर चोट आई है और अधिक खून बहा है। किसी तरह अपने आपको बचाकर बुजुर्ग ग्रामीण रामजीत यादव अपने घर पहुंचा जहां परिजनों ने डायल 112 के जवान प्रधान आरक्षक दिलीप सिंह एवं वाहन चालक हेमलाल की मदद से तमनार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

# ट्रक में लगे नये टायर व डिस्क चोरी कर फरार ड्रायवर गिरफ्तार



**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस द्वारा ट्रक टायर और डिस्क चोरी मामले के आरोपी ट्रक के ड्रायवर राहुल राजकुमार को गिरफ्तार कर आरोपी से चुराये 10 नग ट्रक टायर और 02 डिस्क की जप्ती की गई है। आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा ज्युडिसियल रिमांड पर भेजा गया है। ट्रक टायर और डिस्क चोरी के संबंध में ग्राम लेन्ध्रा बरमकेला में रहने वाले शुभम अग्रवाल द्वारा 25 जुलाई को थाना जूटमिल में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ट्रक क्र. सी.जी.-04-एम.एम.-1155 रायगढ से रायपुर ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में लगी हुई थी जिसे ड्रायवर राहुल राजकुमार निवासी औरगांबाद बिहार चलाता था जिसके एवज में राहुल को प्रतिमाह 10,000 रुपये दिया जाता था। 02 अप्रैल की सुबह ट्रक ड्रायवर राहुल राजकुमार अपना मोबाईल को बंद कर ट्रक को रायगढ छातामुडा बाईपास में खड़ी कर कहीं चला गया। राहुल और ट्रक की खोजबिन किये तो ट्रक को बाईपास में खड़ा मिला। ड्रायवर राहुल राजकुमार ने ट्रक में लगे नये 10 नग टायर, 02 नग डिस्क को चोरी कर पुराना टायर एवं डिस्क को ट्रक में लगा दिया था। आवेदन पर आरोपी राहुल राजकुमार के विरूद्ध धारा 381 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा आरोपी का डिटेल लेकर जानकारी जुटाये और मुखबीरों को आरोपी की सूचना देने लगाया गया। कल मुखबीर सूचना पर जूटमिल पुलिस द्वारा आरोपी राहुल राजकुमार पिता भगत सिंह 26 साल निवासी ग्राम कमरा पोस्ट विशम्भरपुर थाना कसमा जिला औरगांबाद (बिहार) को जूटमिल क्षेत्र में घूमते हिरासत में लिया गया।

# दो बाइकों में आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत

पायनियर संवाददाता ॅ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन हो रहे सड़क हादसों में बेगुनाहों की जान जा रही है। बीती रात एक बार फिर दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत की घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य को गंभीर अवस्था में रायगढ़ मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में बीती देर रात दो बाईक की एक बार फिर आमने-सामने भिड़त हो गई। जिसमें एक युवक की सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सा में गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई तो वहीं एक अन्य युवक को गंभीर हालत में रायगढ़ मेडिकल कालेज रिफर किया गया है जहां उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि जीत राम तिर्की पिता रतन तिर्की 35 साल निवासी संग्रह बीती रात धरमजयगढ़ से कापू की तरफ जा रहा था इसी दौरान सामने की तरफ से आ रहे कुपा गांव निवासी एक अन्य युवक धरमजयगढ़ की ओर आ रहा था। दोनों बाईक सवार जब भोजपुर और बाकालो गांव के बीच पहुंचे ही थे कि दोनों मोटर सायकल की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें जीत राम तिर्की की मौत हो गई है। वहीं घायल युवक को 108 के जरिये धरमजयगढ़ अस्पताल लाया गया जहां से उसे रायगढ़ मेडिकल कालेज में रिफर कर दिया गया है।

# नवविवाहितों को भी महतारी योजना से लाभान्वित करें भाजपा सरकार : नागेंद्र गुप्ता

पायनियर संवाददाता ॅ चांपा
www.dailypioneer.com



प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के नाम पर प्रारंभ की गई। महतारी वंदन योजना में विवाह करने वाले युवतियों से आवेदन फार्म स्वीकार किए जाने का समर्थन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पार्षद नागेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है की वर्तमान वर्ष के दौरान विवाह करने वाली युवतियां योजना के लिए पात्र हो गई है महतारी वंदन योजना के लिए बनाई गई नियम के अनुसार महिला के लिए विवाहित होना अनिवार्य है जिनका पिछले चार पांच माह में विवाह हुआ है अब वे इस योजना के पात्र हो गए हैं और साथ ही जो महिलाएं फॉर्म भरने में चूक गई थीं उनके लिए भी फिर से आवेदन फॉर्म रक्षाबंधन पर्व के पूर्व भराया जाए जिससे वे भी योजना से लाभान्वित हो सके लेकिन अभी तक साय सरकार द्वारा कोई घोषणा नहीं की गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मात्र लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए छत्तीसगढ़ की महिलाओं को लुभाने भाजपा द्वारा योजना का ढिंढोरा पीटा जा रहा था लेकिन अब पात्रता की आड़ में महिलाओं के नाम काटे जा रहे हैं जो महिलाओं के साथ अन्याय हैं।

# पुरातत्व सर्वेक्षण में आये उड़ीसा के अध्ययन दल खरौद पहुँचे : डॉ. जी.सी. भारद्वाज

## उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर और शिवरीनारायण के नर नारायण मंदिर के इतिहास और अंतरसंबंधो को जानने अध्ययन कर रहे हैं सर्वेक्षण दल

पायनियर संवाददाता ॅ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com






डॉ. त्रिलोचन प्रधान संबलपुर विश्वविधालय उड़ीसा के अत्ताबीरा महाविद्यालय बरगढ़ के नेतृत्व में एक अध्ययन दल पुरातत्व सर्वेक्षण एवं खोज में छत्तीसगढ़ कांशी खरौद पहुँचे। उनका शोध विषय है ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अनुसंधान के अंतर्गत उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का अध्ययन इस कार्य हेतु उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर और छत्तीसगढ़ स्थित शिवरीनारायण के नर नारायण मंदिर के अंतरसंबंधों एवं उनके इतिहास के पीछे के रहस्यों को जानना और अध्ययन करना है। क्योंकि माघ पूर्णिमा को शिवरीनारायण में मेले की शुरुआत सहित मेले में पूजा अर्चना करने की बात कही जाती है। इस दौरान साल में एक बार माघ पूर्णिमा को जगन्नाथ मंदीर का दरवाजा एक दिन के लिए बन्द रहता है। ऐसा कहा जाता है कि, इस दिन भगवान जगन्नाथ एक दिन के लिए शिवरीनारायण में आ विराजते हैं। साथ ही साथ 1181 ई. संवत् 917 के लक्ष्मणेश्वर मंदीर के पीछे की रहस्यों एवं इतिहास का पता लगाना भी है,जिसमें उसके शिलालेख में कलिंग राज से रत्नदेव तक है। राजाओं के पूर्ण वंशावली और विरासत को जानना और समझना है। इसी क्रम में सिरपुर की ऐतिहासिक घटनाओं का अध्ययन भी करना शामिल है। इस दौरान डॉ. तृलोचन प्रधान और पत्रकार एवं संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार होता द्वारा महाविधालय के प्राचार्य डॉ. जी. सी. भारद्वाज से भेंटवार्ता और खरौद तथा शिवरीनारायण के ऐतिहासिक पहलुओं पर गंभीर चर्चा शामिल है। इस दौरान डॉ. भारद्वाज ने खरौद पर अपने अध्ययन की महत्वपूर्ण बातें भी बतलाई। फिर उनके द्वारा महाविधालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. ए. आर. बंजारे और नगर के पत्रकार सुबोध शुक्ला से भी भेंटवार्ता की। इस दौरान ऐतिहासिक और आधुनिक दो प्रकार की विचार धारा सामने आयी, जिसमें आधुनिक विचारधारा एवं मानवशास्त्रियों द्वारा पुरी में बौद्ध स्तूप होने की बात कही जाती है। संभवतः पुरातत्व वेत्ता जी. डी. बेगलर की 1874 के बाद छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का द्वितीय अध्ययन होगा। जिसमें उसकी अस्मिता एवं विरासत शामिल है। जो कतिपय कारणों से शोध कर्ताओं के अध्ययन का विषय नहीं बन सका। उनके इस अध्ययन दल में डॉ. तृलोचन प्रधान बरगढ़, पत्रकार सुरेंद्र होता, संजय मेहर निर्देशक राज्य हैंडलूम और ललिता मोहन मेहर प्रोग्राम आफिसर शामिल रहे। इस अध्ययन में कई बातों में समानताएँ एवं विभिन्नताओं पर चिंतन एवं शोध का विषय है। जो समाजशास्त्र, इतिहास और मानव शास्त्र के लिए शोध का विषय है।

# अंजान शख्स को लिफ्ट देना पड़ गया महंगा

## पानी पीने के दौरान बाईक लेकर हो गया फुर्र

पायनियर संवाददाता ॅ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में अक्षय कुमार को अंजान शख्स को लिफ्ट देना उस वक्त महंगा पड़ गया जब मौका मिलते ही उस शख्स ने लिफ्ट देने वाले की बाईक लेकर फरार हो गया। इस मामले में पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरसीवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मधुबन खुर्द निवासी अक्षय कुमार टण्डन ने सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वर्तमान में वह भगवानपुर शिव मंदिर के सामने किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रहता है। 23 जुलाई को वह अपने एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एआर 3989 में सवार अपने होकर अपने एक व्यक्ति से मिलने रायगढ़ जेल गया हुआ था।

### अंजान शख्स को दिया लिफ्ट

अक्षय कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 02 बजे वापस भगवानपुर जाते समय जिला जेल के सामने ओव्हरब्रीज के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे लिफ्ट मांगा जिसे उसने अपने बाईक के पीछे सीट में बिठाकर कोतरा रोड होते हुए भगवानपुर जाने के लिये निकला।

### रास्ते में पानी पीना पड़ गया महंगा

कोतरा रोड़ थाना के पास अक्षय कुमार ने अपनी बाईक को रोककर पानी पीने रूका था इस दौरान उसने अपनी बाईक की चाबी को बाईक में छोड़ दिया था। पानी पाकर जब अक्षय आया तब उसने देखा कि मौके पर न तो उसकी बाईक थी और न ही वह व्यक्ति जिसे उसने लिफ्ट दिया था।

### पीड़ित ने थाने में लिखाई रिपोर्ट

काफफी खोजबीन करने के बावजूद बाईक के नही मिलने के बाद पीड़ित अक्षय कुमार ने अंजान शख्स के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में रिर्पोट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने धारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# दोस्तों के साथ नहाने गए मासूम बालक की तालाब में डुबने से हुई मौत



**रायगढ़।** जिले में मेहमान गए एक मासूम बच्चे की तालाब नहाने के दौरान में डूबने से मौत हो गई। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमानारा में अपने दोस्तों के साथ नहाने तालाब गए एक सात साल के मासूम संजीवन टोप्पों की गहरे पानी में चले जाने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक मासूम मिरिगुडा का रहने वाला था और 5-6 दिन पहले मेहमानी में अपने फूफा के घर आमानारा आया हुआ था। बताया यह भी जा रहा है कि सभी बच्चों में संजीवन सबसे बड़ा था।

# गायन के क्षेत्र में उभरते कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए रफी नाइट कार्यक्रम का आयोजन

## कार्यक्रम के आयोजक केके वर्मा ने कलेक्टर दीपक सोनी को दिया आमंत्रण

पायनियर संवाददाता ᐸ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



संगीत के बिना जीवन अधूरा है। कहते हैं संगीत हर मर्ज की दवा है अच्छे संगीत सुनने से मन को शांति मिलती है। इसी भावना को लेकर अंचल के कलाकारों एवं गायन के क्षेत्र में उभरते नव निहालों तथा युवाओं के गायन प्रतिभा को निखरने संवारने तथा प्रोत्साहित करने और सिंगिंग टैलेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत 13 वर्षों से रफी नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकारों के अलावा अंचल के छोटे बड़े कलाकारों को मंच प्रदान किया जाता है जिससे वह अपनी कला को संगीत के माध्यम से जन-जन तक पहुंचा सके। उक्त बातें रफी नाइट कार्यक्रम के आयोजक के के वर्मा ने कही। वर्मा ने प्रेस के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया की यह कार्यक्रम विगत 13 वर्षों से निरंतर नगर वासियों के सहयोग से संपन्न होते आ रहा है। इस कार्यक्रम में संगीत के अलावा महत्वपूर्ण बात यह है कि इसी मंच में अंचल के 10वीं एवं 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गौरव सम्मान, बुजुर्ग सियानो को धरोहर सम्मान, महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला स्व सहायता समूह के अलावा चौथे स्तंभ के रूप में अपनी पत्रकारिता के माध्यम से अपनी कलम की धार से लोगों को जागरूक एवं न्याय दिलाने एवम सच्चाई को सामने लाने वाले प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कुछ चुनिंदा पत्रकार साथियों का गौरव सम्मान कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा के हाथों सम्मान किया जावेगा। रफी नाइट कार्यक्रम के आयोजन 31 जुलाई 2024 को शाम 5:00 बजे से नगर भवन बलोदा बाजार में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा अध्यक्षता चितावर जायसवाल विशिष्ट अतिथि राकेश वर्मा विक्रम गिरी के अलावा बलौदा बाजार जिले के कलेक्टर दीपक सोनी पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल को भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम का शुभारंभ करने का निवेदन किया है जिसे कलेक्टर दीपक सोनी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए उपस्थित होने का सहमति प्रदान किया गया है। उक्त कार्यक्रम में वर्मा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की आनंद लेने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने संरक्षक गण रामाधार पटेल, देशबंधु नरेंद्र शर्मा रफ्तार मीडिया अध्यक्ष मोहन दास मानिकपुरी उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा सचिव सालिक यादव सहसचिव विनय गुप्ता मीडिया प्रभारी फनेश वर्मा सलाहकार श्याम शुक्ला ओम प्रकाश वर्मा के अलावा कार्यकारिणी के सदस्य अखिलेश पदमवार मुरारी साहू लियाकत अली विनोद तिवारी प्रमोद कुमार शुक्ला राजेश केडिया डॉक्टर दुलार पटेल कन्हैया यादव जीतेश श्रीवास्तव दिनेश वर्मा दीनू मानिकपुरी नंदकिशोर वर्मा जोरशोर से तैयारी में जुटे हुए हैं।

# रायपुर संबलपुर रेल लाईन में ब्रिज निर्माण हेतु मिट्टी परीक्षण का कार्य प्रारम्भ

पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com



रायपुर से संबलपुर तक रेल लाइन निर्माण किये जाने के पूर्व प्रस्ताव को जिसे रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा स्वीकृत कर सर्वे का आदेश दिया गया था के तहत अब यह कार्य चुनाव की वजह से थोड़ा रुक गया था अब पुनः प्रारम्भ हो गया है । सर्वे एजेंसी एस एम कंसल्टेंसी द्वारा ओडिसा के सोहेला के समीप ग्राम काँटापाली में रेल लाइन में आने वाले मार्गों पर पुल - पुलियो के निर्माण हेतु पत्थर व मिट्टी परीक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है । इस हेतु ड्रिलिंग मशीन लगाकार बोर किये जाने की शुरुवात कर दी गई है । इस तरह इस कार्य के प्रारम्भ हो जाने से पिछले लगभग 8 माह से चुनाव के कारण रुका कार्य पुनः प्रारम्भ हो जाने से रेललाइन निर्माण को लेकर शंका व आशंकाओं का बाजार झूठ साबित हुआ तो वहीं इसके निर्माण को लेकर उंगली उठाने वालों को भी जवाब मिल गया है । इस संबंध रायपुर बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति ,सरायपाली के संयोजक दिलीप गुप्ता ने जानकारी देते हुवे बताया कि रायपुर से संबलपुर रेल लाईन निर्माण हेतु समिति पिछले 4 वर्षों से संघर्षरत है । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को विगत 3/8/22 को दिल्ली रेलभवन जाकर ज्ञापन सौंपा गया थ । इसे गंभीरता से लेते हुवे 1 माह के अंदर ही सर्वे का आदेश जारी कर दिया गया था । जिसके तहत पूर्व में सेटेलाइट , भूमि व ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका था । ड्रोन सर्वे में इस मार्ग में बनने वाले पुल व पुलियो के लिए चिन्हांकित स्थलों पर ब्रिज बनाये जाने हेतु सर्वे एजेंसी एस एम कंसल्टेंसी द्वारा अब पुनः कार्य प्रारंभ करतेप हुवे ड्रिलिंग मशीनों के माध्यम से पत्थरो व मिट्टी के गुणवत्ता की जांच हेतु खुदाई का कार्य ग्राम काँटापाली से प्रारम्भ कर दिया गया है । इसकी जानकारी जब समिति के अभिजीत प्रतिहार व प्रीतम सिंह को मिली तो वे ग्राम काँटापाली पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली । मौके पर उपस्थित सर्वे एजेंसी के सुपरवाइजर व सिविल इंजीनियर आदेश मोहंती ने समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुवे बताया कि रेलमार्ग में पड़ने वाले पुल पुलियो की मजबूती व भार क्षमता के परीक्षण हेतु ड्रिलिंग मशीन से खुदाई किये जाने के निर्देश के तहत जहां जहां भी ब्रिज का निर्माण होना है वहां खुदाई कर पत्थर व मिट्टी की जांच की जायेगी ।

# कोदवा में सर्वसम्मति से बोल बम कार्यकारिणी समिति की हुआ गठन



पायनियर संवाददाता ᐸ भाटापारा
www.dailypioneer.com

कोदवा में बोल बम कार्यकारिणी समिति की हुआ गठन सर्व सहमति से हुआ पारित। अध्यक्ष दीनू निषाद, उपाध्यक्ष रामेश्वर वर्मा, सचिव बहोरन वर्मा, सहायक सचिव सुनील वर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन वर्मा, संयोजक मनोज निषाद, सहसंयोजक खिलावन निषाद, कार्यकरणी सदस्य पुरुषोत्तम यदु, सुबंदु वर्मा, सदाराम निषाद, भरत वर्मा, दयाराम वर्मा, पुष्पराज यदु, बसंत निषाद, तुलसी वर्मा, हेमलाल वर्मा तुलसी वर्मा, बसंत यदु, हरि किशन यदु, जोगेश वर्मा, पीतांबर निषाद, ललित वर्मा, मुरारी वर्मा, विश्वनाथ दूरी, ईश्वर वर्मा समेलाल वर्मा, सदस्यगण कार्तिक वर्मा, राजेंद्र वर्मा, अंशुमान वर्मा, रेशम वर्मा, धर्मेंद्र यादव, चेतन निशाद, धनीराम, दुर्गेश निषाद,शत्रुघ्न यदु, गणित यदु, राजकुमार वर्मा, यशवंत निषाद, गोवर्धन निषाद, श्रवण निषाद, रविंद्र कुमार, हीराराम यदु, खुमेंद्र निषाद, रामस्वरूप वर्मा, मिथिलेश निषाद, दिगेश्वर वर्मा, तुकेश्वर, चेतन साहू संतोष साहू, उमेश साहू, अंकित वर्मा, गीताराम यदू, हीरालाल, समीर यादव, शिव शंकर सहदेव टोपन लाल वर्मा, नीलकंठ, छबीनाथ ठाकुर, ईश्वर वर्मा, चंद्रराम, परमेश्वर निषाद, अरुण निषाद, नागेश्वर वर्मा, राधेश्याम वर्मा, मालिक राम वर्मा, घनश्याम निषाद, शिवसागर, टिकेश्वर वर्मा, चंदन निशाद, मलिक राम, लालू साहू, हरिश यदु, निलकुमार जयशवाल, गणेश जयशावल, सुदामा यादव, तुलेश वर्मा, महादेव वर्मा, रामखेलावन वर्मा, कोमल वर्मा, आनंद मानिकपुरी उपस्थित रहे।

# विभिन्न ग्राम में आने वाले दीगर प्रांत के लोगों का फिंगरप्रिंट लेने हेतु कोटवारों को दिया गया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ᐸ लवन
www.dailypioneer.com

किसी भी गांव में कोटवार शासन के प्रतिनिधि के रूप में उपलब्ध अधिकारियों में से एक महत्वपूर्ण कडी होते है। मैदानी घटनाक्रम, विभिन्न स्थितियों एवं परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त करने में ग्राम कोटवार महत्वपूर्ण होते है। इसके अलावा विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोटवारों के विभिन्न कर्तव्य निर्धारित किए गए हैं तथा कोटवारों की भूमिका विभिन्न विभागों में सूचनाओं के प्राथमिक स्त्रोत के रूप में रखी गई है जिसका विस्तार पूर्वक वर्णन पुलिस रेगुलेशन के पैरा में भी किया गया है। वर्तमान परिस्थितियों में सामाजिक परिवेश के बदलाव से कानून व्यवस्था के समक्ष नवीन चुनौतियां उपस्थित हुई है। उक्त चुनौतियों से निपटने के लिए क्षेत्र अंतर्गत प्रभावी आसूचना संकलन अनिवार्य है। पुलिस के सांथ थाना स्तर पर आसूचना संकलन के लिए ग्राम कोटवार भी उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। उक्त बातों को दृष्टिगत रखते हुए तथा आगामी खेती किसानी कार्य एवं पंचायत चुनाव के दृष्टिकोण से पूर्व में 21.07.2024 को जिले के समस्त थाना चौकी में कोटवारों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें 347 की संख्या में कोटवार शामिल हुए थे। उक्त बैठक में जो कोटवार किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाए थे, उन शेष बचे कोटवारों का 28.07.2024 को थाना एवं चौकी में बैठक आयोजित की गई। कई अवसरों पर या अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की वजह से किसी ग्राम में दीगर प्रांत से आए हुए लोगों, मुसाफिर अथवा घुमंतू प्रजाति के लोगों का समय रहते पुलिस द्वारा फिंगरप्रिंट लेना मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति में ग्राम में उपस्थित ग्राम कोटवारों द्वारा ऐसे लोगों का फिंगरप्रिंट लेने का कार्य बहुत ही सहजतापूर्वक एवं समय पर किया जा सकता है, इसके लिए आज बैठक में उपस्थित समस्त ग्राम कोटवारों को फिंगरप्रिंट लेने का भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक में कोटवारों से प्रत्यक्ष रूप से मिलकर उनकी कार्यप्रणाली से अवगत होकर तथा परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करने एवं कार्य के दौरान आने वाली परेशानियों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। संबंधित पुलिस थाना/चौकी से जिले के सभी कोटवारों को वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी जोड़ने के निर्देश दिये गए है।

# रामचंडी महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना रामचंडी महाविद्यालय इकाई क्रमांक 314 में कारगिल विजय दिवस मनाया गया इस अवसर में मुख्य अतिथि महाविद्यालय कार्यकारी अध्यक्ष सतीश चंद्र साहू रहे। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉक्टर एन.के.भोई एवं सतीश चंद्र साहू के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया एवं तत्पश्चात प्राचार्य विजय दिवस के संबंध में बताया गया एवं शहीदों को नमन करते हुए उनके बलिदान को राष्ट्र के लिए अभूतपूर्व योगदान बताया प्रचार्य ने कहा कि हमें शहीदों के बलिदान को याद करना चाहिए एवं हमे भी राष्ट्र का नागरिक होने के नाते अपने कर्तव्य का पालन राष्ट्रीय हित में करना चाहिए महाविद्यालय एनएसएस यूनिट द्वारा कारगिल विजय दिवस के इस अवसर में शहीदों को नमन करते हुए उनके स्मृति में महाविद्यालय परिसर में वृक्षा रोपण का कार्य किया गया जिसमें फ्लदार एवं छायादार पौधे रोपित किये गये जिसमें नींबू, जामुन,अमरूद, नीम, करंज, गुलमोहर प्रजाति के पौधे हैं उक्त कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी भरत कुमार प्रधान के नेतृत्व में किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्रध्यापक कर्मचारी व छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा ने बिलाड़ी में किया निःशुल्क स्वास्थ्य शीविर

पायनियर संवाददाता ᐸ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा ने ग्राम पंचायत बिलाड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य शीविर का आयोजन मोर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं दल की उपस्थिति में बिलाड़ी ग्राम पंचायत कार्यालय में किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में खून जाँच, इ सी जी, ब्लड प्रेसर, ब्लड शुगर के साथ निःशुल्क परामर्श भी दिया गया ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों स्थानीय लोगों ने शिविर में भाग लिया। कई रोगियों ने अपनी बीमारियों का उपचार करवाया। कई लोग स्वस्थ और हृष्ट-पुष्ट पाए गए। इस मौके पर संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा के एम डी विकास गोयल एवं भावेश खेतान ने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी हर तरह की जांच और इलाज करा सके और उन्हें फ्री में अच्छी सुविधा, मिल सके। लोगों का सेवा ही मेरा सबसे बड़ा धर्म है। हमारा मुख्य उद्देश्य है अच्छा इलाज के साथ साथ सभी तरह की सुविधा उपलब्ध कराना। संभव स्पंज एंड पावर लिमिटेड सरोरा की एम डी शीतल गोयल ने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास रहता है, कि समाज के वंचित और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों की सहायता हो सके। इसी प्रयास में इस शिविर का आयोजन किया गया।

### डाक्टरों ने बताया ज्यादा खाना या ज्यादा एक्सरसाइज से होता नुकसान

जांच शिविर में आए लाभार्थियों को मोर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक गोविन्द साहू ने बताया कि आजकल अधिकतर रोग जीवन शैली संबंधि या हमारे गलत खान पान और मानसिक तनाव के कारण हो जाते हैं। हम सभी अपनी दैनिक जीवन शैली में थोड़ा सा बदलाव करके अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी चीज का अधिक सेवन हमारे लिए हानिकारक है। चाहे वो पानी हो, खाना हो या एक्सरसाइज ही क्यों ना हो। इनके साथ-साथ सर्वाधिक प्रयोग में आने वाले गेंहू व चावल के साथ-साथ मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी और सोयाबीन इत्यादि को हमें अपने भोजन का हिस्सा जरुर बनाना चाहिए। ग्रामीणो ने कहा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़े ही सलीके से डॉक्टर ने बात की। इस तरह के स्वास्थ्य शिविर होते रहने चाहिए। इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को काफी सहायता मिलती है। स्वास्थ शिविर में ग्राम पंचायत बिलाड़ी के सरपंच प्रतिनिधी श्रवण यदु, उपसरपंच संतोष निषाद, सचिव अश्वनी यदु, ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरोरा संभव स्पंज पावर प्रा.लि. के एम.जी.के. मूर्ति, सुचिता जैन, धर्मेश वैश्य, सुतनु गोस्वामी, चिरंजित रॉय, राजकुमार निषाद ने सहयोग दिया।

# लोकप्रिय कार्यक्रम भाजपा जनो ने कुटेला में सुनी मन की बात



पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली विधानसभा के कुटेला बुथ में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना गया। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी पर प्रसारित किया जाने वाले एक बेहद ही लोकप्रिय कार्यक्रम है, मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारित होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से भारत वर्ष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय महत्व से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों और विचारों पर नागरिकों को सम्बोधित करतें हैं, मन की बात कार्यक्रम का प्रथम संस्करण 13 अक्तूबर से शुरू हुआ था इस कार्यक्रम में 2015 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा शामिल होकर देश के जनताओं के प्रश्नों का उत्तर दिए थे, मन की बात कार्यक्रम 23 भाषाओँ और 29 बोलियों में प्रसारित होता है, विधानसभा के सरायपाली मण्डल के बुथ कुटेला में भारतीय जनता पार्टी की महती कार्यक्रम मन की बात की 112 वीं संस्करण को सुना गया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजय शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्तर सिंह नायक, मण्डल महामंत्री प्रमोद सागर, मुरली नायक, झप्पी लाल मांझी, तोषनाथ यादव, दुर्गा यादव, गायत्री यादव, भूपेश भोई सहित बुथ कुटेला के ग्राम वासी व भाजपा जन उपस्थित थे।

# डी'डेकोर के कॉन्शस फैब्रिक ब्रांड संसार ने ब्रांड एंबेसडर रणवीर सिंह के साथ नया राष्ट्रीय टीवीसी लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com




होम डेकोर फैब्रिक्स में अग्रणी डी'डेकोर ने आज अपने नए ब्रांड संसार के राष्ट्रीय रिटेल लॉन्च की घोषणा की। 50 मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों के 350 स्टोर्स में उपलब्ध, संसार कॉन्शस लिविंग के प्रति समर्पित है और मन से तैयार किए गए होम डेकोर फैब्रिक्स की पेशकश करता है। लॉन्च से पहले, संसार ने एक नया टीवीसी लॉन्च किया, जिसमें ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड सुपरस्टार, पावरहाउस रणवीर सिंह 'लिव कॉन्शसली' टैगलाइन के साथ दिखाई दे रहे हैं। यह विज्ञापन संसार की माइंडफुल लिविंग के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मेल खाता है। यह उन घरों को दर्शाता है जहां हर चुनाव का पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रणवीर सिंह का संसार के साथ जुड़ाव ब्रांड के संदेश को स्पष्ट करता है कि स्टाइल को पर्यावरणीय जागरूकता के साथ सहजता से जोड़ा जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को अपने रहने के स्थान को जिम्मेदारी से सुधारने का अवसर मिलता है। लॉन्च के बारे में टिप्पणी करते हुए, संसार की बिजनेस हेड, संजना अरोड़ा ने कहा, संसार को अपने प्रीमियम, मिनिमलिस्टिक फैब्रिक्स पर गर्व है जो भारत में तैयार किए गए हैं। ये उत्पाद हमारे व्यापक एक्सक्लूसिव रिटेल आउटलेट्स नेटवर्क के माध्यम से प्रमुख मेट्रो, टियर 1, 2 और 3 शहरों में उपलब्ध होंगे। बॉलीवुड के पावरहाउस रणवीर सिंह की उपस्थिति के साथ इस विस्तार से हमारे ग्राहकों को गहराई से प्रभावित करने वाले उच्च गुणवत्ता वाले होम डेकोर सॉल्यूशंस प्रदान करने पर हमारा ध्यान केंद्रित है। हम आपको इस संग्रह को एक्सप्लोर करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जिसे मस्तिष्क और सौंदर्य दोनों को समृद्ध करने के लिए क्यूरेट किया गया है।

# सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी वॉच7, गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा और बड्स3 सीरीज को लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपनी नई गैलेक्सी बड्स3, गैलेक्सी बड्स3 प्रो, गैलेक्सी वॉच7 और गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा स्मार्टवॉच की प्री-बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। गैलेक्सी वॉच7 और गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा ने वियरेबल्स के जरिए और लोगों तक गैलेक्सी एआई की शक्ति को पहुंचाया है। ये प्रोडक्ट्स सभी को सेहत का संपूर्ण अनुभव देने के लिए डिजाइन किये गये हैं। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा - गैलेक्सी वॉच पोर्टफोलियो का सबसे नया और सबसे पावरफुल प्रोडक्ट है, जिसे जबरदस्त इंटेलिजेंस और क्षमताओं के साथ अगले स्तर के एडवांस्ड फिटनेस अनुभवों के लिए डिजाइन किया गया है। वॉच अल्ट्रा को नए कुशन डिज़ाइन के साथ तैयार किया गया है जिससे इसकी सुरक्षा बढ़ी है और यह दिखने में काफी सुंदर है। यह टाइटेनियम ग्रेड 4 फ्रेम और 10 एटीएम वाटर रेसिस्टेंस के साथ आता है, जो समुद्र में तैरने से लेकर बेहद चुनौतीपूर्ण पर्यावरणीय स्थिति में अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में साइकिल चलाने जैसे आधुनिक फिटनेस गतिविधियों में काम करने में सक्षम है। नए जोड़े गए क्विक बटन के साथ, आप तुरंत वर्कआउट शुरू करते हुए उसे नियंत्रित कर सकते हैं और अपनी जरूरतों के मुताबिक अन्य कार्यों की मैपिंग कर सकते हैं। इसके अलावा, आप सुरक्षा के लिए एक इमरजेंसी सायरन को एक्टिव कर सकते हैं। वर्कआउट के बाद, आप गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा के लिए विशेष रूप से तैयार वॉच फेसेज में सेहत से संबंधित आंकड़ों पर नजर डाल सकते हैं। 3,000 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ, गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा आपको तेज धूप में भी में रीडिंग की सुविधा देता है। लंबे एडवेंचर के दौरान मन की शांति के लिए, गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा में गैलेक्सी वॉच लाइन-अप के भीतर सबसे लंबी बैटरी लाइफ है, जो पावर सेविंग में 100 घंटे और एक्सरसाइज पावर सेविंग में 48 घंटे तक की पेशकश करती है।

# जिले में अब तक 336.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा** । चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 27 जुलाई 2024 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 336.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 456.2 मि.मी. तथा न्यूनतम 233.9 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 371.6 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 291.3 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 300.2 मि.मी., देवकर तहसील में 387 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 298.5 मि.मी., वर्षा भिंभोरी तहसील में 237.3 मि.मी. एवं साजा तहसील में 452 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर से आईल चोरी करने वाले को 5 वर्ष कैद

पायनियर संवाददाता ᐸ सरायपाली
www.dailypioneer.com

ग्राम टीपा देवलाखार में कृषि कार्य के लिए लगे ट्रांसफार्मर से आईल चोरी के फरवरी 2020 के एक मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शोभना कोष्टा के द्वारा एक आरोपी को 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक आर एल पटेल से मिली जानकारी अनुसार 12 फरवरी 2020 को सहायक अभियंता सरायपाली के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वितरण केन्द्र सरायपाली ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम टीपा देवराखार में कृषि कार्य करने के लिए 16 केव्हीए का एक ट्रांसफार्मर लगा है। 11 फरवरी 2020 को ठेका कर्मचारी गोवर्धन भोई ने मोबाईल फोन से उक्त टांसफार्मर के जमीन में गिरे होने और 10 फरवरी की रात्रि उसमें तोड़-फोड़ करके आईल की चोरी करने की जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 379, 427/34 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया था। गवाहों के बयान के आधार पर दो आरोपियों रामदुलार चौहान पिता भगउ चौहान निवासी ग्राम बिजराभांठा एवं रिषिकेश बेहरा पिता कार्तिकराम बेहरा के खिलाफ जाँच कार्यवाही के दौरान रिषिकेश बेहरा फरार मिला, जबकि रामदुलार के पास से 25 लीटर आईल, लोहे की आरी, दो नग स्टील का पाना एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल को जब्त किया गया। पुलिस द्वारा अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । न्यायालय में विचारण के पश्चात दोष सिद्ध पाये जाने पर न्यायाधीश कोष्टा के द्वारा आरोपी रामदुलार को धारा 379/34 के लिए 3 वर्ष के सश्रम कारावास, धारा 427 के लिए 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं धारा 4/34 लोक संपत्ति को नुकसानी निवारण अधिनियम के लिए 5 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। उक्त सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202211200100022/अ-20(1)/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सियाराम साहू पिता श्री प्रभुलाल साहू जाति तेली निवासी फॉरेस्ट कॉलोनी कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव द्वारा ग्राम-कोण्डागांव, तहसील-कोण्डागांव स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1064/19 रकबा 5.6481 हेक्टेयर में से क्षेत्रफल 980 वर्गफुट भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु स्थाई पट्टे पर प्रदाय किये जाने हेतु माननीय न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डगाांव के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कि माननीय न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि 07.08.2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**पेशी दिनांक - 07.08.2024**
**जारी दिनांक - 16.07.2024**

मुहर

**तहसीलदार**
**कोण्डागांव**

# शिवनाथ की रौद्रता में फिर समा रही है कृषि भूमि

## दर्री एनीकट के तिलस्म से उबर नही पा रहे किसान, किसानों के लिए सरदर्द बनी बारिश व मोगरा बैराज

पायनियर संवाददाता ∢ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर के आउटर में बहने वाली अंचल की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी में भयंकर बाढ़ से तटीय इलाके में जिन्दगी बेहाल हो गई है। दर्री एनीकट तिलस्म किसानों का पीछा नही छोड़ रहा है। दो वर्ष पुर्व भयंकर बाढ़ से क्षतिग्रस्त एनीकट का मरम्मत संधारण व रिटेनिंग वॉल का कार्य प्रशासनिक लेटलतीफी से लगभग डेड़ वर्षों में अपूर्ण है, जिससे किसान अपने जीविकोपार्जन की कृषि भूमि को शनैः शनैः खोते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2022 में दर्री मटिया एनीकट का नगर क्षेत्र यानी पश्चिमी हिस्सा ध्वस्त हो गया था। एनीकट के टो-वॉल सहित लगभग दोनों छोर में 100 मीटर तक रिटेनिग वॉल ध्वस्त हो गए थे। एनीकट ध्वस्त होने से जहाँ किसानों की लगभग 15 एकड़ से अधिक काश्तकारी की भूमि बाढ़ में समा गई थी, तो इस वाकये के बाद 7 वर्ष पुर्व ही निर्मित एनीकट कम कॉजवे में भयंकर भ्रस्टाचार सामने आया था। हालांकि इसमें जमकर राजनीति हुई। इसकी गूंज राजधानी तक पहुंच गई थी। इरिगेशन डिपार्टमेंट ने विभागीय स्तर पर आनन फानन में एक महिला कर्मचारी को बलि का बकरा बनाते हुए निलंबित कर दिया था। हालांकि किसानों को केंद्र बिंदु में रखकर तत्कालीन सत्तापक्ष नेताओं की अगुवाई में आवश्यक कदम उठाते हुए मरम्मत संधारण व रिटेनिंग वॉल के पुनर्निर्माण के लिए 2 किश्तों में करोड़ों की राशि स्वीकृत कराए गए। एक बार डीएमएफ से भी स्वीकृति हुई थी। हालांकि प्रक्रिया के नाम पर विभागीय खेल व निर्माण कार्यों के आरंभ में लेटलतीफी से राज्यशासन व डीएमएफ की सारी कवायदें डेड़ वर्ष से आधे अधूरे निर्माण के तौर पर देखी जा सकती है। इन वजहों से किसान एनीकट के तिलस्म से उबर नही पा रहे हैं, तो वहीं नदी अब दो हिस्सों में नजर आती है।

### मोंगरा से पानी छोड़े जाने से कटाव

किसानों ने पॉयनियर टीम को बताया कि पिछ्ले एक सप्ताह से लगातार तेज बारिश तथा मोंगरा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद शिवनाथ नदी इन दिनों उफान पर है। तेज बहाव से दर्री एनीकट के समीप फिर से कुछ किसानों की जमीन तट कटाव के कारण बह गई है। नदी में कटाव की जानकारी के बाद भी विभाग का कोई अधिकारी कर्मचारी अथवा कोई भी स्थानीय जनप्रतिनिधि झांकने तक नहीं पहुंचे हैं।

### इन कृषकों की भूमि का कटाव

अंचल में लगातार बारिश और मोगरा डेम से बेतरतीब पानी खोलने से मटिया वार्ड के किसानों की जमीन एक बार फिर कटाव की जद में आ गई है। किसानों की लगभग 2 एकड़ जमीन के कटाव का अंदाज लगाया जा रहा है। नदी किनारे स्थित किसान ऐश कुमार, महेश साहू, साधु पटेल, कमलेश पटेल, पलटू, पटेल महेन्द्र साहू, तोरण पटेल, यशवंत साहू, कुंजू पटेल व हरिशंकर सहित दर्जनभर किसानों की कृषि भूमि शामिल हैं।

### छुटभैये नेताओं ने साध ली चुप्पी

किसानों की माने तो गत वर्ष दिनभर नदी की ओर आनाजाना करने वाले कुछ मौकापरस्त नेतागण इन दिनों जवाबदेही की डर से इस बार किसानों से दूर हैं। दरअसल एनीकट ध्वस्त होने के बाद से ही कुछ छुटभैये नेता किसानों को लगातार बरगलाते रहे हैं। ऐसे छुटभैये नेतागण किसानों को वाजिब मुआवजा तक नही दिला सके थे। पक्ष विपक्ष की राजनीति व मौकापरस्ती से किसान जूझ रहे हैं। हालांकि 2 वर्षों से किसानों के आड़ में राजनैतिक रोटी सेंकने वाले कतिपय नेतागण फिलहाल चुप्पी साधे बैठ गए हैं।

# भगवान चंद्र मौलेश्वर बाबा महाकाल की द्वितीय पालकी यात्रा आज

■ बसंतपुर क्लब चौक से शुरु होगी यात्रा

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



संस्कारधानी में बाबा महाकाल उज्जैन की तर्ज पर प्रत्येक सोमवार को महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार 29 जुलाई को भी महाकाल पालकी यात्रा बसंतपुर से निकल नगर भ्रमण करेगी।

महाकाल मंदिर समिति के पवन डागा ने बताया कि द्वितीय सोमवार 29 जुलाई को महाकाल मंदिर समिति एवं महाकाल भक्त सेना द्वारा पालकी यात्रा निकल जाएगी जोकि बसंतपुर क्लब चौक से प्रारंभ होगी। पालकी यात्रा दोपहर 02 बजे प्रारंभ हो महामाया चौक, प्रभात नगर होते हुए हेमू कलाणी नगर, लालबाग सिंधी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में विश्राम लेगी।

महाकाल भक्त डागा ने बताया कि संस्कारधानी नगरी में पालकी यात्रा को लेकर बहुत उत्साह है। पालकी यात्रा में डीजे नहीं होगा। नगर की सांस्कृतिक परंपरा को ध्यान रखते हुए छत्तीसगढ़ लोक कलाकारों द्वारा झांझ, मंजीरा, ढोल आदि का प्रदर्शन किया जाएगा। पालकी यात्रा में भगवान शिव की एक भव्य झांकी भी होगी, साथ ही शिव तांडव नृत्य करने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि पालकी को कोई भी आमजन शिव भक्त उठा सकते हैं उन्हें केवल पारंपरिक वेशभूषा में होना अनिवार्य है। विगत सोमवार को निकल गई पालकी यात्रा राजनांदगांव एवम् शनिवार को डोंगरगढ़ पालकी सवारी में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, महिलाएं, पुरुष व युवा बड़ी संख्या में शामिल हो धर्म लाभ प्राप्त किए। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# ईसरानी ने जमीनें हड़पने रैकेट बनाया, अख्तर ने साथियों के साथ ग्रामीणों को फंसाया

## आदिवासियों की जमीनों का गैरकानूनी तरीके से पॉवर ऑफ अटार्नी बनवाया

■ गोपालपुर इलाके के दर्जनभर से ज्यादा किसान पीड़ित

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




पायनियर लगातार

पुलिस चौकी चिचोला क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर के आसपास के लगभग दर्जनभर ग्रामीणों को सूदखोरी के जाल में फांस कर उनकी जमीनों के कागजात बंधक बनाने वाले, आदिवासियों की जमीन की धोखे से पॉवर ऑफ अटॉर्नी लिखाने वाले सूदखोर और उसके एजेंटों पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित ग्रामीणों ने इस मामले पर जिला प्रशासन, पुलिस तक गुहार लगा चुके हैं।

जानकारी है कि, इस मामले में आरोपी लालूटोला निवासी अख्तर खान फरार है। पुलिस ने उसके घर पर नोटिस चस्पा कर रखा है। अख्तर ही सूदखोरी और आदिवासियों सहित दूसरे किसानों की जमीन हड़पने के मामले का महत्वपूर्ण किरदार है। पुलिस की नज़र राजनांदगांव के व्यापारी भोजराज ईसरानी पर भी है। वे ही सूदखोरी के लिए ग्रामीणों को अनाप-शनाप ब्याज पर रकम बांटता रहा और जमीनों के कागजात बंधक बनाकर रखता रहा। दोनों ने मिलकर छुरिया के गोपालपुर इलाके के ग्रामीणों को फंसाया और उन्हें धोखे में रखकर कागजात तक अपने नाम करवा लिए। पिनकापार के भादूराम, जैतगुड़ा की माला बाई, मोरकुटुंब के जुगल किशोर सहदेव, गोपालपुर के पेमूराम सहित अन्य पीड़ित किसानों ने बीते दिनों ही जिला मुख्यालय आकर इस पूरे मामले का खुलासा किया था। ग्रामीणों ने बताया था कि हालात यह हैं कि 21 जून 2024 को गोपालपुर में महापंचायत बुलाई गई जिसमें इस सूदखोर और उसके एजेंटों द्वारा ठगे गए कई ग्रामीणों ने अपनी तकलीफें बताई। इसके बाद ही इस पूरे गिरोह की शिकायत जिला प्रशासन और पुलिस से की गई।

**पुलिस को अख्तर की तलाश, सूदखोर पर भी नज़र :** जानकारी है कि, सूदखोरी, जमीन हड़पने और ग्रामीणों को डराने धमकाने के मामले में पुलिस अख्तर खान को तलाश रही है। दूसरी ओर इसी प्रकरण में मुख्य किरदार भोजराज ईसरानी की भूमिका को लेकर भी पुलिस की जांच जारी है। ग्रामीणों से बयान लिए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में पुलिस प्रकरण में बड़ा एक्शन ले सकती है। दर्जनभर से ज्यादा ऐसे मामले सामने आने के चलते पुलिस के लिए भी ये प्रकरण काफी गंभीर हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी प्रकरण में एक्शन के निर्देश दिए हुए हैं।

**ईसरानी और अख्तर ने तैयार किया रैकेट :** गौरतलब है कि राजनांदगांव के भोजराज ईसवानी द्वारा एजेंटों के माध्यम से ग्रामीणों को 10 फीसद ब्याज पर रकम उधार देने का कारोबार वर्षो से किया जा रहा है। सूदखोर द्वारा उधार लेने वाले लोगों से उनकी जमीनों की पॉवर ऑफ अटॉर्नी लिखवा ली गई और उनके जमीनों के कागजात भी बंधक बना लिए गए। इस काम के लिए ईसरानी ने एक रैकेट तैयार किया। जिसमें अख्तर खान की भूमिका महत्वपूर्ण है। लालूटोला निवासी अख्तर और उसके सहयोगी मासुलजोब निवासी हिरमदास मानिकपुरी और चेतन मानिकपुरी लंबे समय से भोजराज के एजेंट बनकर काम करते रहे। ये लोग जरुरतमंद ग्रामीणों को रकम दिलाने का प्रलोभन देकर कर्ज दिलाते रहे और इस एवज में सूदखोर से इन्हें कमीशन मिलता रहा। यही नहीं ये कर्जदार से भी अपना कमीशन ले लेते थे।

### गिरोह ने 35 एकड़ जमीन हड़प ली

सूदखोर भोजराज द्वारा अपने एजेंटों के साथ मिलकर हड़पी गई जमीन को लेकर ग्रामीणों का दावा है कि तकरीबन 35 एकड़ जमीन भोजराज ने हड़प ली है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि, आरोपी उनपर ली हुई रकम से दोगुना-तीगुना लौटाने का दबाव बना रहे हैं। बताया जा रहा है कि, सूदखोर राजनांदगांव के व्यवसायी भोजराज से एजेंटों ने ग्रामीणों के ही नाम पर बड़ी-बड़ी रकम उधार ली लेकिन लोगों को उन्होंने कम पैसे ही दिए। इनमें शामिल कई आदिवासी परिवारों ने बताया कि कम रकम देने के बाद उनसे अब कहीं ज्यादा रकम लौटाने का दबाव बनाया जा रहा है।

# केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया से मिले डॉ. रमन नांदगांव के लिए 35 करोड़ की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



संस्कारधानी राजनांदगांव को खेल नगरी और हॉकी की नर्सरी के नाम से भी जाना जाता है। पूर्व में राजनांदगांव से हॉकी के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना भी बटोरी है और राजनांदगांव लगातार खिलाड़ियों के लिए एक नर्सरी के तौर पर स्थापित रहा है। वर्ष 2017-18 में प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राजनांदगांव में दिग्विजय स्टेडियम का निर्माण किया गया था, जहां पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हॉकी और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होती रही है। समय के साथ इस स्टेडियम में खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखकर कुछ आवश्यकताएं भी महसूस होने लगी है, जिस पर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने गत संध्या अपने निवास ÷स्पीकर हाउस÷ में केंद्रीय खेल और युवा मामले के मंत्री श्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की।

राजनांदगाँव में खिलाड़ियों के लिये बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए केंद्रीय खेल मंत्रालय और श्री मनसुख मांडवीया जी का आभार। वि.स. अध्यक्ष डॉ रमन सिंह गत संध्या विधानसभा अध्यक्ष निवास में हुई केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह के बीच चर्चा हुई। जिसमें राजनांदगांव स्थित दिग्विजय स्टेडियम में लगभग 19 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत के मल्टीपरपज हॉल की आवश्यकता और लगभग 6 करोड़ 34 लाख की लागत के सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक निर्माण पर चर्चा हुई।

इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत एस्ट्रोटर्फ रिप्लेसमेंट, सिविल कार्य और विद्युतीकरण के लिए लगभग 8 करोड़ 79 लाख रुपए के कार्यों का प्राक्कलन रखा है। इन तीनों ही विषयों पर राजनांदगांव विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से गंभीर चर्चा की और मांडविया ने दिग्विजय स्टेडियम और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के उन्नयन कार्य के तीनों ही विषय पर स्वीकृति प्रदान की है।

# अपने लाभ के लिए परिसीमन करा रही सरकार, इसलिए कोर्ट गया : कुलबीर

■ जनता के हितों का हनन किया जा रहा

पायनियर संवाददाता ∢ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



निगम पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा निकाय में वार्डो के परिसीमन पर हाईकोर्ट से स्टे लेकर आ गए हैं। उन्होंने इस संबंध में कहा कि, परिसीमन न्यायसंगत नहीं प्रतीत हो रही है। सत्ता सरकार अपने लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य परिसीमन कराया जा रहा है, जो जनहित की दृष्टि में उचित नहीं है।

छाबड़ा ने बताया कि नगरीय निकाय के निर्वाचन प्रक्रिया में परिसीमन का आदेश शासन द्वारा निकाले जाने से जनता के हितों का हनन हो रहा था, जिस पर मेरे द्वारा आपत्ति दर्ज कर उच्च न्यायालय के शरण में जाना पड़ा। 2011 में हुई जनगणना के अनुसार जनसंख्या राजनांदगांव शहर की 1,63,114 है। 2014 के नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन हुआ, फिर 2019 के नगरीय निकाय चुनाव में परिसीमन हुआ। 2021 में जनगणना होनी थी, जो कि नहीं हुई है।

उन्होंने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते कहा कि 2024 वर्तमान में फिर से परिसीमन प्रक्रिया की जा रही है, जब वार्ड 51 है और इन्हीं 51 वार्डों में 1,63,114 की जनसंख्या के आंकड़े को घुमाकर वार्ड के क्षेत्रों को बार-बार बदला जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। जब 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है, इसलिए वार्ड के विस्तार सुधार के लिए जारी निर्देश के बावजूद जनसंख्या का कोई नया आंकड़ा नहीं है।

इस कारण वार्ड का पुर्नगठन किया जाता है तो आरक्षण भी प्रभावित होगा और शहर के प्रत्येक नागरिकों को वार्ड क्रमांक और क्षेत्र बदलने के कारण वार्ड नं. एवं अपने निवास की जानकारी के लिए फिर से आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट और संबंधित सभी उपयोग में होने वाले दस्तावेजों में सुधारने के लिए फिर से जनता को नया आधार कार्ड, राशन कार्ड बनवाना पड़ेगा। जिससे शारीरिक, आर्थिक और मानसिक परेशानी होगी।ये सब स्थितियां जनहित के दृष्टि में उचित नहीं थी और नियमानुसार भी नहीं है।

## जिम्मेदार इंजीनियर व निर्माण एजेंसी पर मेहरबान शासन-प्रशासन, कोई कार्यवाही नहीं

# हाइवे की बंदी से छीन गया नौनिहालों से स्कूल, आवागमन को लेकर त्रासदी पूर्ण जनजीवन

पायनियर संवाददाता ∢ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

पिछ्ले एक हफ्ते से महाराष्ट्र को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे 930 में आवागमन ठप है। मानपुर से कोहका तक तथा मानपुर से कहगांव तक आवाजाही हाइवे में पूर्णतः बंद है। प्रशासन ने डायवर्सन सड़क व पुल गिरने के बाद सुरक्षा के लिहाज से उक्त दायरे को बंद करवा कर हाइवे में आवागमन बंद तो करवा दिया पर आज एक सप्ताह बाद भी बह गए पुल सड़क वाले स्थान पर जरूरी निर्माण कराकर आवागमन बहाल नहीं की जा सकी है।

कुल मिलाकर निर्माण एजेंसी व हाइवे प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा क्षेत्रवासी भुगत रहे हैं। हालांकि लगातार हो रही बारिश जरूरी निर्माण न हो पाने का कारण जरूर बनी हुई है। लेकिन आज तक निर्माण ठेकेदार व हाइवे इंजीनियर जो इस बिगड़े हालात के जिम्मेदार हैं उनपर कोई कार्यवाही तक नहीं की जा सकी है ये समझ से परे है।

इस अहम मार्ग से आवागमन करने वाले स्कूली बच्चे स्कूल पहुंचने को लेकर, किसान खाद बीज के लिए मानपुर पहुंचने को लेकर, वहीं रोजाना आवागमन करने वाले कई शासकीय कर्मी व शिक्षक-शिक्षिकाएं दफ्तर व स्कूल पहुंचने को लेकर तथा आमजन जरूरत में मानपुर पहुंचने को लेकर खासे परेशान हैं। जो ज्यादा जरूरत मंद हैं वो अन्य डायवर्टेड मार्ग से लंबी दूरी तय कर मानपुर व अन्य गंतव्यों तक आवागमम करना पड़ रहा है।



### कोहका इलाके के कई स्कूली बच्चे नहीं पहुंच पा रहे स्कूल

पता चला है कि कोहका समेत आसपास के गांव कंदाड़ी, कोरकोट्टी व अन्य गांवों से रोजाना मानपुर के स्कूलों में आकर पढ़ने वाले बच्चे सड़क-पुल बहने के बाद से यानी करीब एक हफ्ते से स्कूल नहीं आ पा रहे हैं। आदिवासी बाहुल्य इलाके के नौनिहाल हाइवे प्रबंधन व निर्माण एजेंसी की गलतियों का खामियाजा भुगत रहे हैं। नौनिहालों की शिक्षा पर निर्माण एजेंसी की लापरवाही से उपजे हालात ने ब्रेक लगा दिया है। जिससे पालकों, ग्रामीणों के बीच हाइवे प्रबंधन, इंजीनियर व निर्माण एजेंसी के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है।

**अब कोंडाल नाले में भी बह गया डायवर्सन, कई निमार्णाधीन पुल भी खतरे में -** बीते 20 जुलाई को जबकसा स्थित कोतरी नदी में तथा कोरकोट्टी नदी में डायवर्सन रोड पुल बहने के हफ्ते भर बाद भी अब तक उक्त मार्ग को बनाया नहीं जा सका है। वहीं अब कोरकोटी से कुछ दूर स्थित कोंडाल नदी में निमार्णाधीन पुल किनारे बना डायर्वसन सड़क-पुल भी बह गया। कोहका कंदाड़ी क्षेत्र के लोग हाइवे से होकर खेड़ेगांव मार्ग से जैसे तैसे आवागमन कर रहे थे। कोंडाल नदी में भी सड़क पुल बह जाने से इस रूट पर भी अब कोहका व महाराष्ट्र की ओर से आवागमन नही कर पाएंगे। कुल मिलाकर हाइवे में आवागमन अब और अधिक जटिल हो गया है।

**इंजीनियर व निर्माण एजेंसी पर कोई कार्यवाही नहीं, जनता में आक्रोश -** हाइवे निर्माण में नियंत्रण व गुणवत्ता पूर्ण निर्माण के लिए नेशनल हाइवे का इंजीनियर यहां नियुक्त है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही व गुणवत्ता विहीन निर्माण का ही नतीजा कहें कि हफ्ते भर में तीन डायवर्सन सड़क -पुल बह गए। जिससे हाइवे में आवागमन ठप पड़ जाने के चलते हालात त्रासदी पूर्ण हो गए हैं। निर्माण एजेंसी जिसकी लेट लतीफी व गुणवत्ता विहीन निर्माण ने ऐसे हालात निर्मित किए है तथा हाइवे इंजीनियर ने बेहतर कार्य संपादन व गुणवत्ता को नजरंदाज कर दिया ये भी स्पष्ट हो रहा है। फिर भी निर्माण एजेंसी व इंजीनियर पर कार्यवाही न होना समझ से परे है। शासन प्रशासन ठेकेदार व इंजीनियर पर मेहरबान बने हुए हैं जिससे आम जनता के बीच आक्रोश का आलम है।

**विधानसभा में नहीं उठा मामला, विधायक मौन, चंद मिनट के चक्का जाम में इतिश्री-** सड़क-पुल बहने व हाइवे जाम हो जाने के बाद विधानसभा का मानसून सत्र आया और आकर चला भी गया। इलाके के लोग विपक्ष में बैठे क्षेत्रीय विधायक से उम्मीद लगाए बैठी रही कि नेशनल हाइवे बंद हो जाने व इससे इलाके के लोगों के त्रासदी पूर्ण हालात के मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाकर इलाके की प्रभावित जनता की आवाज बनेंगे। लेकिन विधायक ने न तो हाइवे बंद होने के बाद से कार्यवाही की मांग की न इलाके में पहुंचकर उन्होंने हालात को जाना न ही प्रभावित गांवों में वे पहुंचे। न ही इस पर कोई बयान उनका सामने आया। विधायक के इलाके की जनता के प्रति गैरजिम्मेदार रवैए की हद तो तब हो गई जब इस जनहित के मुद्दे को उन्होंने विधानसभा में उठाना भी जरूरी नहीं समझा। वहीं एक दिन चंद मिनट दिखावे का चक्का जाम और नारेबाजी कर कांग्रेसियों ने भी अपनी जिम्मेदारी की इतिश्री कर ली। ऐसे में विपक्ष व विधायक की भूमिका पर सवाल उठना लाज़मी है।

**कई गांवों से संपर्क टूटा, स्कूलें पानी की चपेट में, अवकाश घोषित करने की जरूरत -** हफ्ते भर से अधिक समय बीत चुका है लगातार जिले में मुशलाधार बारिश हो रही है। नदी नाले उफान पर हैं। हाइवे की बंदी ने कई बच्चो को स्कूल से दूर कर रखा है। कई स्कूल ऐसे हैं जो चारों ओर से जलभराव के चपेट में है। कई स्कूलों में पानी टपक रहा है। बच्चों को बारिश व किचड़ों से होकर खतरा मोल लेकर स्कूल पहुंचना पड रहा है। ऐसे में अब जरूरत इस बात की महसूस हो रही है कि जिले में स्कूलों का निश्चित अवधि के लिए अवकाश घोषित हो। ताकि स्कूली बच्चों की सुरक्षा निर्धारित हो सके। नदी नालों के उफान पर होने से कई गांव टापू में तब्दील हैं। मानपुर ब्लॉक मुख्यालय, जिला मुख्यालय सहित आसपास के गांवों से भी विभिन्न गांवों का सड़क संपर्क टूटा हुआ है।

# स्कूलों के मरम्मत के नाम पर सरकारी राशि में की गई जमकर धांधली, आरईएस विभाग और ठेकेदारों ने मिलकर दिया अंजाम

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

तात्कालीन सरकार की मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में आरईएस विभाग अधिकारी और ठेकेदार द्वारा किए। भ्रष्टाचार की परत दर परत अब खुलने लगी है। कलेक्टर के आदेशानुसार जांच रिपोर्ट आने पर तो इस भ्रष्टाचार पर शासकीय मुहर लगाने की जल्द संभावना बन रही है, क्योंकि जिन-जिन ब्लॉक में आरईएस विभाग अधिकारियो ने पूर्णतः प्रमाण पत्र दिया है उनमें कई मरम्मत अपूर्ण होने के अलावा खराब स्तिथि में दिखाई पड़ रहा है। जिला के अलग अलग विभागीय अधिकारियों से पायनियर की चर्चा से पता चला की पांच विकासखंड में 1210 स्कूल की मरम्मत एवम् भवन की स्वीकृति रही जिनमे कई स्कूल भवन के साथ अप्राराम स्कूल मरम्मत को निरस्त किया गया और स्वीकृत में फिंगेश्वर देवभोग मैनपुर गरियाबंद मे अब तक 503 स्कूल मरम्मत को पूर्ण बताकर शिक्षा विभाग को थमाया है लेकिन इनमें से कई ऐसे स्कूलो में मरम्मत हुआ ही नहीं है और जहां नाम हुआ है वहा सिर्फ और सिर्फ नाम मात्र की मरम्मत को अंजाम दिया है जिसकी तस्वीर अधिकांश स्कूल में देखने को मिलता है बकायदा इसे शिक्षा विभाग के कई अधिकारी भी दबी जुबान में स्वीकारते है की कई जगह मरम्मत के नाम पर भ्रष्टाचार की लांघा गया है तभी अलग अलग अधिकारियों से जांच कराया जा रहा है ताकि ठेकेदार और अधिकारियों ने आम लोगो की मेहनत की कमाई को किस तरह बंदरबांट किया है और सबसे अधिक मैनपुर ब्लॉक यह बंदरबांट को अंजाम दिया गया है क्योंकि नक्सली और जंगली इलाका होनें का जोरदार फायदा उठाया गया है खासकर अमलीपदर और मुख्यालय के आजू बाजू यह शिकायत खूब चल रही है फिर भी विभागीय अधिकारियों ने कोई मामला को गंभीरता से नहीं लिया शायद इसी का नतीजा है कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा।






## ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाने कलेक्टर के समक्ष झूठी रिपोर्ट परोसने का आरोप

जिस तरह आधा अधूरा गुणवत्ताहीन स्कूल मरम्मत को पूरा बताकर कलेक्टर के समक्ष झूठी रिपोर्ट परोसने का आरोप लगाया जा रहा है ताकि ठेकेदार को पूरा राशि दिलाया जा सके जिसे लेकर विभाग ने भी खूब सुर्खियां बटोरा जिसे कलेक्टर ने भी काफी ज्यादा नाराजगी जाहिर करते स्कूल मरम्मत में सुधार लाने के लिए सख्त लहजे में कहा रहा लेकिन अफसोस की बात है कि कलेक्टर की नाराजगी भी आरईएस विभाग के काम काज मे सुधार नही ला पाई, तभी चंद महीनों कराए मरमम्मत की हालात खराब हो रही है जिसका खमियाजा आने वाले दिनों में गांव गांव छोटे छोटे बच्चो फिर से जर्जर भवन में पढ़ाई कर भुगतना पड़ेगा इसे लेकर शिक्षा विभाग भी काफी चिंतित है क्योंकि स्कूल में हुआ मरम्मत अधिक दिनों टिकने वाला बिल्कुल भी नही है।

## मामला रफा-दफा पुरजोर कोशिश

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत जिस तरह स्कूल मरम्मत कार्य में सरकारी राशि का दुरपयोग किया है। उससे शिक्षा विभाग जनप्रतिनिधि के साथ शाला विकास समिति ने भी अपनी अपनी नजर बनाए हुए इस बीच जांच और कार्यवाही की ओर बढ़ती स्पीड को देख मामला रफा-दफा करने की पूरजोर कोशिश करने की बात भी सामने आती हैं, इसलिए शिक्षा और पंचायत विभाग के प्रमुख सचिव को लिखित शिकायत करते उनके निगरानी में जांच की मांग करने की तैयारी भी हो रही है।

### विभाग प्रमुख पर यह सवाल

- सिर्फ़ इंजीनियर के मूल्यांकन और एसडीओ के कागजी सत्यापन को पुरी तरह सत्य मानकर किस ठेकेदार को राशि जारी किया
- लगातार शिकवा शिकायत के बाद भी देवभोग मैनपुर ब्लॉक में मॉनिटरिंग की कमी क्या जानबूझकर किया गया
- स्वीकृति अनुसार संतोषजनक मरम्मत की प्रगति नही देने पर भी खामोशी नतीजा कई मरम्मत काम अपूर्ण

| ब्लॉक नाम | - | स्वीकृत मरम्मत | - | पूर्ण बताया स्कूल |
|---|---|---|---|---|
| देवभोग | - | 215 स्कूल | - | 125 |
| मैनपुर | - | 287 स्कूल | - | 70 क़रीब |
| फिंगेश्वर | - | 259 स्कूल | - | 123 |
| गरियाबंद | - | 206 स्कूल | - | 185 |
| छुरा | - | 243 स्कूल | - | |

# विज्ञान संकाय के छात्र छात्रों के लिए इको क्लब का किया गया गठन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन को ध्यान में रखते हुए विज्ञान संकाय के छात्र छात्रों के लिए इको क्लब का गठन किया गया। प्राचार्य ए.डी.अंचल ने इको क्लब के सदस्यों को शपथ दिलाई। इको क्लब प्रभारी अमीन सोनवानी ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में पृथ्वी का तापमान लगातार प्रतिवर्ष 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़ती जा रही है, जिसके कारण हमें विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं भौतिक व मानवीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है स इन परिस्थितियों से बचने के लिए हमें वृक्षारोपण, जल का सदुपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की बहुआयामी कार्यक्रम ष्एक पेड़ मां के नाम के तहत क्लब के सदस्यों उमाकांत मिरी, लालाराम घृतलहरे, मोहन उपाध्याय, हेमचंद बारम ते, ज्योति सिंह एवं छात्र-छात्राओं द्वारा 50 पौधों का रोपण किया गया और एक पेड़ हजारों पुत्र के बराबर का संदेश दिया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा पौधों के सुरक्षा हेतु शपथ ग्रहण करते हुए एक-एक पौधे गोद लिया गया।

## ग्राम पंचायत नवागांव (टे.) के रोजगार सहायक को पद से पृथक किया गया



**मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव (टे.) के रोजगार सहायक को पद से पृथक किया गया है। बता दें कि रोजगार सहायक के विरुद्ध मनरेगा कार्य में फर्जी हाजिरी भरने, अनियमितता एवं लापरवाही बरतने की शिकायत थी। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। इसके पहले भी रोजगार सहायक को मनरेगा के कार्यों में मनमानी किए जाने, फर्जी हाजिरी भरने और कार्य में उपस्थित नहीं रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। साथ ही जांच में अनियमितता की शिकायत सही पाए जाने पर वसूली की कार्यवाही भी की गई थी। भविष्य में उपरोक्त कृत्य की पुनरावृत्ति पाए जाने पर पद से पृथक करने की कार्यवाही हेतु चेतावनी पत्र जारी किया गया था।

# जिला स्तरीय तृतीय सोपान एवं निपूण जांच शिविर का हुआ शुभारंभ





पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ धमतरी के तत्वाधान में टीआर जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त के आदेशानुसार आरएन मिश्रा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं पदेन सहायक जिला आयुक्त के निर्देशन, स्थानीय संघ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन एवं डीके साहू जिला सचिव के नेतृत्व में जिला स्तरीय पांच दिवसीय आवासीय तृतीय सोपान निपूण परीक्षण शिविर का आयोजन 26 से 30 जुलाई तक पुराना केंद्रीय विद्यालय भवन कुरूद में किया जा रहा है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर राजकुमारी दीवान मुख्य अतिथि, निरंजन सिन्हा अध्यक्षता, ज्योति भानु चंद्राकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, मनीष साहू अध्यक्ष स्थानीय संघ, राजेश पांडेय उपाध्यक्ष, रविंद्र नाथ मिश्रा बीईओ, सीके साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, द्वारिका प्रसाद देवांगन प्राचार्य कन्या शाला कुरूद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर का शुभारंभ फ्लैग होस्टिंग के साथ किया गया। शिविर में योगेश्वर साहू शिविर संचालक, हनुमान सिंह वर्मा, भारत लाल साहू, जीवनलाल साहू, अमित कंवर, हेमंत साहू, डोलेश्वरी साहू, ललिता पटेल, उर्मिला ध्रुव एवं शशि बंसोर सहायक संचालक के रूप में सहभागिता प्रदान कर रहे हैं। शिविर स्थल में स्काउट्स 66, गाइड 94, रोलर 18, रेंजर 19, प्रभारी 8, संचालक मंडल 12, सर्विस रोवर 10 कुल 227 स्काउट्स-गाइड्स, रोवर रेंजर्स भाग ले रहे हैं। राजकुमारी दीवान ने कहा की स्काउटिंग सेवा का एक सशक्त माध्यम है एक ओर जहां समाज में विभिन्न प्रकार की कुरूतियां जन्म ले रही हैं तो दूसरी ओर स्काउटिंग का यह संगठन जीवन जीने की कला सिखाते हुए बच्चों के अंदर सुनागरिक बनाने के गुण विकसित कर रही है।

## शहरवासी अपने क्षेत्र के विधायक को देखने को तरस गए हैं, लापता है धमतरी विधायक : नीलेश लुनिया

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



शहर में सियासी हलचल बदलते रहती है परंतु इस वक्त धमतरी की मीडिया एवं सोशल मीडिया पर धमतरी विधायक के निष्क्रिय रहने और उनके दल द्वारा विधायक की सक्रियता के नाम पर जंग छिडी हुई है। यह बात वहाँ से शुरू हुई जब भाजपा शहर अध्यक्ष विजय साहू ने कांग्रेसी विधायक ओंकार साहू पर जनता के बीच से गायब रहने का आरोप लगाया। उसके बाद से कांग्रेसी अपने विधायक के बचाव में बयान जारी कर उनकी सक्रियता की बात कर रहे हैं। इधर भाजपा शहर मंडल महामंत्री नीलेश लुनिया ने प्रेस नोट जारी कर कहा धमतरी की जनता लापता विधायक को ढूंढ रही। शहरवासी अपने विधायक को देखने के लिए तरस गए हैं। आखिर आठ महीनों से उन्होंने शहर की ओर रुख क्यों नहीं किया। आखिर शहरवासियों से उन्होंने मुह क्यों फेर लिया है। पूरी धमतरी विधानसभा की जनता के जनप्रतिनिधि हैं विधायक जीएउन्हें अपने कर्त्तव्यों का आत्मबोध करना चाहिए और जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है उसके अनुरूप जनता की सेवा उन्हें करना चाहिए, परंतु वे सिर्फ पेपरबाजी और सोशल मीडिया में सक्रिय नजर आते हैं। धरातल में तो उन्हें लोग दूरबीन पकड कर ढूंढ रहे हैं।

# सफर महत्वपूर्ण है, बाद में सफलता का मूल मंत्र दे गई मन की बात : विजय मोटवानी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के दूसरे मन की बात कार्यक्रम में आम जनमानस को वृक्षारोपण के महा अभियान में जोड़ते हुए एक पेड़ लगाकर अपनी जन्म देने वाली मां तथा धरती मां के प्रति आधार एवं श्रद्धा का भाव प्रकट करने का आह्वान किया जिसे सुनने के पश्चात बूथ क्रमांक 144 में आमापारा वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी अमित अग्रवाल नीतू त्रिवेदी ने सभी से आगरा पूर्वक कहा कि एक पेड़ मां के नाम लगाकर राष्ट्र के प्रति अपने नैतिक कर्तव्य का पालन करें। इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा उन युवाओं को जिन्होंने गणित के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट योगदान से अपनी एक पहचान बनाई है उनसे जोड़ते हुए जो सूत्र वाक्य दिए की सफर महत्वपूर्ण है सफलता नहीं यदि आप सफल करोगे तभी सफलता आपके कदम चूमेगी इस उक्ति को वर्तमान समस्या जो समाज के सामने है उसका समग्र समाधान बताया इसके साथ ही 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को तिरंगा से अपने को जोड़कर मनाने की बात को देशभक्ति का महत्वपूर्ण अलग जगाने वाला कारक कहा गया है स्वदेशी के प्रति नवजागरण के तैयार होने का संकल्प 7 अगस्त को स्वदेशी दिवस हम सबको दिलाएगा जिसके लिए भी एक जनप्रतिनिधि के रूप में शहर तथा क्षेत्र में जागृति पैदा करने का संकल्प मोटवानी के साथ अनेक लोगों ने दोहराया है उक्त कार्यक्रम को श्रवण करने के अवसर पर मुख्य रूप से विजय मोटवानी दिलीप पटेल, अमित अग्रवाल, विशाल त्रिवेदी नीतू त्रिवेदी, शारदा यादव, दुलारी यादव, अन्नपूर्णा यादव, लक्ष्मी यादव, तामेश्वरी पटेल, धनेश्वरी यादव, लक्ष्मी यादव उपस्थित रहे।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर 100 पौधों के रोपण के साथ हरियर मुंगेली अभियान का तीसरा चरण सम्पन्न



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी द्वारा मुंगेली शहर एवं आसपास में बढ़ते तापमान, घटते जलस्तर और धरती में सिमटती हरियाली को देखते हुवे विगत आठ वर्षों से चलाये जा रहे अभियान हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली के इस वर्ष के तीसरे चरण के अंतर्गत विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर आगर प्राण वायु परिसर मुंगेली में पीपल, बरगद, नीम, जामुन, करंज, शीशम आदि के 100 पौधों का रोपण किया गया। बता दे कि संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये गए प्रयासों का परिणाम अब मुंगेली नगर सहित आसपास के गांवों में हरियाली के रूप में दिखने लगा है। इस अवसर पर संस्था के सदस्य गोखलेश सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से बदलते मौसम और ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव मौसम चक्रण में देखने को मिल रहा है यह चिंतनीय है, समय रहते इस दिशा में सबको प्रयास करना होगा। मुंगेली जिले को हराभरा करने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमारी संस्था दृढ़संकल्पित है व अपने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लगातार प्रयासरत है।

## जनसहयोग से विक्षिप्त युवती को मिला सहारा

# रुद्री व्यवसायीगण, सरपंच, जनपद सदस्य के सार्थक प्रयास से विक्षिप्त हेतु मनोरोग चिकित्सालय भेजने किया सार्थक पहल

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



रुद्री चौक में पिछले 2 महीने से एक विक्षिप्त युवती बदहवास होकर घूमती रहती थी नाम पता पूछने पर नहीं बताती थी। विक्षिप्त युवती रुद्री चौक में बहुत चीखना चिल्लाना, गाली गलौज करना, सार्वजनिक जगह में गंदगी करना आम बात हो गई थी, चौक के व्यवसायीगण इनकी हरकतों से बहुत ज्यादा परेशान थे। इस संबंध में रुद्री व्यवसायीगणों द्वारा पुलिस थाना रुद्री में शिकायत पत्र भी दिया गया था। ग्राम सरपंच अनीता यादव एवम् जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू ने सार्थक प्रयास करते हुए विक्षिप्त महिला के ईलाज करवाने हेतु मनोरोग चिकित्सालय भेजने का पहल किया। विक्षिप्त महिला के ईलाज, उनके खाने-पीने एवं कपड़े खरीदने का खर्च की व्यवस्था हेतु रुद्री चौक के सभी व्यवसायीगणों, जनमानस एवम् जनप्रतिनिधियों द्वारा, आर्थिक सहयोग दीया गया। पुलिस थाना रुद्री से बिलासपुर स्थित ग्राम शेन्द्री के मनोरोग चिकित्सालय में जल्द से जल्द भेजने का सहयोग मांगा गया रुद्री थाना प्रभारी अमित बघेल द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर गठित टीम में सीनियर पुलिस ऑफिसर अवस्थी के साथ 2 महिला आरक्षकों ने अगले दिन सुबह-सुबह विक्षिप्त युवती को रुद्री चौक से उठाकर जिला अस्पताल धमतरी कें मनोरोग चिकित्सक से परीक्षण करवाकर माननीय न्यायालय से अनुमति बाद उचित इलाज हेतु मनोरोग अस्पताल सेन्द्री जिला बिलासपुर ले जाया गया। जहा पर विक्षिप्त युवती का इलाज चल रहा है, सभी व्यवसायीगणों द्वारा सार्थक पहल और सार्थक प्रयास के लिए रुद्री सरपंच एवं जनपद सदस्य के साथ साथ पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

# केंद्र सरकार द्वारा 2024 की जो कृषि बजट पेश किया है वह किसानों के लिए कोई उत्साह जनक बजट नहीं है यह बजट घिसी पीटी पुरानी बजट जैसी है : घनाराम साहू

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



इसमें कोई नया नहीं है किसानों को बड़ी घोषणाओं एवं दीर्घकालिक योजनाओं की उम्मीद थी लेकिन यह बजट किसानो की उम्मीद पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है सभी फसलों पर स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश मूल्य एवं समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा देने की मांग किसानों द्वारा लगातार की जा रही थी लेकिन इस बजट में किसानों को निराशा हाथ लगी। साथ ही सम्मान निधि की राशि में सरकार ने कोई बढ़ोतरी नहीं की यानी पहले की तरह किसानों को साल मे 6000 रुपए ही मिलेंगे जब की खेती की लागत को देखते हुए किसान बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे थे किसानों के बीमा की राशि हड़प कर निजी बीमा कंपनी को मालामाल कर रही है जबकि देश प्रदेश में प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं एवं कृषि नकली खाद एवं नकली रासायनिक दवाई के कालाबाजारी को रोकने में सरकार द्वारा कोई ठोस कदम उठाने इस बजट में नाकाम है प्राकृतिक खेती सिर्फ दिखावा खोखले हैं इसके लिए कोई पर्याप्त बजट नहीं है 1.52 लाख करोड़ का बजट का प्रावधान है जो कृषि के लिए अपर्याप्त है पिछले 5 सालों में जितना बजट कृषि मंत्रालय को दिया गया है उसमें से कृषि मंत्रालय ने एक लाख करोड़ बजट वापस लौटा दिया जिसे साबित होता है की वर्तमान सरकार खेती किसानी की मुद्दों पर गंभीर नहीं है। खाद्य तेलों व दालों में आत्मनिर्भर के लिए सरकार के पास कोई ठोस कदम नहीं है जब किसानों का दलहन तिलहन बाजार में आता है उस समय उन्हें ना तो सही दाम मिलता है ना ही सरकार द्वारा पर्याप्त खरीदी होती है सरकार यदि किसानों को समर्थन मूल्य पर कानूनी दर्जा दे तो किसानों को प्रोत्साहन मिलता और किसान दलहन तिलहन में आत्मनिर्भर बनते।सरकार के नीचे किसान लूट रहे हैं व्यापारी चंद चांदी काट रहे हैं। देश को आजाद हुए 77 साल हो गए हैं लेकिन किसानो की समस्याएं सुनने में सरकार असफल है। किसान आंदोलन के दौरान भाजपा नेताओं व प्रवक्ताओं के द्वारा जिस तरह विशेषणों से नवाजा गया गाली दी गई आंदोलन को कुचलना का प्रयास किया गया इससे देश भर के किसानों में एक कड़वाहट तथा नाराजगी बैठ गई है। जिसमें किसानों की बहु प्रतीक्षित मांगों को पूरा करते हुए किसानों के लिए एक सकारात्मक बजट लाकर किसानों की नाराजगी को दूर किया जा सकता था।

# केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सरगुजा दौरे पर आंगनबाड़ी केंद्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में हुई शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सरगुजा जिले के प्रवास पर रहीं। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी उनके साथ कार्यक्रमों में शामिल हुईं। केंद्रीय राज्य मंत्री ठाकुर ने आंगनबाड़ी केंद्रों और सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। ठाकुर ने अम्बिकापुर के पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात श्रवण कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने सबसे पहले सखी वन स्टॉप सेंटर दर्रीपारा का निरीक्षण कर महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से घर-परिवार से बिछड़े महिलाओं को उनके परिवार से मिलाने के लिए जरूरी पहल करने को कहा। संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अब तक 315 परिवारों को जरूरी परामर्श देकर टूटने से बचाया गया है।

**माताओं से अपील, नियमित रूप से बच्चों को भेजें आंगनबाड़ी** - इसके बाद ठाकुर ने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया तथा सुपोषण चौपाल लगाकर महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं को पोषण के प्रति सजग रहने सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र इंदिरा नगर, नवापारा और बंगालीपारा का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्रों में गोदभराई कार्यक्रम में शामिल होकर गर्भवती महिलाओं का तिलक लगाकर विधिवत नारियल,चना, गुड़, फल, सब्जी, श्रृंगार सामग्री भेंटकर शुभकामनाएं देते हुए गोदभराई रस्म अदा की। उन्होंने बड़े दुलार के साथ बच्चों को खीर खिलाकर अन्न-प्राशन्न किया। नवापारा आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में आजीविका गतिविधियों का संचालन करने वाले स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी केंद्रीय राज्य मंत्री से मुलाकात की और समूह की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की। इसी कड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करते हुए पेड़ो की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेने कहा। छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े भी एक ''पेड़ मां के नाम'' वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। आंगनबाड़ी केंद्र बंगालीपारा में उन्होंने उपस्थित महिलाओं को शासन की योजनाओं की जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज 4 नवगठित नगर पालिकाओं में 'मोर संगवारी' योजना का करेंगे विस्तार

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव 29 जुलाई को राज्य की चार नवगठित नगर पालिकाओं मंदिर हसौद, बांकी मोंगरा, लोरमी और पंडरिया में मोर संगवारी योजना का विस्तार करेंगे। वे इस दिन लोरमी के मानस मंच में आयोजित कार्यक्रम में चारों नई नगर पालिकाओं में योजना का शुभारंभ करेंगे। शहरी नागरिकों की सुविधाएं बढ़ाने कार्यक्रम में मोर संगवारी अपांइटमेंट मोबाइल एप भी लॉन्च किया जाएगा। मोर संगवारी सेवा के अंतर्गत नागरिकों के लिए चैट बोट की सुविधा वाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही तत्काल अपांइटमेंट लिए जाने और मुहैया कराई जा रही सेवाओं के लिए आवश्यक दस्तावेज संबंधी सभी जानकारियां भी प्रदान की जाएगी। शासकीय कार्यालयों से नागरिक सेवाएं घरों तक पहुंचाने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में चरणबद्ध रूप से मोर संगवारी योजना का विस्तार किया जा रहा है।















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403